kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-228 ❑ शनिवार, 20 सितम्बर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



सभी विभागों की बिंदुवार समीक्षा की गई है। उन्होंने कहा किजौनपुर को विकास और कानून-व्यवस्था के मामले में प्रदेश में नंबर एक बनाना हमारा लक्ष्य है। सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।
ब्रजेश पाठक

जीएसटी दरों में सुधार का लाभ किसानों को बताएगा कृषि मंत्रालय 11

बिहार के मुख्यमंत्री ने एसडीआरएफ वाहिनी मुख्यालय भवन का किया 12

## युवाओं के लिए नई राह : स्टार्टअप और स्वरोजगार

# पं. दीन दयाल उपाध्याय के मंत्र में असंभव को संभव बनाने की शक्ति : योगी

एजेंसी

मथुरा। अन्त्योदय के प्रणेता और एकात्म मानव दर्शन के प्रखर वक्ता पं. दीनदयाल उपाध्याय की स्मृति में आयोजित चार दिवसीय स्मृति महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पंडित जी का सपना आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित जी ने 1950 के दशक में भारत के राजनीतिक नेतृत्व को जो दृष्टि दी थी, वही आज ल्लवोकल फॉर लोकलल्ल और ल्लस्वदेशील्ल के रूप में मूर्तरूप ले चुकी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में असंभव को संभव बनाया गया है, चाहे कश्मीर से धारा 370 हटाना हो, अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण हो या 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराना हो। सीएम ने कहा कि जो कभी असंभव लगता था, वही आज देश की ताकत बन चुका है। यही पंडित जी के मंत्र का प्रभाव है कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचेगा।

मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का समय युवाओं का है। यूपी के पास सबसे बड़ी युवा ऊर्जा है और यही भारत को आगे ले जाएगी। उन्होंने बताया कि ल्लसीएम युवा स्कीमल्ल के तहत सरकार 5 लाख रुपए तक का ब्याजमुक्त, गारंटी मुक्त लोन उपलब्ध करा रही है।



- ❑ मथुरा में पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव का किया भव्य उद्घाटन
- ❑ धारा 370 हटाना और राममंदिर निर्माण पंडित जी के विजन का परिणाम
- ❑ आत्मनिर्भर भारत का आधार है स्वदेशी मॉडल : योगी आदित्यनाथ
- ❑ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपने को पीएम मोदी ने किया साकार

जनवरी से अब तक 70 हजार युवाओं ने इसका लाभ उठाया है और लक्ष्य 1 लाख युवाओं तक पहुंचने का है। उन्होंने कहा कि आज भारत का युवा जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर बन रहा है। स्टार्टअप केवल आईटी सेक्टर में ही नहीं बल्कि ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) और गो आधारित खेती जैसे क्षेत्रों में भी स्टार्टअप उभर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में किसी विभाग में आउटसोर्स कर्मी हो, उसे मिनिमम मानदेय 16 से 20 हजार रुपए मानदेय हर हाल में मिलेगा। इसकी गारंटी सरकार देने जा रही है। कांग्रेस-सपा पर सीधा हमलासीएम योगी ने कांग्रेस और सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि पिछली सरकारों में भारत को ताकतवर बनाने की दिशा में 'असंभव' शब्द जुड़ा था। यूपी की स्थिति इतनी बिगड़ गई थी कि आजादी के समय ● शेष पेज 11 पर

### मुख्यमंत्री योगी ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों की समीक्षा की

गौतमबुद्ध नगर । यूपी इंटरनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज दोपहर 1.45 बजे ग्रेटर नोएडा पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की है। इस बार यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का रूस कंट्री पार्टनर है। ट्रेड शो का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से होना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलिकॉप्टर से गौतमबुद्ध नगर में एक्सपो मार्ट में बने हेली पैड पर उतरे यहां हेलीपैड पर कई मंत्रियों औरअधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी की इस बैठक में उत्तर प्रदेश के कई मंत्री और सभी विभागों के प्रमुख सचिव, जिले और मंडल के प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न विकास प्राधिकरण तथा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस बैठक में यूपी इंटरनल ट्रेड ● शेष पेज 11 पर

# सैम पित्रोदा के बयान पर भाजपा ने कहा कांग्रेस की नीति और नीयत देशविरोधी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के बयान ने एक बार फिर से सियासी विवाद खड़ा कर दिया है। पित्रोदा ने इस बार केंद्र सरकार को पड़ोसी देशों के साथ बातचीत को प्राथमिकता देने की नसीहत दी। इस दौरान उन्होंने कह दिया कि वह पाकिस्तान गए हैं और उन्हें वहां घर जैसा लगता है। सैम के इस बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस की नीति और नीयत देशप्रेम नहीं, बल्कि आतंकी पाकिस्तान प्रेम है। भाजपा मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि राहुल गांधी के खास



❑ कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व ये कह रहा है और सैम पित्रोदा से कहलवा रहा है कि आतंकी मुल्क पाकिस्तान हमारे लिए घर जैसा है।

आदमी सैम पित्रोदा कहते हैं कि उन्हें पाकिस्तान में घर जैसा लगा। कोई हैरानी नहीं कि 26/11 के बाद भी तत्कालीन कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की। सैम पाकिस्तान का पसंदीदा, कांग्रेस का चहेता है। भंडारी ने कहा कि हम सब और देश के 140 करोड़ देशवासी जानते हैं कि पहलगाम आतंकी हमला पाकिस्तान ने कराया था। इस हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेना ने आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने पूछा कि क्या कोई देशभक्त व्यक्ति ये कह सकता है कि आतंकी मुल्क पाकिस्तान उसके लिए घर जैसा है, लेकिन कांग्रेस चुप है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व ये कह रहा है और ● शेष पेज 11 पर

## भारतीय सेना ने पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में किया फील्ड फायरिंग अभ्यास

एजेंसी

जैसलमेर । जिले की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना के बैटल एक्स डिवीजन ने एनुअल फील्ड फायरिंग अभ्यास के दौरान अपनी दमदार सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सेना के जांबाजों ने इंफेंट्री हथियारों से फोकस, फोर्टिट्यूड और फायर पावर का शानदार परिचय दिया। अभ्यास के दौरान भारतीय सेना ने नई पीढ़ी के हथियारों और आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए सर्वोच्च कॉम्बैट इफ़ेक्टिवनेस दिखाई। इस युद्धाभ्यास से सेना ने अपनी शानदार तैयारी को दर्शाया। सेना ने अपने आधुनिक हथियारों के साथ फील्ड फायरिंग रेंज में अभ्यास किया। इस दौरान सेना के जांबाजों ने असॉल्ट राइफल, इन्फैंट्री राइफल, लाइट मशीन गन, हैवी मशीन गन, स्नाइपर राइफल, उच्च-सटीकता राइफल, अंडर-बाररेल, ग्रेनेड लांचर, मोर्टार (लघु/मध्यवर्ती), एंटी-टैंक, रॉकेट प्रणालियां, पर्सनल डिफेंस वैपन्स (पिस्टल/साइड आर्म), नाइट-विजन और थर्मल साइटिंग उपकरण, ड्रोन, निगरानी उपकरण और कम्युनिकेशन और नेविगेशन उपकरण (रेडियो, जीपीएस, कमांड यूनिट) का सफल प्रदर्शन कर अपनी ताकत दिखाई। पोकरण की रणभूमि भारतीय हथियारों की गर्जना से गूंज उठी। फील्ड फायरिंग अभ्यास ताकत, जोश और अनुशासन ● शेष पेज 11 पर

### मोदी को ग्रीस के प्रधानमंत्री ने दी जन्मदिन की बधाई, द्विपक्षीय सहयोग पर हुई चर्चा

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके जन्मदिन पर ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यिरियाकोस मित्सोताकिस ने शुक्रवार को टेलीफोन कर शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके लिए उनका आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, शिपिंग, रक्षा, सुरक्षा, संपर्क और जन-से-जन संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति का स्वागत किया और भारत-ग्रीस रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मित्सोताकिस ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के शीघ्र निष्कर्ष के लिए ग्रीस का समर्थन जताया और वर्ष 2026 में भारत में आयोजित होने वाले एआई इम्पैक्ट समिट की ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शनिवार को जाएंगी बिहार, श्री विष्णुपद मंदिर में करेंगी पूजा

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शनिवार को बिहार के गया दौरे पर जाएंगी। अपने दौरे के दौरान वे प्रसिद्ध श्री विष्णुपद मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी। राष्ट्रपति भवन की ओर से शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल (20 सितंबर) बिहार के गया दौरे पर जाएंगी। अपने दौरे के दौरान वे प्रसिद्ध श्री विष्णुपद मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी। उल्लेखनीय है कि श्री विष्णुपद मंदिर गया का प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल है। माना जाता है कि यहां भगवान विष्णु के चरणचिह्न अंकित हैं। यह मंदिर फल्गु नदी के तट पर स्थित है और पितृपक्ष में पिंडदान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं का प्रमुख आस्था केंद्र माना जाता है। मंदिर की वास्तुकला और धार्मिक महत्ता इसे न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के लिए विशेष बनाती है।

### वैश्विक डाक संघ की प्रशासन परिषद और डाक संचालन परिषद के लिए फिर चुना गया भारत

नई दिल्ली। संयुक्त अरब अमीरात के शहर दुबई में आयोजित 28वीं यूपीयू कांग्रेस के दौरान भारत को यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यूपीयू) की प्रशासन परिषद (सीए) और डाक संचालन परिषद (पीओसी) के लिए पुनः निर्वाचित किया गया है। यूपीयू, संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी, डाक क्षेत्र के हितधारकों के बीच सहयोग का प्रमुख मंच है। सीए नीति, नियामक और शासन संबंधी मामलों के लिए ज़िम्मेदार है, जबकि पीओसी तकनीकी और परिचालन निकाय है जो दुनिया भर में डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण को गति प्रदान करता है। भारत का पुनः निर्वाचित होना भारतीय डाक के नेतृत्व, सुधारों और नवीन डिजिटल पहलों में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के विश्वास को दर्शाता है।

### भारत-सऊदी अरब की रणनीतिक साझेदारी काफी मजबूत: जायसवाल

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत और सऊदी अरब की रणनीतिक साझेदारी काफी मजबूत है और हमें उम्मीद है कि आपसी हितों और संवेदनशीलताओं का ध्यान रखा जाएगा।

# गायक ज़ुबिन गर्ग का सिंगापुर में निधन

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। असम के लोकप्रिय गायक और अभिनेता ज़ुबिन गर्ग का सिंगापुर में एक स्कूबा डाइविंग दुर्घटना में निधन हो गया। 52 वर्षीय ज़ुबिन गर्ग के अचानक चले जाने से संगीत जगत और उनके प्रशंसकों में शोक की लहर है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ल्ललोकप्रिय गायक ज़ुबिन गर्ग के अचानक निधन से स्तब्ध हूं। वह संगीत जगत में अपने समृद्ध योगदान के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। उनकी प्रस्तुतियां हर वर्ग के लोगों में बेहद लोकप्रिय थीं। उनके परिजनों और प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि देश ने एक जादुई आवाज़ और बहुमुखी प्रतिभा वाले कलाकार को खो दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने ज़ुबिन गर्ग को असम की आवाज़



❑ प्रधानमंत्री समेत तमाम नेताओं ने जताया शोक

बताते हुए कहा कि उनके गीत और योगदान सदैव हर भारतीय के दिल में गूंजते रहेंगे। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इसे असम और पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया और कहा कि ज़ुबिन गर्ग एक पीढ़ी की धड़कन थे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि वह सिंगापुर में भारतीय उच्चायुक्त से लगातार संपर्क में हैं और ज़ुबिन गर्ग के पार्थिव शरीर जल्द से जल्द ● शेष पेज 11 पर

### बॉम्बे हाई कोर्ट में फिर बम रखे जाने की मिली धमकी से सनसनी

मुंबई। मुंबई उच्च न्यायालय में शुक्रवार को सुबह फिर से बम रखे जाने की धमकी मिलने से परिसर में सनसनी फैल गई। हालांकि धमकी की सूचना मिलते ही मुंबई पुलिस बम निरोधक दस्ते सहित मुंबई उच्च न्यायालय परिसर में पहुंची और चप्पे-चप्पे की तलाशी ली। लेकिन कहीं भी कुछ भी संदिग्ध नही मिला। इससे पुलिस दल ने राहत की सांस ली। इस धमकी के बाद मुंबई उच्च न्यायालय परिसर में पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस सूत्रों ने पत्रकारों को बताया कि आज सुबह मुंबई उच्च न्यायालय के ईमेल पर बम रखे जाने की धमकी भरा मैसेज भेजा गया था। इसकी जानकारी न्यायालय प्रशासन ने तत्काल पुलिस को दिया। इसके बाद अदालत परिसर को खाली करवा दिया गया। अदालत परिसर की गहन छानबीन के बाद कहीं भी संदिग्ध नहीं मिला, जिसके बाद न्यायालय का नियमित कामकाज शुरु हो गया है। इस धमकी की शिकायत पुलिस ने अज्ञात शख्स के विरुद्ध दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है। उल्लेखनीय है मुंबई उच्च न्यायालय में इससे पहले 12 सितंबर को इसी तरह की धमकी मिली थी, जिसके ● शेष पेज 11 पर

# डूसू चुनाव में अभाविप ने चार में से तीन पदों पर किया कब्जा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव के परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिए गए। इसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने चार में से तीन पदों पर जीत दर्ज की, जबकि राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) ने उपाध्यक्ष पद अपने नाम किया।हालांकि एनएसयूआई ने इन चुनावों में अभाविप पर चुनाव आयोग के साथ मिलकर धांधली का आरोप लगाया था, जिसे अभाविप ने बेबुनियाद बताया था। नतीजों के अनुसार अध्यक्ष पद पर अभाविप के आर्यन मान ने 28,841 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, जबकि जोशलीन नंदिता चौधरी को 12,645 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के राहुल झांसला ने 29,339 मत पाकर जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी गोविंद तंवर को 20,547 मत मिले। सचिव पद पर अभाविप के कुणाल चौधरी को 23,779 मत मिले, जबकि कबीर 16,117 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। संयुक्त सचिव पद पर अभाविप की



❑ उपाध्यक्ष का पद एनएसयूआई के नाम

दीपिका झा ने 21,825 मत हासिल किए, वहीं लवकुश भड़ाना को 17,380 मत प्राप्त हुए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष आर्यन मान ने कहा कि मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। पिछले 5 सालों का मेरा सपना पूरा हुआ। आज मैं दिल्ली विश्वविद्यालय के हर छात्र का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिनकी बदौलत मैं 16,000 वोटों के अंतर से जीता। हमने एनएसयूआई को फिर करारा जवाब दिया और उनके खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। कैंपस में छात्राओं के लिए कई डार्क स्पॉट हैं, हम वहां लाइटें लगवाएंगे। डूसू के नवनिर्वाचित सचिव कुणाल चौधरी ने कहा ने मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। मैं दिल्ली विश्वविद्यालय के हर छात्र को वोट देने और मुझे समर्थन देने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं उन्हें विश्वास दिलाना चाहता हूं कि जब भी उन्हें मेरी जरूरत होगी, मैं उनके साथ खड़ा रहूंगा। डूसू के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष और एनएसयूआई नेता राहुल झांसला ने कहा कि ● शेष पेज 11 पर

### चुनाव आयोग ने 474 गैरमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का पंजीकरण समाप्त किया


नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने गैर-मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों पर कार्रवाई करते हुए 474 का पंजीकरण समाप्त कर दिया है। इसके साथ ही पिछले दो महीनों में आयोग 808 ऐसे दलों पर कार्रवाई कर चुका है। आयोग ने 9 अगस्त को 334 दलों की मान्यता खत्म की थी। राजनीतिक दल जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत पंजीकृत होते हैं। इससे पार्टी और उससे जुड़े लोगों को कुछ विशेषाधिकार और लाभ मिलते हैं। हालांकि लगातार छह सालों तक चुनाव नहीं लड़ने की स्थिति में इन पार्टियों का पंजीकरण समाप्त किया जा

## रक्षा मंत्री ने 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में शामिल हुए अधिकारियों और सैनिकों से बातचीत की

# भारत अपने पड़ोसियों के साथ रिश्तों के मामले में भाग्यशाली नहीं रहा : राजनाथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के 60 वर्ष पूरे होने पर साउथ ब्लॉक में उस युद्ध में शामिल हुए अधिकारियों और सैनिकों के साथ शुक्रवार को बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारत अपने पड़ोसियों के साथ रिश्तों के मामले में कभी भी भाग्यशाली नहीं रहा है, लेकिन हमने इसे नियति नहीं माना है। किसी भी राष्ट्र का वास्तविक भाग्य खेतों, कारखानों, प्रयोगशालाओं में और रणभूमि में बहाए गए पसीने से बनता है। भारत अपना भाग्य किसी और के भरोसे नहीं छोड़ता, भारत अपना भाग्य खुद गढ़ता है। इसका एक उदाहरण हमें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक बार फिर देखने को मिला।



उन्होंने कहा कि 1965 का युद्ध कोई छोटा-मोटा संघर्ष नहीं था, बल्कि वह भारत की ताकत की परीक्षा थी। उस दौर की परिस्थितियों को देखते हुए पाकिस्तान ने सोचा था कि घुसपैठ या गुरिल्ला हमलों से वह भारत को डरा देगा, लेकिन भारत की मिट्टी में पला हर जवान इस भावना के

- ❑ 1965 का युद्ध कोई छोटा-मोटा संघर्ष नहीं था, बल्कि वह भारत की ताकत की परीक्षा थी।
- ❑ भारत अपने पड़ोसियों के साथ संबंधों के मामले में भाग्यशाली नहीं रहा है, लेकिन हमने अपनी नियति स्वयं तय की है, जिसका ताजा उदाहरण ऑपरेशन सिंदूर है।

साथ पला-बढ़ा होता है कि चाहे कुछ भी हो जाए, लेकिन इस देश की संप्रभुता और अखंडता पर आंच नहीं आने देगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि कोई भी युद्ध केवल लड़ाई के मैदान में नहीं लड़ा जाता, बल्कि युद्ध में मिली जीत पूरे राष्ट्र के सामूहिक संकल्प का परिणाम होती है। उन्होंने कहा कि भारत अपने पड़ोसियों के साथ संबंधों के मामले में भाग्यशाली नहीं रहा है, लेकिन हमने अपनी नियति स्वयं तय की है, जिसका ताजा उदाहरण ऑपरेशन सिंदूर है। रक्षा मंत्री ने 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दिग्गजों के साथ बातचीत में कहा कि हम पहलगाम की भयावह घटनाओं को भूले नहीं हैं। इस घटना को याद करते ही हमारा दिल भारी हो जाता है और मन क्रोध से भर जाता है। पहलगाम की घटना ने हम सभी को झकझोर दिया, लेकिन हमारे मनोबल को नहीं तोड़ पाई। हमने ऑपरेशन सिंदूर में दुश्मनों को दिखा दिया कि हमारा प्रतिरोध कितना मजबूत और शक्तिशाली है। हमारी पूरी टीम के करिश्मे ने साबित कर दिया कि जीत अब कोई अपवाद नहीं है। जीत एक आदत बन गई है और हमें इस आदत को हमेशा बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि ● शेष पेज 11 पर

# प्रधानमंत्री आज गुजरात को देंगे 34,200 करोड़ के विकास परियोजनाओं की सौगात

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 सितंबर को गुजरात का दौरा करेंगे। इस दौरान वे भावनगर में आयोजित होने वाले 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम में शामिल होंगे और लगभग 34,200 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री भावनगर में लगभग 7,870 करोड़ रुपये की समुद्री क्षेत्र से जुड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इनमें मुंबई अंतरराष्ट्रीय क्रूज़ टर्मिनल, कोलकाता स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट पर नए कंटेनर टर्मिनल, पारादीप पोर्ट पर नए कंटेनर बर्थ व कार्गो सुविधाएं, कांडला स्थित दींडयाल पोर्ट पर मल्टी-पर्पज कार्गो बर्थ और ग्रीन बायो-मेथनॉल प्लांट, एन्नोर और चेन्नई पोर्ट पर तटीय सुरक्षा कार्यों सहित कई परियोजनाएं शामिल हैं। ● शेष पेज 11 पर



### प्रधानमंत्री ने जन्मदिन पर किंग चार्ल्स से उपहार में मिला कदंब का पौधा रोपा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार सुबह अपने आवास सात, लोक कल्याण मार्ग पर कदंब का पौधा लगाया। यह पौधा उन्हें ब्रिटेन के सम्राट किंग चार्ल्स तृतीय ने उनकी जन्मदिन की 75वीं वर्षगांठ पर उपहार स्वरूप दिया था। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि किंग चार्ल्स पर्यावरण और सतत विकास के प्रति गहरी रुचि रखते हैं और ● शेष पेज 11 पर

# ऊर्जा मंत्री ने की बिजली विभाग की समीक्षा, दिए सख़्त निर्देश

**ए के शर्मा ने विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए दिशा निर्देश जारी किए है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने शुक्रवार को शक्ति भवन में बिजली की विभागीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए दिशा निर्देश जारी किए। श्री शर्मा ने सोशल मीडिया पर बैठक की जानकारी शेयर करते हुए लिखा है कि ईमानदार उपभोक्ताओं की सेवा में कोई कमी न हो।

विजिलेंस के नाम पर उनका उत्पीड़न कदापि न हो। सभी फीडरों पर आवश्यकतानुसार जले हुए ट्रांसफार्मर तुरंत बदले जाँय।चोरी रोकने हेतु विजिलेंस एक्टिविटी को टार्गेटेड तथा प्रभावशाली बनाया जाय। खासकर बड़ी चोरी रोकने को प्राथमिकता दी जाय।ज़्यादा लाइन लॉस वाले फ़ीडरों पर ही विजिलेंस की कार्यवाही हो, अपनी मर्जी से विजिलेंस टीम कहीं भी छापेमारी न करे।उन्होंने कहा कि छोटे उपभोक्ताओं एवं गरीब लोगों को परेशान न किया जाए। नियमित बिल भरने वाले उपभोक्ताओं को आकस्मिक बकाये पर परेशान न किया जाय।श्री शर्मा ने कहा है कि 50 प्रतिशत से ज्यादा चोरी(लाइन लॉस) वाले फीडर पर प्राथमिकता से स्मार्ट मीटर लगाए जाएं। नवरात्रि, दशहरा एवं दीपावली आदि त्योहारों के दृष्टिगत निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूर्व से ही सुनिश्चित की जाए।

## चार साल से चकमार्ग नाली पर था कब्जा, नायब तहसीलदार ने कराया खाली



कोराव , प्रयागराज। कोराव तहसील क्षेत्र के भगेसर पूरा गजनी गाव के रहने वाले रमेश पुत्र जंगी लाल ने तहसील में शिकायत की थी कि गाव के ही कुछ लोगो द्वारा चकमार्ग नंबर 296 व नाली नंबर 297, 298 पर कब्जा करके धान की बोवाई करके आने जाने का रास्ता अवरुद्ध किया गया था शिकायत मिलने पर एसडीएम ने नायब तहसीलदार डैया राम मूरत व थाना कोराव से उपनिरीक्षक सेवा लाल व अन्य सहयोगी बल के साथ चकमार्ग पर पहुचकर तत्काल धान को कटवाकर चार साल से कब्जा चकमार्ग खाली कराया गया चेतावनी दिया गया कि यदि अब किसी ने कब्जा किया तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाया जाएगा

## विधायक ने सैकड़ों युवाओं, महिलाओं कार्यकर्ताओं को दिखाई 'अजेय' फिल्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने शुक्रवार को सरोजनीनगर परिवार के सैकड़ों कार्यकर्ताओं, मातृशक्ति एवं युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी आयोजन किया। फीनिक्स पलासियो मॉल, आईनॉक्स सिनेमाघर में सिनेमाघर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज के जीवन पर आधारित फ़िल्म ङ्गअजेयङ्क का विशेष प्रदर्शन कराया गया।इस विशेष अवसर पर भाजपा परिवार के सम्मानित पदाधिकारी, बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता, तारा शक्ति सिलाई केंद्रों से जुड़ी सैकड़ों मातृशक्तियाँ, तथा रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केंद्रों के ऊर्जावान युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। 250 से अधिक सरोजनीनगरवासी इस प्रेरणादायी आयोजन का हिस्सा बने।फिल्म देखने पहुंचे लोगों ने डॉ. राजेश्वर सिंह के इस प्रयास की मुखर कंठ से प्रशंसा की और कहा कि विधायक ने केवल फ़िल्म दिखाने का कार्य नहीं



किया, बल्कि सरोजनीनगर की भावी पीढ़ी को राष्ट्रनिष्ठ प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा का उपहार दिया है। यह आयोजन सरोजनीनगर के राजनीतिक-सामाजिक जीवन में एक यादगार क्षण बन गया।सरोजनी नगर विधायक ने इस अवसर पर कहा, ङ्गयोगी आदित्यनाथ जी का जीवन केवल एक व्यक्ति की कहानी नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा है। आज सरोजनीनगर के कार्यकर्ताओं, मातृशक्ति और युवाओं ने 'अजेय' देखकर यह संकल्प लिया है कि राष्ट्रहित में अनुशासन, परिश्रम और सेवा को जीवन का मूलमंत्र बनाएंगे।

### प्रयागराज दौरे पर मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी , 12:20 बजे पहुंचेंगे बमरौली एयरपोर्ट

**प्रयागराज।** औद्योगिक विकास एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ङ्गनंदीङ्क 20 सितंबर को प्रयागराज दौरे पर रहेंगे। मंत्री का आगमन दोपहर 12:20 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर होगा। एयरपोर्ट से वे सीधे ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज पहुंचेंगे, जहां छात्र–छात्राओं के बीच आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में वे विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित करेंगे और विवेकानंद युवा सशक्तिकरण सहित प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे। उनका जोर युवाओं को तकनीकी, शैक्षिक और सामाजिक रूप से सक्षम बनाने पर रहेगा। इसके बाद मंत्री का ठहराव प्रयागराज सर्किट हाउस में निर्धारित है, जहां वे स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। मंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन और कॉलेज प्रबंधन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### खीरी थाना प्रभारी की कार्यशैली पर ग्रामीणों में आक्रोश

**प्रयागराज।** खीरी थाना प्रभारी की कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश पनप रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि थाना प्रभारी ने दबाव बनाकर दो निर्दोष महिलाओं को फर्जी मुकदमे में जेल भेज दिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में रोष व्याप्त है और लोग न्याय की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि थाना प्रभारी द्वारा की जा रही मनमानी से आमजन परेशान हैं। मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से किए जाने की तैयारी भी की जा रही है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि महिलाओं को झूठे प्रकरण में फंसाकर उत्पीड़न किया गया, जिससे क्षेत्र का माहौल तनावपूर्ण हो गया है।

### सपा विधायक मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई

**प्रयागराज।** सपा विधायक जाहिद बेग के घर दूसरी नाबालिग नौकरानी मिलने के प्रकरण में उनकी पत्नी सीमा बेग की याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सीमा बेग पर बंधुआ मजदूरी और मानव तस्करी जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। भदोही के श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि नौकरानी को जबरन काम कराया जाता था और अमानवीय परिस्थितियों में रखा गया। सीमा बेग ने कार्रवाई को रद्द करने के लिए अर्जी दाखिल की है। जस्टिस समीर जैन की सिंगल बेंच ने सुनवाई की और राज्य सरकार को अगली तारीख पर अपना पक्ष रखने को कहा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी।

कुंवर रेवती रमण सिंह को अंतरिम राहत बरकरारप्रयागराज। पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह को राहत मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उन्हें दी गई अंतरिम राहत को बरकरार रखा है। अदालत ने कहा कि सरकार की ओर से काउंटर फाइल न करने के कारण अभी आदेश जारी रहेगा। इस मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी। उल्लेखनीय है कि 2024 में प्रयागराज के करेली थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी, जब रेवती रमण सिंह ने अपने समर्थकों के साथ थाने का घेराव किया था। 21 अगस्त को हाईकोर्ट ने उन्हें अंतरिम राहत दी थी, जिसे अब बढ़ा दिया गया है।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट से 77 न्यायिक अधिकारियों का तबादला

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़े पैमाने पर न्यायिक अधिकारियों का तबादला किया है। कोर्ट के आदेश पर 77 न्यायिक अधिकारियों को नई तैनाती दी गई है। यह तबादले न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने और प्रशासनिक संतुलन के लिए किए गए हैं। अधिकारियों को नई जगह कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं। कोर्ट प्रशासन का कहना है कि इन बदलावों से न्याय वितरण प्रणाली और तेज़ व पारदर्शी होगी।

बहरिया सीएचसी में कर्मचारी की चप्पलों से पिटाईप्रयागराज। बहरिया क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैलाहा में मारपीट का मामला सामने आया है। यहां अस्पताल के कॉरिडोर में एक कर्मचारी की चप्पलों से पिटाई की गई। आरोप है कि एक्स–रे टेक्नीशियन बृजेश सिंह ने कर्मचारी को बीच अस्पताल में पीटा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस घटना से अस्पताल कर्मचारियों में आक्रोश है और उन्होंने कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग मामले की जांच कर रहा है।

### हाईकोर्ट बार ने घटाई आजीवन व नई सदस्यता की फीस

**प्रयागराज ।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने आजीवन सदस्यता और नई सदस्यता का शुल्क कम करने का निर्णय लिया है। आजीवन सदस्यता का शुल्क 25 हजार की जगह 10 हजार रुपये कर दिया गया तो नई सदस्यता की फीस भी 6600 से घटाकर 5600 रुपये कर दी गई।लाइब्रेरी हाल में शुक्रवार को हुई एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश पांडे की अध्यक्षता में हुई आमसभा में ध्वनिमत से आजीवन सदस्यता का शुल्क 25 हजार रुपये से घटाकर 10 हजार रुपये किया गया जो दिनांक 31 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा। इसके अलावा नई सदस्यता का शुल्क 6600 रुपये से घटाकर 5600 रुपये किया गया। यह व्यवस्था शनिवार से लागू होंगी।आमसभा का संचालन महासचिव अखिलेश कुमार शर्मा ने किया। आमसभा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष केके द्विवेदी, उपाध्यक्ष अमित कुमार सिंह सोनू, विवेक मिश्र, राजकुमार त्रिपाठी, हनुमान प्रसाद मिश्र व दिनेश वरुण, संयुक्त सचिव बैरिस्टर सिंह, शशि कुमार द्विवेदी उग्र, आरडी पांडेय व बिंदु कुमारी, कोषाध्यक्ष अंजनी कुमार मिश्र, गवर्निंग काउंसिल सदस्य अंजली सिंह तोमर, कनक त्रिपाठी, दिवांशु तिवारी, बलदेव शुक्ल, अभिषेक तिवारी, तृप्ति यादव, आरती गुप्ता, अखंड प्रताप त्रिपाठी, गया प्रसाद मिश्र, गिरीश चंद्र शुक्ल, अनिरुद्ध सिंह, अवनीश चंद्र त्रिपाठी, कृष्ण मोहन पांडेय, आदित्य घर द्विवेदी, अमित सिंह सेंगर सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### प्रयागराज में दिव्यांग कौशल प्रदर्शनी सम्पन्न, सांसद और महापौर ने किया अवलोकन

प्रयागराज। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र में 17 से 19 सितम्बर तक आयोजित त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय दिव्यांग कौशल प्रदर्शनी एवं कार्यशाला रविवार को सम्पन्न हो गई। कार्यक्रम का आयोजन श्री कामता प्रसाद सेवार्थ ट्रस्ट ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के सहयोग से किया।अंतिम दिन सांसद फूलपुर प्रवीण कुमार पटेल और महापौर प्रयागराज उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने दिव्यांगजन व बच्चों द्वारा बनाए गए आविष्कार, उत्पाद, चित्रकला, पोस्टर व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की। इस दौरान 10 एम.आर. किट भी दिव्यांग बच्चों को वितरित की गईं।

### एकेटीयू में हुआ ऑनलाइन संवाद

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शुक्रवार को कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में ऑनलाइन संवाद हुआ। संवाद में विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों के निदेशकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय ने सेवा पखवाड़ा के तहत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा और चर्चा की। साथ ही कहा कि सेवा पखवाड़ा में दिये गये कार्यक्रमों को सभी संस्थान करायें।बीटेक बीफार्मा का परीक्षा परिणाम घोषितलखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2024–25 के सम सेमेस्टर परीक्षा के प्रथम चरण के बीटेक एवं बीफार्मा के तृतीय वर्ष के छठें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। छात्र अपना परिणाम विश्वविद्यालय के वन व्यू पर देख सकते हैं।

## फिल्म एक चतुरनार की टीम ने लखनऊ मेट्रो पर बने एक विशेष फिल्म एल्बम का किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। हाल ही आई ड्रामा फिल्म 'एक चतुर नार' की टीम ने लखनऊ मेट्रो पर बने एक विशेष फिल्म एल्बम का लोकार्पण किया। इस एल्बम में लखनऊ मेट्रो की शूटिंग लोकेशन को चित्रित किया गया है। यह कार्यक्रम शुक्रवार को अभिनेत्री दिव्या खोसला, वरिष्ठ अभिनेता अनिल रस्तोगी, निर्देशक उमेश शुक्ला और फिल्म निर्माता आशीष वाघ की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अभिनेत्री दिव्या ने लखनऊ मेट्रो की सुविधाओं को सराहा, कहा मेट्रो की यात्री सुरक्षा सुविधा सराहनीय। फिल्म में दिव्या खोसला ने लखनऊ मेट्रो में एक स्टेशन कंट्रोलर की भूमिका निभाई है और इसके कई दृश्य हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन पर फिल्माए गए हैं। फिल्म की टीम ने बताया कि यह फिल्म मुख्य रूप से लखनऊ में फिल्माई गई है और लखनऊ मेट्रो ने कहानी को और अधिक जीवंत बनाया है। इससे न केवल लखनऊ की संस्कृति और विरासत को बढ़ावा मिला है बल्कि मेट्रो को एक आधुनिक और आइकॉनिक फिल्म शूटिंग स्थल के रूप में भी स्थापित किया है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि हमें गर्व है कि लखनऊ मेट्रो एक बड़े बॉलीवुड प्रोजेक्ट का हिस्सा बनी है। अब मेट्रो केवल यात्रा का साधन नहीं, बल्कि फिल्मकारों के लिए एक शूट-फ्रेंडली लोकेशन भी बन चुकी है।

## वाराणसी मंडल में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छोत्सव थीम'' के साथ चलाये जा रहे ''स्वच्छता ही सेवा'' पखवाड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। वाराणसी मंडल पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छोत्सव थीम'' के साथ चलाये जा रहे ''स्वच्छता ही सेवा'' पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के नेतृत्व में वाराणसी मंडल पर 19 सितम्बर, 2025 को प्रातः वाकाथन स्वच्छता रैली निकाली गयी जो अधिकारी क्लब के गेट सं-1 से चलकर आफिसर कालोनी एवं रेलवे कॉलोनी में सफाई कार्यक्रम संपन्न करते हुए नए अधिकारी क्लब के सेकेण्ड इंट्री पर समाप्त हुई । इस वॉकाथन रैली को मंडल रेल प्रबंधक ने सुबह 08.00 बजे आकाश गंगा में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर वॉकाथन स्वच्छता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया । इस वॉकाथन रैली में अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) श्री अजय सिंह , मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आर जे चौधुरी, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(समन्वय) श्री विकास कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत




इंजीनियर(कर्षण) श्री आर.एन. सिंह, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर अभिषेक राय, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) श्री पंकज केशरवानी, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री अभिनव कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(कैरेज एण्ड वैगन) श्री अनुभव पाठक,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री रजत प्रिय, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आर.आर.सिंह, डॉ नीरज,डॉ कल्पना दूबे, सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी श्रीमती ममता सिंह, सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री पी.के रावत,सहायक कार्मिक अधिकारी श्री विरेन्द्र यादव,श्री दयाशंकर प्रसाद सहित मंडल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान में योगदान किया एवं '' वॉकाथन स्वच्छता रैली (डथ्द्यद्मथ्द्धधद्ब) में शामिल हुए । वॉकाथन रैली के उपरान्त स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और जन जागरूकता फ़ैलाने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक सहित सभी मंडलीय अधिकरियों ने रेलवे आवासीय अधिकारी कॉलोनी के उद्यान (पार्क) में दो घन्टे श्रमदान कर स्वच्छता में अपना योगदान दिया ।

इस अवसर पर '' स्वच्छोत्सव थीम'''' पर आधारित सेल्फी पॉइंट एवं स्वच्छता पखवाड़ा पम्पलेट का विमोचन करने के उपरांत अपने अध्यक्षीय संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक श्री आशीष जैन ने कहा कि स्वच्छता एक ऐसी अच्छी आदत है जो हम सभी के लिए अत्यंत आवश्यक है। अपने घर, आस-पास, अपने कार्यस्थल और पर्यावरण को हमेशा साफ-सुथरा, स्वच्छ रखना चाहिए। इसका सकारात्मक प्रभाव हमारे जीवन, कार्यशैली तथा कार्यक्षमता में भी पड़ता है।

## भाजपा सरकार में भर्तियों, नियुक्तियों में चल रहा है गोरखधंधा : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में भर्तियों, नियुक्तियों में गोरखधंधा चल रहा है। लखीमपुर अर्बन-को-ऑपरेटिव बैंक में हुई नियुक्तियां तो मात्र एक उदाहरण है। भाजपा सरकार में हर काम में लूट, भ्रष्टाचार और बेईमानी है। भाजपाई मिलकर आपस में नौकरियां और बजट का बंदरबांट कर रहे हैं। इस गोरखधंधे में ऊपर से नीचे तक सबकी मिलीभगत है। इस सरकार में 90 फीसदी पीडीए समाज की उपेक्षा हो रही है। उनका हक लूटा जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में हर तरह का अवैध कारोबार हो रहा है। नौकरियों पर कब्जा, जमीनों पर कब्जा, बजट का बंदरबांट सब कुछ सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है। गरीबों और पीडीए के हक और आरक्षण को छीन लिया गया। भाजपा सरकार और उसके नेताओं के कारनामें जनता के सामने है। इनकी पोल लगातार खुल रही है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और झूठ के अलावा कोई काम नहीं हो रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा झूठ बोलने वाली पार्टी है। सरकार ऐसे-ऐसे झूठ बोलती है कि झूठ भी अपने आपको लज्जित महसूस करता है। राजधानी लखनऊ में मेट्रो रेल का संचालन समाजवादी सरकार में शुरू हुआ था। कानपुर, आगरा में मेट्रो रेल का निर्माण कार्य शुरू हो गया था। लेकिन मेट्रो संचालन को लेकर मुख्यमंत्री का बेहद शर्मनाक बयान आया। अखिलेश यादव ने कहा कि ऐसे महाझूठ वक्ता दरअसल अपने लोगों को महामूर्ख समझते हैं। वे मानते हैं कि उनके अनुयायी उनकी हर बात को सच ही मानेंगे लेकिन ऐसा होता नहीं है। भाजपा और उनके संगी-साथियों और वाहिनीवादियों की सोच ही यही है कि झूठ बोलकर अपने लोगों को ठगो। अखिलेश ने कहा कि अपनी नहीं तो पद की गरिमा का ही मान रखिए। वैसे उनसे सच की उम्मीद करना बेकार है जो महाकुंभ जैसे पावन और धार्मिक अवसर पर सनातनी हिंदुओं की मृत्यु पर झूठ बोलने का घोर पाप कर चुके हैं। आज सत्य अपने आप को कितना बौना महसूस कर रहा होगा।

### 26 सितम्बर को रिलीज होगी क्राइम थ्रिलर सीरीज

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। अभिनेता भुवन अरोड़ा और निर्देशक शचिंद्र वत्स अपनी आने वाली जी5 ओरिजिनल सीरीज़ जनावरऽ द बीस्ट विदइन का प्रचार करने के लिए लखनऊ पहुँचे। लखनऊ पहुंचने के बाद सबसे पहले उन्होंने लखनऊ के पुलिस उप आयुक्त शशांक सिंह से मुलाकात की। भुवन अरोड़ा, जो सीरीज़ में एक ईमानदार पुलिस अफसर का किरदार निभा रहे हैं, उन्होंने इस दौरान उनके ऑन–स्क्रीन किरदार और असली ज़िंदगी के पुलिस वालों के बीच समानता के बारे में बताया। इसके बाद दोनों ने शहर के फिल्म फ़ेस्टिवल में हिस्सा लिया। यहाँ उन्होंने शो से जुड़ी खास बातें बताईं और दर्शकों से मज़ेदार बातचीत की। यह क्राइम थ्रिलर सीरीज़ सिर्फ़ जी5 पर 26 सितम्बर को रिलीज़ होगी। भुवन अरोड़ा ने बताया कि लखनऊ हमेशा से मेरे दिल के करीब रहा है। यहाँ आकर जनावर द बीस्ट विदइन का प्रचार करना इसे और भी खास बना देता है। यहाँ के लोगों का जोश, प्यार और अपनापन बेमिसाल है। यह शो मेरे लिए बहुत खास है क्योंकि इसमें एक ऐसे इंसान की ताकत और कमजोरियाँ दिखाई गई हैं, जो मुश्किल हालात में सच के लिए लड़ता है। वहीं निर्देशक शचिंद्र वत्स ने कहा कि जनावर ऽ द बीस्ट विदइन के प्रचार के लिए लखनऊ आना बहुत मायने रखता है, क्योंकि इस शहर का कहानी कहने और सिनेमा से गहरा रिश्ता है। यह शो सिर्फ़ अपराध और रहस्य की कहानी नहीं कहता, बल्कि असली पहचान, हिम्मत और हमारे फैसलों के बारे में भी बताता है, जो हमारी शख़्शियत तय करता है।

### शारदीय नवरात्रि पर मेले को लेकर पुलिस ने मंदिर समिति व व्यापारियों के साथ की बैठक

**बीकेटी,लखनऊ ।** शुक्रवार को बख्शी का तालाब कठवारा स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर परिसर पर शारदीय नवरात्रि पर लगने वाले मेले व मंदिर पर दर्शन को लेकर लगने वाली भीड़ की दृष्टिगत एडीसीपी जीतेंद्र कुमार दुबे की अध्यक्षता में मां चंद्रिका देवी मेला विकास समिति के पदाधिकारियो व मंदिर परिसर के दुकानदारों के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित हुई।इस मौक़े पर एडीसीपी ने दुकानदारों को सख़्त निर्देश देते हुए कहा कि दुकानों पर कोई भी नाबालिक लड़का कार्य नही करेगा,कोई भी दुकानदार किसी भी भक्त को प्रसाद के लिए जोर जबरदस्ती नहीं करेगा,अपनी दुकान पर रहकर ही प्रसाद की बिक्री करेगा। दुकानदार अपनी दुकानों को तिरपाल से नही ढकेगा,सभी दुकानदारों को अपनी अपनी दुकानों पर आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम करने होंगे।उन्होंने मेला समिति को आश्वस्त किया कि सुरक्षा की दृष्टि से मेला परिसर में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहेगा और पवित्र सुधनवा कुंड के पास भी भारी मात्रा में पुलिस मौजूद रहेगी।इस मौक़े पर एसीपी बीकेटी अमोल मुरकुट,थाना प्रभारी बीकेटी संजय कुमार सिंह,महिला थाना प्रभारी लखनऊ द्वितीय मेनका सिंह,अतरिक्त इंस्पेक्टर बीकेटी कैलाश चंद्र दुबे,मेला समिति के अध्यक्ष अखिलेश सिंह चौहान,महामंत्री अनुराग तिवारी,बबलू सिंह,अर्जुन सिंह, बेनी माधव सिंह,शुभकरण सिंह,राजा बख्श सिंह,शिव शंकर श्रीवास्तव,आशीष सिंह,गिरिजा श्रीवास्तव,धर्मेंद्र शर्मा,मोनू सिंह सहित मंदिर के तमाम पदाधिकारी व दुकानदार मौजूद रहे।

### शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए व्यापक संघर्ष की घोषणा

**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय के परिप्रेक्ष्य में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ, लखनऊ ने शिक्षकों के हितों की रक्षा हेतु एक सशक्त और व्यापक संघर्ष रणनीति की घोषणा की है।इसी क्रम में आज लखनऊ स्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में शिक्षकों की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया,जिसमें सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय से प्रभावित शिक्षकों एवं संघ के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया और भविष्य की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की।बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह आज़ाद ने जानकारी दी कि 4 सितम्बर, 2025 को अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में वरिष्ठ अधिवक्ताओं से भेंट कर कानूनी रणनीति पर मंथन किया।इसके उपरांत 10 सितम्बर से प्रदेशव्यापी ज्ञापन अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत सभी जिलों से माननीय प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजे गए। ज्ञापनों में अगस्त 2017 में शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 में हुए संशोधन के पुनरीक्षण की माँग की गई।इस आंदोलन में केवल शिक्षक ही नहीं, बल्कि उनके परिजन, अभिभावक और छात्र भी शामिल हुए। लाखों की संख्या में पत्र भेजे गए, जिनमें शिक्षकों की पीड़ा और समाधान की अपील की गई।श्री आज़ाद ने उत्तर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करते हैं।

## सेवा पाखवाड़ा का उद्देश्य जन सेवा करना है: पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन सहकारिता भवन में आयोजित किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य डॉ धर्मेंद्र सिंह, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ अशोक बाजपेई, मध्य विधानसभा उपविजेता रजनीश गुप्ता, पश्चिम विधानसभा उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया की उपस्थिति रही। सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवनकाल पर एक लघु फिल्म ''चलो जीते हैं हम'' को दिखाया गया। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितम्बर से शुरू सेवा पखवाड़ा गांधी जयंती दो अक्टूबर तक चलेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 2047 में जब भारत स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण करे, तब हमारा देश 'आत्मनिर्भर भारत' और एक महान देश के रूप में पुनः विद्यमान हो, और इसी पूर्ति के लिए वे अपनी दूरदर्शी नीतियों से देश को तेजी से इस दिशा में ले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व्यक्तित्व एक राजनेता से कहीं बढ़कर राष्ट्रहित को समर्पित एक ध्येयनिष्ठ नेतृत्वकर्ता का है। ऐसे नेतृत्वकर्ता, जिनके नेतृत्व के मूल में राष्ट्र का उत्थान और जनता का कल्याण ध्येयवाक्य की तरह विद्यमान है।प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य डॉ धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र का उत्थान और जनता का कल्याण ध्येयवाक्य की तरह विद्यमान है। मोदी के नेतृत्व की विशेषता है कि वे अपने शासन में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दृष्टि रखते हैं। समाज का कोई भी वर्ग और व्यक्ति विकास से वंचित न रहे, इस उद्देश्य के साथ नीतियों के निर्माण और क्रियान्वयन पर उनका जोर रहता है। सरकार में गरीब-कल्याण को केंद्र में रखकर अनेक योजनाएं न केवल शुरू हुईं, अपितु सफलतापूर्वक अपने लक्ष्यों को प्राप्त भी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास कर रहा है और पीएम मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है हम सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना है।पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ अशोक बाजपेई ने कहा कि सेवा पखवाड़ा पूरे देश में उल्लास के साथ मनाया जा रहा जिसमें देश के युवा नौजवानों इस सेवा कार्यों से जुड़कर सेवा पखवाड़ा मना रहा है।

# शिक्षक पर महिला उत्पीड़न व छेड़खानी का आरोप, मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर । इलाके में स्थित एक सरकारी केंद्रीय विधालय की प्रभारी प्रधानाचार्या ने स्कूल के ही एक शिक्षक पर छेड़छाड़ और उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर सरोजनीनगर पुलिस मामला दर्ज कर जांच पड़ताल कर दी है। महिला शिक्षका का आरोप है कि शिक्षक लंबे समय से उनके साथ अनुशासनहीन और असंवेदनशील व्यवहार कर रहा है। आरोपी शिक्षक के खिलाफ छात्र-छात्राओं ने भी कई बार शिकायतें की थीं। जिसके बाद विद्यालय प्रशासन ने उन्हें मेमो भी जारी

किया था। पीड़िता ने बताया कि आरोपी शिक्षक उनकी कुर्सी पर झुककर अमर्यादित हरकतें करने के साथ हस्ताक्षर करने का जबरन दबाव बनाता है। परिसर में उनका पीछा कर अपमानजनक भाषा का प्रयोग करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षक उन्हें ''पेटीकोट सरकार'' कहकर संबोधित करता है। अनुचित तरीके से शारीरिक नजदीकियां बनाने की कोशिश करता है। कई बार कमर व कंधे पर गलत इरादे से हाथ रखा। गुरुवार को अर्द्धवार्षिक परीक्षा के दौरान आरोपी की ड्यूटी लगी थी बावजूद शिक्षक ने कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी करने से इनकार कर दिया और परीक्षा कार्य में बाधा डालते हुए मोबाइल से वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू कर दी इसी दौरान धमकी देते हुए हाथापाई का प्रयास भी किया। पीड़िता का कहना है कि यह व्यवहार कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (सेक्सुअल हरेसमेंट एट वर्क प्लेस एक्ट 2013) की श्रेणी में आता है।उन्होंने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बीकेटी में बीजेपी का प्रबुद्ध सम्मेलन हुआ आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बीकेटी, लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी लखनऊ जिला द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विधानसभा बख्शी तालाब के श्रीपति लान में प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित किया गया,सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय मौर्य द्वारा की गई।प्रबुद्ध सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा उपस्थित रहे।प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित है,बाल्य काल से ही वह सेवा भावना के साथ काम करते आ रहे हैं आपातकाल के जब सभी विपक्षी नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया था तब प्रधानमंत्री मोदी समाज में जन जागरण का काम किया करते थे।देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत की राजनीति में परिवर्तन करने के साथ-साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों जैसे आर्थिक,विदेश नीति ,राष्ट्रीय सुरक्षा में काफी परिवर्तन हुआ है 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद देश ने आर्थिक रूप में प्रगति की है आज देश की अर्थव्यवस्था विश्व में चौथे स्थान पर पहुंच गई है वहीं राष्ट्रीय सुरक्षा और अधिक मजबूत हुई है,देश में आतंकवाद और नक्सलवाद लगभग समाप्त की ओर है।

आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान भारत,प्रधानमंत्री आवास योजना उज्ज्वला योजना,हर घर जल,मातृ वंदना योजना आदि गरीब कल्याण की योजनाओं के माध्यम से देश में गरीबों के स्तर में सुधार हुआ है,देश में 25 करोड लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत बनने की ओर तेज गति से आगे बढ़ रहा है देश में आर्थिक सुधारो पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जीएसटी की दरों में संशोधन से देश के मध्यम वर्गीय एवं गरीब लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा,जीवन बीमा पर जीएसटी दर शून्य करने से लोगों को जीवन बीमा के माध्यम से मिलने वाले सुरक्षा कवच में वृद्धि होगी वही इनकम टैक्स में 12 लाख तक की आय को कर के दायरे से बाहर करने से लोगों को इसको सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है।इस अवसर पर बख्शी का तालाब विधानसभा के विधायक योगेश शुक्ला,क्षेत्रीय किसान मोर्चा अध्यक्ष अरुण सिंह गप्पू,जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह,अभियान के संयोजक अरविंद यादव,नगर पंचायत इटौंजा चेयरमैन अवधेश कमल अवस्थी,जिला मीडिया प्रभारी विवेक सिंह अनुसूचित,मोर्चा के जिला अध्यक्ष कामता प्रसाद रावत, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरू पांडे,गौरव सिंह चौहान, राजू कश्यप,बीकेटी बार के अध्यक्ष आशीष सिंह,मंडल अध्यक्षगणों समेत बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक अधिवक्ता ,डॉक्टर,किसान,अध्यापक समेत पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रबुद्ध सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जीवन पर आधारित लघु फिल्म का बड़ी स्क्रीन पर प्रदर्शन किया गया।

# नगराम में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला मजदूर का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ । क्षेत्र के छतौनी गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर इंदिरा नहर किनारे बने एक ड्रेनेज नाले में छतौनी निवासी 35 वर्षीय मजदूर युवक रामफ़ेर का शव पड़ा मिला। शव के पास शराब की दो खाली डिब्बियां और दो गिलास पड़े थे, जबकि मृतक का मोबाइल फोन और चप्पलें मौके से गायब थीं। परिजनों ने हत्या कर शव फेंकें जाने का आरोप लगाया है । नगराम थाना क्षेत्र के छतौनी गांव निवासी रामफ़ेर की पत्नी मीरा ने बताया कि बीते गुरुवार शाम करीब 7 बजे उसके पति खाना खा रहे थे। तभी पति के मोबाइल फोन पर एक कॉल आया। कॉल रिसीव करने के बाद रामफ़ेर ने पत्नी से कहा कि थोड़ी देर में लौट आऊंगा, जरूरी काम है । इसके बाद वह घर से निकल गया और रातभर वापस नहीं लौटा। जब देर रात तक कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन रामफ़ेर का कोई पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने इंदिरा नहर किनारे प्लाटिंग साइड के पास नाले में शव पड़ा देखा। ग्रामीणों ने तत्काल नगराम पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त रामफ़ेर के रूप में की। शव के गले के पास और नाक से हल्का खून निकल रहा था, हालांकि किसी स्पष्ट चोट का निशान नहीं दिखाई दिया। परिजनों ने आशंका जताई है कि पड़ोसी से जमीन को लेकर चल रहे विवाद और मुकदमेबाजी के चलते रामफ़ेर की हत्या कर शव को फेंका गया है। मृतक के भाई पवन और सुभाष ने कहा कि रामफ़ेर का किसी से कोई व्यक्तिगत झगड़ा नहीं था, लेकिन जमीन विवाद को लेकर परिवार लगातार दबाव में था। सूचना पाकर नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नाले से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आसपास से साक्ष्य जुटाए और पूरे मामले की गहन जांच में जुट गई है। एसओ नगराम ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।रामफ़ेर की मौत की खबर मिलते ही पत्नी मीरा और उसकी वृद्ध मां जनाका का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार मृतक तीन भाइयों में मंझला था। बड़ा भाई पवन और छोटा भाई सुभाष मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक शराब का लती था, मृतक रामफ़ेर की 13 वर्षीय बेटी प्रियंका और 11 वर्षीय बेटा प्रिंस अभी पढ़ाई कर रहे हैं। अचानक हुए इस हादसे से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में भी घटना के बाद शोक की लहर है।

# पूर्व राज्यसभा सांसद की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पार्टी के जिला कार्यालय 6 लाजपत राय भवन, कैसरबाग, लखनऊ पर समाजवादी विचारों के धनी पूर्व राज्य सभा सांसद शिवदयाल चौरसिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी पुण्यतिथि मनाई गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्व0 शिवदयाल चौरसिया जी के पौत्र दीपक चौरसिया मौजूद रहे।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव रामलखन चौरसिया ने उपस्थिति पार्टी पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिवदयाल चौरसिया जी का जन्म 13 मार्च सन 1903 में लखनऊ के खरिका गांव में हुआ था, जोकि अब तेलीबाग लखनऊ के नाम से जाना जाता है। शिव चौरसिया जी हाईकार्ट और सुप्रीम कोर्ट के एक अच्छे वकील थे। यह उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल माता प्रसाद जी के कानूनी सलाहकार भी रहे। शिवदयाल चौरसिया 1967 में रायबरेली से इंदिरा गांधी के खिलाफ लोकसभा चुनाव भी लड़े। चौरसिया जी 1974 से 1980 तक राज्यसभा सांसद रहे। उन्होंने बचपन से लेकर अपने अंतिम समय तक समाज से पिछड़ापन और असमानता दूर करने के लिए संघर्ष किया। सन 1995 में उनका निधन हो गया।

इस मौके पर सांसद आरके चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, प्रदेश सचिव विजय सिंह यादव, चौधरी ज्ञान सिंह, वसी अहमद खान, पार्षद रामनरेश चौरसिया, प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ हरीश चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष टीबी सिंह, बचान सिंह यादव, महेश चौरसिया, जिला कोषाध्यक्ष इश्तियाक अहमद, वरिष्ठ नेता हरिशंकर यादव, रामबाबू चौरसिया, रामप्रकाश यादव, धीरज यादव, कमर अहमद खान, राममूर्ति चौरसिया, विक्रम चौरसिया, लालता चौरसिया के साथ अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एस.आर. ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स, में 'इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एवं प्रबंधन में उभरते रुझान'(ICETETM-2025) अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ । बख्शी का तालाब स्थित एस.आर.ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स, लखनऊ में शुक्रवार को विक्रम साराभाई कन्वेंशन हॉल में 'इंजीनियरिंग,टेक्नोलॉजी एवं प्रबंधन में उभरते रुझान' विषय पर आधारित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (ICETETM-2025) का भव्य शुभारंभ हुआ।यह सम्मेलन IEEE स्टूडेंट ब्रांच एवं अन्य प्रतिष्ठित सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है।इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में कुल 08 तकनीकी ट्रैक्स संचालित किए गए,जो बायोटेक्नोलॉजी,इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स,कंप्यूटर साइंस,मैकेनिकल इंजीनियरिंग और एमबीए जैसे विभिन्न विषयों पर केंद्रित रहे।इनमें विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम अनुसंधान और नवाचारों पर विशेष फोकस किया गया।सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो.जय प्रकाश पांडेय उपस्थित रहे।इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथियों में निर्दोष गुप्ता (IRSEE),योगेश मिश्रा (IAS), प्रो. मसूद एच.सिद्दीकी(प्रोफ़ेसर एवं विभागाध्यक्ष, सांख्यिकी विभाग,लखनऊ विश्वविद्यालय),डॉ. क्षितिज अवस्थी(प्रोफ़ेसर, भारतीय प्रबंध संस्थान लखनऊ),प्रो. नीलम श्रीवास्तव(डीन, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट,डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ),डॉ. अरुण कुमार(चेयरमैन, IETE लखनऊ सेंटर),डॉ.पुनीत मिश्रा(विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस, लखनऊ विश्वविद्यालय),डॉ. ए.के. पांडेय (पूर्व प्रिंसिपल साइंटिस्ट, CSIR-IITR,भारत सरकार),डॉ. उमा शंकर (पूर्व प्रिंसिपल साइंटिस्ट, CSIR),डॉ. आनंद अखिला (पूर्व वैज्ञानिक, CIMAP-CSIR, भारत सरकार) एवं डॉ. रफ़ीक़ अहमद (चेयर, IEEE) शामिल रहे।सभी विशिष्ट अतिथियों का भव्य स्वागत संस्थान के वाइस चेयरमैन पियूष सिंह चौहान एवं वाइस चेयरपर्सन श्रीमती सुष्मिता चौहान द्वारा किया गया।सम्मेलन के पहले दिन आयोजित विभिन्न सत्रों में देश-विदेश के विशेषज्ञों ने इंजीनियरिंग,टेक्नोलॉजी और प्रबंधन के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों तथा भविष्य की संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए।यह सम्मेलन शोधकर्ताओं,शिक्षकों,विद्यार्थियों एवं उद्योग जगत के विशेषज्ञों के लिए एक सशक्त मंच के रूप में उभर रहा है, जहाँ ज्ञान-विनिमय,नेटवर्किंग और भविष्य की दिशा तय करने पर सार्थक चर्चा की जा रही है।

## पीएनबी नें भारतीय तटरक्षक बल के साथ किया एमओयू

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पंजाब नैशनल बैंक 16 सितम्बर को भारतीय तटरक्षक बल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बैंक की प्रमुख योजना पीएनबी रक्षक प्लस के अंतर्गत पीएनबी भारतीय तटरक्षक बल के सभी सेवारत कर्मियों और पेंशन भोगियों को उन्नत बीमा कवरेज और अन्य लाभों के साथ सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान कर रहा है। समझौता ज्ञापन पर पीएनबी की ओर से एस. पी. सिंह, महाप्रबंधक और भारतीय तटरक्षक निदेशालय की ओर से डीआईजी नरेंद्र सिंह ने पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक सुरेश कुमार राणा और बैंक तथा भारतीय तटरक्षक बल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

# विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना को सौंपी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य स्थायी समिति की बैठक की रिपोर्ट



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश विधान सभा की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य स्थायी समिति की बैठक बीती 11 अगस्त को लखनऊ में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन समिति सदस्य एवं विधायक डॉ. नीरज बोरा ने किया, जबकि अध्यक्षता विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने की। इस बैठक की विस्तृत रिपोर्ट शुक्रवार को विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना को सौंपी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि प्रदेश ने प्रधानमंत्री के संकल्प टीबी मुक्त भारत को मिशन मोड में अपनाया है। सरकार ने न केवल दवा और जांच की व्यवस्था मजबूत की है, बल्कि रोगियों को पौष्टिक आहार और परामर्श उपलब्ध कराने के लिए निक्षय मित्र अभियान को भी मज़बूत किया है। रोगियों की समय पर पहचान, उपचार और सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया है। बैठक में यह सहमति बनी कि कुपोषण उन्मूलन के लिए महिलाओं और माताओं की भूमिका निर्णायक है। प्रतिनिधियों ने कहा कि सशक्त महिला ही स्वस्थ परिवार और समाज की नींव है। रिपोर्ट में उल्लेख है कि पोषण माह और महिला सशक्तिकरण को आपस में जोड़कर व्यापक जन-आंदोलन की शक्ल दी जा सकती है। वहीं रिपोर्ट में बताया कि प्रदेश में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत घर-घर दवा पहुँचाने का काम तेज़ी से चल रहा है। स्वास्थ्यकर्मी सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर व्यक्ति दवा खाए और रोग की फ़ाइलेरिया मुक्त उत्तर प्रदेश का संकल्प पूरा हो। इसी तरह कालाज़ार उन्मूलन के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रभावित क्षेत्रों में सघन छिड़काव, समय पर इलाज और सामुदायिक भागीदारी से उल्लेखनीय सफलता मिल रही है।

# चिकित्सकीय लापरवाही के दौरान 19 वर्षीय भोजपुरी कलाकार की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**श्री करणी सेना ने आशीर्वाद सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पर लगाया गंभीर आरोप**

**श्री करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ने आंदोलन करने के लिए किया था ऐलान**

पीजीआई, लखनऊ । राजधानी लखनऊ में बीते गुरुवार शाम एक बड़ी चिकित्सकीय लापरवाही सामने आई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के साउथ सिटी चौकी स्थित आशीर्वाद सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में नाक की हड्डी का मामूली ऑपरेशन कराने पहुंचे भोजपुरी कलाकार की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मामला तूल पकड़ते ही श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष भी मौके पर पहुंचे और धरना शुरू कर दिया।मृतक 19 वर्षीय प्रिंस यादव पुत्र रामबाबू यादव निवासी सेक्टर-16उ, वृंदावन योजना, पीजीआई लखनऊ के निवासी है। प्रिंस मूल रूप से रायबरेली के थाना गुरुबक्सगंज क्षेत्र के दिलीप शाह खेड़ा, पोस्ट कुंसा के रहने वाले थे। परिजनों के अनुसार प्रिंस को नाक में परेशानी थी, जिसके लिए बीते गुरुवार शाम करीब साढ़े छह बजे वह आशीर्वाद अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने उन्हें मामूली ऑपरेशन की सलाह दी और ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया। बताया गया कि यह प्रक्रिया 15 मिनट की थी, लेकिन तीन घंटे बीत जाने के बाद भी प्रिंस बाहर नहीं आए। मृतक प्रिंस के पिता रामबाबू यादव ने रोते हुए कहा नाक की हड्डी का छोटा सा ऑपरेशन कराने लाए थे, लेकिन ऑपरेशन थिएटर से मेरे बेटे की लाश लौटी। डॉक्टरों की लापरवाही ने मेरे बेटे की जान ले ली। परिजनों का कहना है कि जब उन्होंने देर होने पर अस्पताल कर्मियों से पूछताछ की तो उन्हें लगातार टालमटोल किया गया और सच्चाई छिपाने की कोशिश की गई। इसके बाद परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पीजीआई कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन करने का ऐलान कर दिया। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने मृतक के परिजनों से वार्ता कर पंद्रह लाख रुपये मुआवजे पर सहमति जताई, जिसके बाद मामला शांत हुआ। वहीं करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि दोषी डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। राजधानी में हुई इस घटना ने एक बार फिर से निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली और लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बिशुनपुर गांव में लगाया गया पशु आरोग्य शिविर, सैकड़ों पशुओं का हुआ परीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । निगोहां क्षेत्र के बिशुनपुर गांव में शुक्रवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर एवं निशुल्क दवा वितरण का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में पशुपालक अपने पशुओं के साथ शिविर में पहुंचे और निःशुल्क दवा व उपचार का लाभ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि अभिषेक पाल एवं नागेश अवस्थी ने फीता काटकर किया। इसके उपरांत पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में गौपूजन के साथ पशुपालक गोष्ठी भी आयोजित हुई, जिसमें ग्रामीणों को पशुओं के स्वास्थ्य, रोगों की रोकथाम और उचित देखभाल के तरीके बताए गए। शिविर के आयोजक डॉ. राममूर्ति यादव ने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से न केवल पशुपालक जागरूक होते हैं बल्कि पशुओं के समय पर उपचार से उनकी उत्पादकता भी बढ़ती है उन्होंने सभी अतिथियों और ग्रामीणों का धन्यवाद ज्ञापित किया।शिविर में डॉ. त्रिभुवन सिंह, डॉ. सुनील कुमार, अरविंद तिवारी, पंकज श्रीवास्तव, ज्योति सहित चिकित्सकों की टीम मौजूद रही। वहीं, स्थानीय स्तर पर गौपालक अरविंद कुमार, प्रदीप, सुनील, हिमांशु, दयाशंकर, लवलेश, अरुण समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने सहभागिता की। ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह के शिविर समय-समय पर होने चाहिए ताकि पशुओं को बेहतर इलाज और देखभाल मिल सके।

# पुलिस लाइन परेड में एसएसपी ने परखी जवानों की फिटनेस

**एसएसपी ने थाना पुलिस, डाग स्क्वायड, फील्ड यूनिट आदि का भी निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। पुलिस लाइन में शुक्रवार को आयोजित साप्ताहिक परेड में एसएसपी ने रंगरुटों के साथ दौड़ लगाकर उनकी फिटनेस परखी। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों व रंगरुटों को उत्तम स्वास्थ्य के टिप्स भी दिए। लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर होने वाली साप्ताहिक परेड में शुक्रवार को एसएसपी ने परेड की सलामी भी ली। इस दौरान परेड का निरीक्षण किया और कर्मचारियों व अधिकारियों ने परेड की विभिन्न कवायत की।

एसएसपी ने थाना पुलिस, डाग स्क्वायड, फील्ड यूनिट आदि का भी निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया और देखरेख व कुशल संचालन का निर्देश दिया। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों से शस्त्र संचालन व शास्त्र का अभ्यास कराया। आरटीसी के रंगरूटों के साथ दौड़ लगाकर उन्हें स्वस्थ रहने के टिप्स दिए गए। साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों को कर्तव्यों का सही प्रकार से निर्वहन करने व जनता के साथ सद्व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया गया। क्वाटर गार्ड के निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने गार्ड की सलामी ली और शस्त्रागार, भोजनालय, बैरक, पुलिस लाइन परिसर, महिला थाने का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई के साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके बाद आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर सीओ उझानी देवेन्द्र कुमार, सीओ बिल्सी संजीव कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह, आरटीसी प्रभारी राजेन्द्र सिंह पुण्डीर व प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष एवं चौकी प्रभारी तथा पुलिस लाइन के समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

## श्रद्धांजलि देने जुटे पदाधिकारी व अधिवक्ता

बदायूँ। महाराणा प्रताप विकास ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष व जन दृष्टि व्यवस्था सुधार मिशन के सह जिला समन्वयक विपिन कुमार सिंह एडवोकेट के दिवंगत युवा पुत्र शिशिष कुमार सिंह को उनके पैतृक गांव चंदोई इस्लामनगर पहुंचकर महाराणा प्रताप विकास ट्रस्ट, क्षत्रिय महासभा बदायूं, जन दृष्टि व्यवस्था सुधार मिशन व आईरा के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि विपिन कुमार सिह एडवोकेट के पुत्र कुमार सिंह की 9 सितम्बर को लखनऊ मे हत्या कर दी गयी थी,हत्या का आरोप पत्नी पायल तथा एक होटल कारोवारी पर है। विभूति खण्ड गोमती नगर लखनऊ थाना में अभियोग पंजीकृत किया गया है। शुक्रवार को शुद्धि संस्कार के अवसर पर महाराणा प्रताप विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह राठौड़ एडवोकेट, क्षत्रिय महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ सुशील कुमार सिंह, वरिष्ठ ट्रस्टी धनपाल सिंह, मंडलीय संगठन मंत्री विजय पाल सिंह भदौरिया, जिलाध्यक्ष क्षत्रिय महासभा वदायू ठा राकेश सिह, जिला उपाध्यक्ष क्षत्रिय महासभा बदायूं व आईरा जिलाध्यक्ष ठा वेदपाल सिह, संरक्षक क्षत्रिय शिक्षक सभा कृपाल सिंह , जिला सचिव क्षत्रिय महासभा बदायूं दिनेश सिंह एडवोकेट समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## जीडीएवी में नि:शुल्क पुस्तक वितरण

**अनूपशहर।** जीडीएवी कन्या इंटर कालेज में कक्षा 1-5 तक की छात्राओं को प्रबंध समिति द्वारा नि:शुल्क पुस्तक वितरण किया गया।शुक्रवार को जीडीएवी कन्या इंटर कालेज में प्रबंध समिति की ओर से पुस्तकों का वितरण किया गया। यह सभी पुस्तक प्रबंध समिति द्वारा खरीदी गई है। पुस्तक वितरण कार्यक्रम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम नारायण गुप्ता मैं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा सबसे उपयुक्त मार्ग है। शिक्षा के बिना जीवन में आगे बढ़ पाना संभव नहीं है। उनके द्वारा इस पुनीतकार्य में विशेष सहयोग भी दिया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुषमा वर्मा ने निशुल्क पुस्तक वितरण पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं प्रबंध समिति के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रबंधक डा. के पी सिंह ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया गया एवं भविष्य में भी छात्राओं को निशुल्क पुस्तक उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेश चंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता, अशोक कुमार सिंघल, शिक्षिका गीता, विभारती, पूजा, बिंदिया, रश्मि, अनुष्का आदि उपस्थित रहे।

## रोजगार मेला का आयोजन

**अनूपशहर।** राजकीय आईटीआई में 23 सितंबर को रोजगार /अप्रेंटिस मेले का आयोजन होगा। राजकीय आईटीआई अनूपशहर के प्रधानाचार्य शुभम चौधरी ने बताया है, कि 23 सितंबर मंगलवार को सुबह 9:00 बजे रोजगार/ अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर लिमिटेड नोएडा द्वारा 150 रिक्तियों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को स्पाईपेंड/ वेतन एक लाख पचपन हजार प्रतिमाह मिलेगा। मेले में आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक डिप्लोमा धारक मूल प्रमाण पत्र एवं बायोडाटा के साथ उपस्थित हो।

## सेवा पखवाडा 2025 '' स्वस्थ नारी- सशक्त परिवार के अंतर्गत ''न दहेज लेगे - न दहेज देगे'' हेतु शपथ दिलाई गई

**मुरादाबाद।** सेवा पखवाडा 2025 '' स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा मौलाना आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, हैबिट मुस्लिम इंटर कॉलेज मुरादाबाद में ''न दहेज लेने - न दहेज देने'' हेतु शपथ दिलाई गई जिसमें वन स्टॉप सेंटर मनोसामाजिक परामर्शदाता तनीषा दिवाकर, केस वर्कर ज़िलेहुमा ने बताया कि दहेज एक सामाजिक अभिशाप है। दहेज प्रतिषेध अधिनियम-1961 के अंतर्गत दहेज से कोई ऐसी सम्पत्ति या मूल्यवान प्रतिभूति अभिप्रेत है जो विवाह के समय या उसके पूर्व या विवाह के पश्चात किसी समय विवाह के एक पक्षकार द्वारा विवाह के दूसरे पक्षकार को या विवाह के किसी पक्षकार के माता-पिता द्वारा या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा विवाह के किसी भी पक्षकार को या किसी अन्य व्यक्ति को या तो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष दी गई है, या दी जाने के लिए करार की गई।दहेज लेना व देना कानूनी अपराध है। कार्यक्रम में पुलिस स्टाफ एंटी रोमियो प्रभारी चंद्रप्रभा गौतम, महिला आरक्षी मनीष तोमर, पूजा, मौलाना आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज मुरादाबाद प्रिंसिपल रहमत बी, हैबिट मुस्लिम इंटर कॉलेज मुरादाबाद प्रिंसिपल नोमान जलील एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## 25 अक्टूबर तक पूर्ण करें राजकीय महाविद्यालय उसावा का निर्माण कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने शुक्रवार को तहसील दातागंज के ब्लॉक उसावा स्थित निर्माणाधीन स्वर्गीय रामपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था आवास विकास परिषद के अभियंताओं को समस्त कार्य आगामी 25 अक्टूबर 2025 तक गुणवत्तापरक ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों व अभियंताओं के साथ परिसर के प्रत्येक कक्ष का मुआयना किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की जांच की तथा संबंधित कार्यदायी संस्था आवास विकास परिषद के अभियंताओं को समस्त निर्माण कार्य गुणवत्तापरक व शासन की मंशा के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए। सहायक अभियंता आवास विकास परिषद पंकज गुप्ता ने बताया कि स्वर्गीय रामपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय उसावा, जो कि 5910 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैला है। इसके लिए आवास विकास परिषद कार्यदायी संस्था है। इसकी कुल लागत 912.35 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में 10 कक्षा कक्ष, चार लैब, एक कंप्यूटर हाल, एक लाइब्रेरी, एक प्राचार्य कक्ष, स्टाफ आदि अन्य कक्ष भी बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मार्च 2025 में इसकी अंतिम किस्त प्राप्त हुई थी। निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## जितेश के खिलाफ सिविल लाइंस में एक और मुकदमा

बदायूं। कीटनाशक पीकर डीएम कार्यालय पहुंचे दुष्कर्म के आरोपी जितेश गुप्ता पर अब सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि कार्रवाई से बचने के लिए उसने इस तरह का कृत्य किया। अस्पताल से उपचार खत्म होने के बाद पुलिस उसको जेल भेजने की तैयारी की है। कार्रवाई से बचने के लिए दुष्कर्म के आरोपी ने मंगलवार को कीटनाशक पी लिया और डीएम कार्यालय में शिकायती पत्र लेकर पहुंच गया। उसकी हालत बिगड़ी तो कर्मचारियों ने उसको जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। तीसरे दिन भी वह अस्पताल में रहा। उसकी हालत में सुधार है। उघैती थाना क्षेत्र के गांव छिबऊकला के रहने वाले जितेश गुप्ता पर 10 सितंबर को दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। वह खुद को निर्दोष बताते हुए शिकायती पत्र लेकर डीएम कार्यालय पहुंचा। उससे पहले उसने कीटनाशक पी लिया था। उसकी हालत खराब हुई तो उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। तीसरे दिन भी वह उपचाररत रहा है। उसकी हालत में डॉक्टरों ने सुधार बताया है। अब वह खतरे से बाहर है। उसके खिलाफ सिविल लाइंस थाने के एसआई चमन गिरी की ओर से एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस व प्रशासन को परेशान करने पी मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## जॉयंट्स ग्रुप ने निकाली अंगदान जागरूकता रैली बच्चों को दिया जीवन बचाने का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल, बबराला। जॉयंट्स ग्रुप ऑफ बबराला द्वारा परोपकार सप्ताह के तीसरे दिन शुक्रवार को बाबूराम सिंह इंटर कॉलेज परिसर में अंगदान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और हाथों में तख्तियां लेकर समाज को संदेश दिया कि ह्लमृत्यु के बाद भी अंगदान से किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है।

ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. राहुल यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अंगदान एक महान कार्य है। किसी की मृत्यु के बाद उसके अंग यदि जरूरतमंद को मिल जाएं तो कई जीवन बचाए जा सकते हैं। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे अपने परिवार और समाज में अंगदान को लेकर जागरूकता फैलाएं। रैली के पश्चात आयोजित गोष्ठी में प्रधानाचार्य जगन्नाथ, डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, प्रभात गुप्ता और डिम्पल वार्ष्णेय ने छात्रों को अंगदान के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि देश में हर साल लाखों लोग किडनी, लीवर, हार्ट और कॉर्निया जैसे अंगों के प्रत्यारोपण का इंतजार करते हैं। यदि समाज में अंगदान की परंपरा बढ़े तो असमय मौत का शिकार हुए हजारों मरीजों को नया जीवन मिल सकता है।उन्होंने यह भी कहा कि अंगदान न केवल एक मानवता का कार्य है बल्कि यह समाज को एक सकारात्मक संदेश देता है कि इंसान अपनी मृत्यु के बाद भी किसी के काम आ सकता है। कार्यक्रम में मौजूद छात्रों ने शपथ ली कि वे अपने स्तर पर इस संदेश को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएंगे। परोपकार सप्ताह के तहत जॉयंट्स ग्रुप लगातार सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम कर रहा है, जिससे समाज में जागरूकता और सेवा की भावना मजबूत हो सके।

## ई रिक्शा-ई ऑटो के विरुद्ध परिवहन विभाग का अभियान 22 ऑटो निरुद्ध, 47 का चालान

**मुरादाबाद ।** मण्डलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परिवहन विभाग द्वारा स्टेट हाइवे/नेशनल हाइवे पर अनाधिकृत रूप से संचालित ई-रिक्शा/ ई-ऑटो के विरुद्ध निरन्तर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही जारी है। इस कार्रवाई की मॉनिटरिंग संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) श्री संदीप कुमार पंकज द्वारा की जा रही है।अब तक जनपद मुरादाबाद में संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) यात्रीकर/मालकर अधिकारी, मुरादाबाद द्वारा संयुक्त रूप से स्टेट हाइवे/नेशनल हाइवे पर संचालित हो रहे ई-रिक्शा /ई- ऑटो के विरुद्ध 22 वाहनों को विभिन्न थानों में निरुद्ध किया जा चुका है एवं 47 वाहनों का चालान किया गया है। संभागीय परिवहन अधिकारी श्री संदीप कुमार पंकज ने बताया कि अगर भविष्य में कोई भी ई-रिक्शा/ ई-ऑटो को हाइवे पर चलाने की वजह से 5 बार से अधिक चालान पाया जाता है तो उनके विरुद्ध एफआईआर की कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। उन्होंने ई-रिक्शा/ई-ऑटो चालकों को भी अवगत कराया है कि हाईवे पर संचालन के कारण घटित दुर्घटनाओं में अधिकाधिक मृत्यु हो रही हैं। उन्होंने जनपद के यात्रियों से भी अपील की जाती है कि वे भी हाइवे पर ऐसे वाहनों से यात्रा करने से बचें।

## पति को दूसरी महिला संग रंगेहाथ पकड़ा, मुकदमा दर्ज

**बदायूं।** आरिफपुर नवादा (सिविल लाइंस) में एक महिला ने पति और ससुरालीजनों पर जानलेवा हमले का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि पति को दूसरी महिला के साथ पकड़ने पर चार लोगों ने मिलकर उस पर मिट्टी का तेल डाल दिया। नेहा नाम की पीड़िता ने बताया कि 18 सितंबर की सुबह करीब छह बजे वह अचानक घर पहुंची तो पति सालिम एक महिला के साथ कमरे में मौजूद था। विरोध करने पर पति और महिला ने गाली-गलौज के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इसके बाद महिक, सबीहा और शमीम बानो भी मौके पर पहुंच गए और सभी ने मिलकर उस पर मिट्टी का तेल उड़ेल दिया। नेहा ने कहा कि शोर सुनकर उसकी मां सबीना और बच्चे पहुंचे तो किसी तरह उसकी जान बच सकी। महिला का कहना है कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और सट्टे के कारोबार में भी शामिल रहते हैं। पहले भी उसने नवादा चौकी में शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता की शिकायत पर एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह के आदेश के बाद पुलिस ने सालिम समेत चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील बिल्सी में होगा संपूर्ण समाधान दिवस

**बदायूं।** जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार दिनांक 20 सितंबर 2025 दिन शनिवार को तहसील बिल्सी में जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## जन औषधि केंद्र में छापा, दो दवाओं के लिए सैंपल

**बदायूं।** जिला महिला अस्पताल के जन औषधि केंद्र में सोमवार को औषधि निरीक्षक की टीम ने छापेमारी कर दो दवाओं के सैंपल लिए। इसे जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। यहां पर बाहर की दवाएं बिकती मिली। वहीं छापेमारी की सूचना पर कई मेडिकल स्टोर संचालक आ गए। उन्होंने कार्रवाई का विरोध किया, लेकिन निरीक्षक ने कार्रवाई नहीं रोकी। औषधि निरीक्षक लवकुश प्रसाद ने बताया कि जन औषधि केंद्र में दवाओं की सप्लाई नहीं हो पा रही है। इस वजह से बाहर की जेनेरिक दवा मंगवा कर बिक्री की जा रही थी। उन्होंने बताया कि नियमानुसार अगर औषधि केंद्र में दवा कंपनी की ओर से सप्लाई नहीं हो पा रही है तो वह बाहर से सस्ती जेनेरिक दवा खरीद कर मरीजों को दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र से एक कफ सीरप और एंटीपायरेटिक (बुखार) दवा का सैंपल लिया है। इसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। नकली दवाओं के खिलाफ चलाया जाएगा अभियान औषधि निरीक्षक लवकुश प्रसाद ने बताया कि जिले भर में नकली दवाओं के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। आगरा की कंपनी की ओर से शहर के मेडिकल स्टोरों में खपाई गई नकली दवा पर कार्रवाई के लिए बरेली की टीम को शामिल किया जाएगा।

## राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में जेपी विद्या मंदिर का शानदार प्रदर्शन

**प्रतियोगिता में जेपी विद्या मंदिर के 6 खिलाडियों ने अलग-अलग कैटेगरी एवं इवेंट में 7 गोल्ड मेडल जीतकर ओवरऑल टूर्नामेंट चैंपियन ट्रॉफी जीती**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर। जेपी विद्या मंदिर के खिलाडियों ने सीबीएसई नेशनल योग प्रतियोगिता में 7 गोल्ड मेडल जीतने के बाद नगर के मुख्य मार्ग पर मार्च पास्ट निकालकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पालिका द्वारा सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया।जेपी विद्या मंदिर की प्रधानाचार्य नीना चतुर्वेदी ने बताया कि 12-16 सितंबर तक श्री राम ग्लोबल स्कूल हिसार हरियाणा में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में लगभग 150 टीमों के 400 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता मुख्य अतिथि योगाचार्य डा. जयदीप आर्य जनरल सेक्रेटरी योगासन भारत सरकार भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में जेपी विद्या मंदिर के 6 खिलाडियों ने अलग-अलग कैटेगरी एवं इवेंट में 7 गोल्ड मेडल जीतकर ओवरऑल टूर्नामेंट चैंपियन ट्रॉफी जीती। प्रतियोगिता में धनंजय प्रताप सिंह 3 गोल्ड मेडल के साथ ओवरऑल चैंपियन बने। अंडर -14 ट्रेडिशनल टीम में धनंजय प्रताप सिंह, (कप्तान) भवांश गौड, (उप-कप्तान) सजल शर्मा, ध्रुव गर्ग, अर्पित पाल सभी खिलाड़ियों ने 5 गोल्ड मेडल प्राप्त किए। ट्रेडिशनल इंडिविजुअल व आर्टिस्टिक इवेंट अंडर-14 में धनंजय प्रताप सिंह ने 1-1 गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

खिलाड़ियों के सम्मान में फूल माला पहनाकर ढोल के साथ नगर में फास्ट मार्च निकाला। नगर पालिका में चेयरमेन बृजेश गोयल व ईओ गार्गी त्यागी ने सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। टीम कोच अंकित कुमार सुराण को बधाई दी।

## एक दर्जन कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

अनूपशहर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत भाजपा युवा मोर्चा द्वारा सीएचसी में लगे शिविर में 12 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया।शुक्रवार को नगर के सीएचसी में भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष तुषार गुप्ता के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस मनाया। सीएचसी प्रभारी डा. पीके मिश्रा ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु व कुशल स्वास्थ्य की कामना करते हुए रक्तदाताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवा अपने किसी विशेष दिन पर रक्तदान अवश्य करे। जिला चिकित्सालय से आई चिकित्सकों की टीम ने 12 लोगों का सुरक्षित तरीके से रक्तदान संपन्न कराया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मुनेश शर्मा, अभय गर्ग, बुंदू सैफी, सौरभ गौड़, अंशुल अग्रवाल, गौरव गौड़, मोहम्मद कैफ, लोकेंद्र चौधरी, दिनेश कुशवाह, पराग गर्ग आदि मौजूद रहे ।

## ममता सेवी संस्था फ्री कैम्प का आयोजन

बदायूँ। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन पर राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत ''ममता सेवी संस्था'' का फ्री कैम्प 21 सितंबर दिन रविवार समय 11 बजे डा नौगरैया निज निवास पर आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा ममता सेवी संस्था द्वारा फ्री कैंप महिलाओं बच्चों को उज्जल भविष्य की योजनाओं के प्रचार,प्रसार के लिए तारीख 21 सितंबर दिन रविवार को लगाया जाएगा। इस कैंप में पूर्व आयोजित कार्यक्रम ममता सेवी संस्था द्वारा पूर्व में काफी फार्म भरवाए गए जिसमें सुकन्या योजना,समृद्धि योजना नाम से अकाउंट खुलवाये संस्था के माध्यम से बच्चों के अकाउंट में धन का आना शुरू हो गया है जिससे ग्रामीणों में काफी खुशी हुई है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि अपने पड़ोसियों और रिश्तेदारों को जानकारी दें और फ्री फॉर्म भरने की सलाह दें। यह कैम्प डा नौगरैया निज आवास जोगीपुरा निकट एस बी आई बैंक मैन ब्रांच बदायूं लगाया जाएगा। यह जानकारी उपाध्यक्ष डॉ प्रतिभा मिश्रा ने दी है।

## जनपद में निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न

मुरादाबाद । जिले में निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध पूर्ण कराने और जनोपयोगी बनाने के दृष्टिगत विभागीय अधिकारियों और कार्यदाई संस्थाओं के साथ जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सीएनडीएस, ग्रामीण अभियंत्रण, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों एवं कार्यदाई संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे कार्यों की भौतिक प्रगति के बारे में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बने संपर्क मार्गों की भौतिक स्थिति का संबंधित विभागों द्वारा सत्यापन करा लिया जाए।परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन कार्यों की तय समय-सीमा पूर्ण हो चुकी है उन्हें यथाशीघ्र पूर्ण कराकर संबंधित विभाग को हस्तगत कराना सुनिश्चित करें ताकि परियोजनाओं को जनोपयोगी बनाया जा सके।

## जनपद में सांसद, विधायक खेल स्पर्धा का होगा आयोजन

**जिलाधिकारी ने कहा कि खेल गति विधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद तथा विधायक खेल स्पर्धा के माध्यम से युवाओं को खेल में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। खेल तथा युवा कल्याण विभाग द्वारा पूर्व निर्देशों में संशोधन करते हुए प्रत्येक वर्ष विभिन्न आयु वर्ग (सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर) में आयोजित की जाने वाली खेल प्रतियोगिताओं को अब सांसद तथा विधायक खेल स्पर्धा से जोड़ते हुए खेल प्रतियोगिताएं कराए जाने के निर्देश दिए। गुरूवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में जिलाधिकारी अवनीश राय तथा मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने उक्त निर्देशों के क्रम में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि खेल गति विधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद तथा विधायक खेल स्पर्धा के माध्यम से युवाओं को खेल में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। इससे स्वस्थ्य जीवन शैली, प्रतिभाओं को निखारने तथा अनुशासन एवं खेल भावना को विकसित किया जा सकता है। जिला स्तर पर डीएम एवं सीडीओ की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी। संबंधित विधानसभा के अंतर्गत आने वाली सबसे बड़ी तहसील में एसडीएम की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी। विधायक खेल स्पर्धा में विजेता खिलाड़ी जनपद स्तर पर आयोजित सांसद खेल स्पर्धा में प्रतिभाग कर सकेंगे। खेल प्रतियोगिताओं में 08 खेल एथलेंटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, बालीवाल, फुटवाल, भारोत्तोलन, जूडो एवं वैडमिंटन खेले जाएंगे। इसमें सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर आयु वर्ग में महिला/बालिका एवं पुरूष/बालक श्रेणी में आयोजित होंगे।विधानसभावार खिलाड़ियों का पंजीकरण युवा साथी पोर्टल पर दिए गए विकल्पों के अनुसार किया जाएगा। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी हरि प्रेम, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, राहुल चौबे सहित क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने अधिकारियों संग किया अमृत सरोवर व पुलिया का निरीक्षण

बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने अधिकारियों के साथ दातागंज में अमृत सरोवर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्तापरक कार्य दिसंबर 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीएम ने अधिकारियों के साथ पुलिया का भी निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता नगर पालिका परिषद दातागंज ने बताया कि अमृत सरोवर कार्य के लिए सीएनडीएस को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। अमृत सरोवर का इस कार्य की लागत 3.50 करोड रुपए है। एरिया लगभग 5 एकड़ है, इसमें पानी के शुद्धिकरण के लिए फिल्ट्रेशन का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## गंगा में अधेड़ ने लगाई छलांग, तलाश में जुटी एसडीआरएफ

मीरजापुर । औराई मार्ग पर कटरा थाना क्षेत्र के शास्त्री ब्रिज पर शुक्रवार की शाम एक अधेड़ व्यक्ति ने गंगा नदी में छलांग लगा दी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, झंगन मंगन की गली, गणेशगंज निवासी 50 वर्षीय अजय माली पुत्र रज्जन माली शुक्रवार शाम करीब 6 बजे शास्त्री ब्रिज पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वह कुछ देर तक इधर-उधर देखने के बाद अचानक गंगा में कूद गए। राहगीरों ने शोर मचाया तो पुल पर भीड़ जुट गई।सूचना पर शास्त्री ब्रिज पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ को बुलाकर नदी में तलाश शुरू कराई। इस बीच अजय माली के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों का कहना है कि पारिवारिक कलह से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया।समाचार लिखे जाने तक लापता व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल सका था। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम लगातार गंगा में तलाश कर रही है।

## 31 दिसंबर तक पूर्ण करें दातागंज नगर पालिका की पेयजल परियोजना का कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ भारत सरकार की अमृत 2.0 के अंतर्गत चयनित व स्वीकृत दातागंज पुनर्गठन पेयजल योजना के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अभियंताओं को 31 दिसंबर 2025 तक समस्त कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सहायक अभियंता जल निगम शहरी मनोज कुमार ने बताया कि दातागंज पुनर्गठन पेयजल योजना भारत सरकार की अमृत 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत व चयनित योजना हैं। इसकी कुल स्वीकृत कार्य लागत 24 करोड रुपए है। उन्होंने बताया कि इसके लिए एक ओवरहेड टैंक बनाया गया है जिसकी क्षमता 1500 किलो लीटर है।उन्होंने बताया कि इसके लिए 06 ट्यूबवेल का निर्माण कराया जाना है जिसमें से पांच का पूर्ण हो गया है। 54 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जाएगी जिसमें से 38 किलोमीटर का कार्य पूर्ण हो गया है।

## आपदा के दौरान बचाव और सुरक्षा के दृष्टिगत 5 स्थलों पर होगी मॉकड्रिल

मुरादाबाद । आपदा के दौरान सुरक्षा के विभिन्न तरीकों के बारे में आमजन को जागरूक करने और सभी तैयारियों को दुरुस्त बनाए रखने के दृष्टिगत जनपद में 19 सितंबर 2025 को सुबह 10:00 बजे मॉक एक्सरसाइज आयोजित होगी।

प्रशासनिक स्तर से मॉक एक्सरसाइज के लिए स्थलों का चयन कर लिया गया है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/सह संयोजक, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मुरादाबाद ममता मालवीय ने बताया कि वेव मॉल, रेलवे स्टेशन, रामरतन इंटर कॉलेज स्टेशन रोड बिलारी, डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ और पशुपति एक्राइलोन लिमिटेड काशीपुर रोड ठाकुरद्वारा में मॉक एक्सरसाइज निर्धारित है जिसके लिए नोडल अधिकारी नामित कर दिए गए हैं।

## हत्या के दोषी मां-बेटे को आजीवन कारावास

फिरोजाबाद । न्यायालय ने शुक्रवार को हत्या की दोषी मां बेटा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उन पर अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।थाना टूंडला के क्षेत्र चंडिका निवासी जुली पत्नी मनीष की 2022 में जलकर मौत हो गई थी। जूली के भाई श्यामसुंदर ने बहनोई मनीष, ससुर कमल सिंह तथा सास उर्मिला देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। भाई का कहना था अतिरिक्त दहेज की खातिर ससुरालीजन बहन का उत्पीड़न करते। उसके साथ मारपीट करते थे। 18 जून 2022 को उन लोगों ने बहन को जला दिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कर भाग गए। जहां से जूली को आगरा रैफर कर दिया। आगरा में उसकी मृत्यु हो गई।पुलिस ने तीनों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया। विवेचना के दौरान पुलिस ने तीनों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पोक्सो अधिनियम कोर्ट संख्या 3 राजीव सिंह की अदालत में चला।

# ट्रैफिक जाम की वजह बनी अवैध टैक्सी स्टैंड

## पुलिस के नाक के नीचे डग्गामारी जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवैध टैक्सी स्टैंडों को हटाने के आदेश दिए थे,लेकिन गोण्डा शहर में यह आदेश लागू होते नहीं दिख रहे हैं।शहर में अवैध टैक्सी स्टैंड लगातार चल रही है,लेकिन पुलिस और अफसर इस ओर अनजान बने हुए हैं।यहां से अधिकारी गुजरते हैं और उनके सामने ही यह खेल जारी रहता है,लेकिन कानों पर जू तक नहीं रेंग रही है।शहर में नगर पालिका की ओर से किसी भी स्थान पर वैध पार्किंग नहीं है।यही कारण है कि शहर के अंबेडकर चौराहा,एलबीएस चौरा हा,सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला के सामने बनी दु काने के बाहर,स्कूल-कालेजों के बाहर सिटी कार्ट मॉल और वी मार्ट शॉपिंग माल के सामने वाहनों की अवैध पार्किंग लगी रहती थी।इस कारण सड़ कों पर जाम की समस्या बनी रहती है।मुख्यमंत्री योगी के आदेश के बाद पुलिस-प्रशासन ने सख्ती से अभियान चलाकर अवैध पार्किंग हटाने का का र्य किया था,लेकिन कुछ स्थानों पर अभी भी अवैध पार्किंग में ही वाहन खड़े हो रहे हैं।अवैध पार्किंग और सड़कों पर आसपास वाहन खड़े करने वाले लोगों के सामने भी वैध पार्किंग की समस्या है। शहर में कई मार्केट तो ऐसी है,जहां पार्किंग की कोई व्यवस्था ही नहीं है।इस कारण ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।नगर पालिका इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है।न ही शहर में किसी भी जगह वैध पार्किंग की कोई जगह पिछले कुछ सालों से नहीं मिल सकी है।जबकि कुछ दिन पूर्व ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी ईओ व एसएसपी-डीएम के साथ वर्चुअल संवाद करते हुए वैध पार्किंग के लिए जगह तलाशने की बात कही थी।गोंडा शहर में कोई सुधार नहीं हुआ हैं।

### पुलिस चौकी के सामने अवैध टैक्सी स्टैंड

गुरु नानक पुलिस चौकी के सामने शहर में अवैध टैक्सी स्टैंड का संचालन किया जा रहा है।मनमाने ढंग से संचालित टैक्सी स्टैंड पर बेतरतीब खड़े होने वाले वाहन जाम की समस्या को बढ़ा रहे हैं।इससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।अवैध रूप से संचालित टैक्सी स्टैंडों पर शिकंजा कस ने में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी नाकाम दिख रहे हैं।टैक्सी स्टैंड संचालकों पर सत्ताधारी दल के नेताओं की सरपरस्ती है,इससे जिम्मेदार भी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।कई बार रोडवेज कर्मचारियों ने यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया और कई लोगों पर एफआई आर तक दर्ज हुईं थी।वही शहर में दर्जनों से अधिक स्थानों पर अवैध टैक्सी स्टैंड का संचालन किया जा रहा है। सवारियां बैठाने के लिए सड़क पर आड़े-तिरछे वाह न खड़े किए जाते हैं।सड़क पर चलने वाली रोड वेज बसों के आगे वाहनों को लगा कर सवा रियों को बैठाया जाता है।आए दिन यात्रियों से बदसलूकी होती रहती है।अवैध टैक्सी स्टैंड के खिला फ कई बार लोगों ने धरना प्रदर्शन किया लेकिन राजनीतिक संरक्ष ण के चलते उनकी आवाज नक्कारखाने में तूती बनकर रह गई हैं।

# बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने पर पुलिस ने ड्रोन को किया जब्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। बृहस्पतिवार 18 सितंबर की देर शाम कोतवाली नगर पुलिस को सूचना मिली कि सेमरा चौकी अंतर्गत माधवपुरम कॉलोनी क्षेत्र में एक संदिग्ध ड्रोन उड़ रहा हैं,इस सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी मौके पर पहुँचे और ड्रोन को सीज किया गया एवं ड्रोन उड़ाने वाले व्य क्ति से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वो रेलवे मेडिकल कालोनी थाना कोतवाली नगर का निवासी है,उसके द्वारा बताया गया कि माध वपुरम कालोनी स्थित अपने प्लाट पर निर्माण कार्य हो रहा है,वह ड्रोन द्वारा उसी का वीडियो बना रहा था।उसके द्वारा यह भी बताया गया कि वह बेंगलुरु स्थित कंपनी में काम करता है और ड्रोन से वीडियो बनाना उसका पेशा है। वह अभी बैंगलोर से वापस अपने घर गोण्डा आया है इसलिए उसे यहां की वर्तमान स्थिति तथा फैली हुई अफवाहो के विषय में कोई जानकारी नहीं थी और वह पुलिस को बिना कोई सूचना दिये ड्रोन उड़ाकर अपने प्लॉट पर हो रहे काम का वीडियो एवं फोटो बना रहा था उसने पुलिस को बिना सूचना दिये ड्रोन उड़ाने की गलती स्वीकार की।युवक से ड्रोन संबंधी कागजात, कंपनी लेटर एवं आईडी चेक करने के उपरांत ड्रोन रजिस्ट्रेशन प्रोफार्मा भरवाया गया तथा ड्रोन उड़ाने से पूर्व स्थानीय थाना व चौकी पर सूचना देने हेतु हिदायत किया गया। प्रकरण में जांच कर नियमानुसार अग्रिम वैधा निक कार्यवाही की गई है।

# जाँच में झूठी निकली चोरी की सूचना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र में बबुरास पाण्डे पुरवा गाँव निवासी एक महिला के द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी कि उनके घर में चोर ने घुसकर चोरी की तथा उन पर चाकू से हमला किया है,सूचना पर पुलिस बल के द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर जाँच की गयी।जाँच के दौरा न उक्त महिला से विस्तृत पूछताछ करने पर स्प ष्ट हुआ कि उनके द्वारा बताई गयी घटना असंग त एवं विरोधाभासी है।आस-पास के ग्रामीणों से एवं अन्य स्त्रोतों से जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि महिला पूर्व से ही नशीली गोलियाँ लेने की आदी है तथा कई बार इस प्रकार की झूठी सूचना पूर्व में भी दे चुकी है।मौके से एक ब्लेड बरामद किया गया जिस पर खून लगा हुआ था, जाँच से यह प्रकाश में आया कि महिला जान की द्वारा स्वयं ही ब्लेड से अपने आप को घाय ल किया गया है।किसी भी अज्ञात व्यक्ति अथ वा चोरों द्वारा हमला अथवा चोरी की घटना घटित होना असत्य पाया गया है।इस प्रकार तथाकथित चोरी एवं हमले की घटना पूरी तरह से निराधार एवं असत्य है।नागरिकों से अपील है कि इस प्रकार की झूठी,भ्रामक सूचना न दें, अन्यथा विधिक कार्यवाही की जायेगी। झूठी सूचना देना न केवल सामाजिक व्यवस्था को बाधित करता है,बल्कि इससे सार्वजनिक संसाधनों का अनावश्यक दुरुपयोग होता है एवं जनमानस में भय या भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है।सभी नागरिकों से आग्रह है कि कोई भी सूचना प्राप्त होने पर उसकी सत्यता की पुष्टि के पश्चात ही पुलिस विभाग अथवा अन्य सम्बन्धित कार्यालय को सूचित करें।झूठी, भ्रामक अथवा निराधार शिकायत,सूचना देने वालों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी सजा छह माह से दो वर्ष तक का कारावास एवं पांच हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनो हो सकते हैं ।पुलिस ने जनसामान्य को आश्वस्त करता है कि शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कृतसंकल्पित है,किसी भी असत्य सूचना को कतई प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा।

## दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

उरई । पॉक्सो कोर्ट ने शुक्रवार को किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के दोषी दशरथ को 20 वर्ष की सजा सुनाई है। उस पर 65 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।पूरा मामला थाना कदौरा क्षेत्र का है। एक वादी ने 21 फरवरी 2022 को तहरीर दी थी कि आरोपी दशरथ उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। इस सम्बंध में थाना कदौरा पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदम पंजीकृत किया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 26 फरवरी 2022 को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विवेचक ने वैज्ञानिक तरीके से विवेचना पूरी कर 13 मई 2022 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। लम्बे ट्रायल और गवाहों के बयानों के बाद आज एडीजे पॉक्सो कोर्ट उरई के न्यायाधीश मोहम्मद कमर ने आरोपी दशरथ को दोषी मानते हुए 20 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने कहा कि ऐसे अपराध समाज और भविष्य दोनों के लिए गंभीर खतरा हैं, इसलिए कठोर दंड आवश्यक है।

# उम्मीद पोर्टल पर दर्ज होगा वक्फ सम्पत्तियों का विवरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा 08 अप्रैल 2025 से एकीकृत वक्फ प्रबन्धन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास (उम्मीद) अधिनियम-1995 लागू किया गया है। अधिनियम के प्राविधान अन्तर्गत धारा ३ (क) के अनुसार केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा एक सशक्त उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल, 2025 का शुभारम्भ किया गया है। जिसका उद्देश्य मौजूदा औकाफ का विवरण, पंजीकरण, लेखा, लेखा परीक्षा और वक्फ एवं बोर्ड के अन्य विवरण को उम्मीद पोर्टल पर लोड किया जाना है। वक्फ सम्पत्तियों का विवरण उम्मीद पोर्टल पर फीड करने किये जाने हेतु उ.प्र. सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा हेल्पलाईन नम्बर 0522-3132567 जारी किया गया है साथ ही बोर्ड के दो उच्च अधिकारियों (सहायक सचिव) को एप्रूवर तथा 04 कार्यपालक अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर चेकर तथा जनपद के बड़े औकाफ से सम्बन्धित मुतवल्ली/प्रबन्ध समिति को जनपद को-ऑर्डिनेटर के रूप में नामित किया गया है। इसी प्रकार शिया वक्फ बोर्ड द्वारा भी वक्फ सम्पत्तियों का विवरण फीड किये जाने हेतु एप्रूवर, चेकर, मेकर एवं को-आर्डिनेटर नामित किये गये हैं।

सुन्नी वक्फ बोर्ड द्वारा नामित कार्यपालक अधिकारी एजाज अहमद मो.न. 9795742635, एस.एम. अफ़ज़ल काशिफ मो.न. 9450627158, अहमद मुबीन किदवई मो.न. 8299449768, मुजाहिद रहमान मो.न. 8299363648, निरीक्षक अशर सिद्दीकी मो.न. 8081079944, मुतवल्ली/को-आर्डिनेटर बकाउल्ला मो.न. 9415036941, साजिद अली एडवोकेट मो.न. 9450429956, नसीरूद्दीन मो.न. 9935895704 व अकील मो.न. 9415036650 पर सम्पर्क किया जा सकता है। शिया वक्फ बोर्ड द्वारा नामित मुख्य कार्यपालक अधिकारी जीशान रिज़वी मो.न. 9415036983, निजी सहायक शकील अब्बास मो.न. 9935190711, एल.डी.सी. राहिब अली मो.न. 8756637860, मुतवल्ली/मेकर शौज़ब अब्बाास मो.न. 9506677907, असिस्टेन्ट प्रोग्रामर आकाश वर्मा मो.न. 9580120821 तथा मुतवल्ली/कोआर्डिनेटर सै. सगीर इमाम रिज़वी मो.न. 9415036710 पर सम्पर्क किया जा सकता है। श्री खालिद ने बताया कि वक्फ सम्पत्तियों का विवरण पोर्टल पर फीड कराये जाने हेतु कार्यालय स्तर पर स्थापित हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है। सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ मो.न. 9758072117 एवं वक्फ निरीक्षक मो.न.8299415241 को डेस्क प्रभारी नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा नियुक्त मुतवल्ली एवं को-आर्डिनेटर्स को निर्देशित किया गया है कि बोर्ड के निर्देशानुसार वक्फ सम्पत्तियों का विवरण पोर्टल पर समयान्तर्गत फीड कराना सुनिश्चित करें तथा प्रगति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित का सम्पूर्ण करें।

# अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजा खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।इस दौरान सभी प्राथमिक विद्यालय ,पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं कंपोजिट विद्यालय में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों के 50 से अधिक अभिभावक उपस्थित रहें।यह उन्मुखीकरण कार्यक्रम तीन फ़ेरे के अंतर्गत होना है।जिसमें यह प्रथम फ़ेर था।कार्यक्रम में 14 अक्टूबर को लगने वाले मेडिकल कैंप की जानकारी और उनके बच्चों के दिव्यांग प्रमाण (यू डी आई डी)बनने के लिए कौन से आवश्यक कागज की आवश्यकता होगी जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा दी गई।साथ ही जिन बच्चों का आधार नहीं बना था उनका आधार बनाने और जिनका अपडेट नहीं था।उनको अपडेट करने के लिए जानकारी दी गई। विशेष शिक्षिका अनुजा शुक्ल द्वारा सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों के लिए सरकार द्वारा चल रही योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही लालगंज और ऊंचाहार में लगने वाले मेजरमेंट कैंप की सूचना दी गई।विशेष अध्यापक नाजिश अनवर एवं प्रेम बहादुर द्वारा अपने विषय क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को कैसे अपने दिव्यांग बच्चों को सहयोग करें इसकी जानकारी दी गई और विद्यालय में बच्चों को किस प्रकार उपस्थित ऑनलाइन ऑफलाइन जाती हैं और अगर बच्चा विद्यालय नहीं जाता तो उसको उससे क्या हानि होगी इसकी भी जानकारी दिया गया।

# सुरक्षा का नया कदम,युवा प्रधान ने गांव की गलियों में लगवाए सीसीटीवी कैमरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । जिले की विकासखंड झंझरी की ग्राम पंचायत चकसड़ के युवा प्रधान शिवम तिवारी ने अपराध पर नियंत्रण के लिए गाँव की गलियों में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।चकसड़ के युवा प्रधान शिवम तिवारी की पहल पर गाँव की गलियों और प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा वा स्ट्रीट लाइट स्थापित किए गए हैं।प्रधान शिवम तिवारी ने बताया कि इस कदम का मुख्य उद्देश्य गांव में अपराध को रोकना है। कैमरों की निगरानी से चोरी,छिनैती और छेड़छाड़ जैसी घटनाओं पर रोक लगेगी। अब गांव की सभी गलियां और महत्वपूर्ण स्था न चौबीस घंटे तीसरी आँख की निगरानी में रहेंगे।उन्होंने कहा कि कैमरों की मौजूदगी से अपराधियों पर शिकंजा कसा जा सकेगा।कोई भी अपराधी गतिविधि कैमरे में कैद हो जाए गी।इससे पुलिस को अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलेगी।

# झोलाछाप डॉक्टरों पर नहीं लग रहा लगाम बेरोकटोक के फल फूल रहा धंधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। योगी सरकार ने फरमान जारी किया था कि झोलाछाप कोई और काम ढूंढ लें।लेकिन करनैल गंज व परसपुर ब्लॉक क्षेत्र में दर्जनों से अधिक झोला छाप डॉक्टरो पर इस फरमान का यहां कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है बल्कि क़रनैलगंज थाना क्षेत्र के नगर पालिका क्षेत्र में सब्जी की दुकान की तरह कई ऐसे क्लि निक खोलकर बैठ गए हैं वही कई जगह तो ऐसे है कि खेतों में पानी देने की नाल किराए पर देने वाला व्यक्ति लोगों को दवाइयां दे रहा हो जिसका पढ़ाई लिखाई से कोई लेना देना नहीं।ऐसे ऐसे में झोला छाप लोग डॉक्टरी पेशे को मजाक ब ना कर रख दिया है।ऐसा नहीं है कि स्वास्थ विभाग को इसकी जानकारी नहीं है।स्वास्थ्य विभाग ने ना जाने ऐसे कितने डॉक्ट रों को संरक्षण दे रखा है।सू चना के नाम पर दो-चार डॉक्टर ही अनधिकृत दर्शा ए जाते हैं।जबकि जिले में झोलाछापों की संख्या सौ से अधिक है।सूबे के स्वास्थ्य मंत्री ने झोला छा पों को आगाह किया था कि वे कोई और पेशा चुन लें।साथ ही उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए स्वास्थ्य महकमे को दिशा-निर्देश जारी किए गए थे।सीधे तौर पर ऐसे लोगों को झोलाछाप ठहराया जाता है जिनके पास चिकित्सा अध्ययन की वैध डिग्री भी नहीं है।साथ ही सीएमओ कार्यालय में जिनका पं जीकरण तक नहीं हैं।जबकि करनैलगंज तहसील व परसपुर ब्लॉक क्षेत्र में इस तरह के डॉक्टरों की स्थायी संख्या दर्जनों से ऊपर है।जबकि गर्मी,बर सात जैसे अधिक बीमारियों वाले मौसम में इनकी संख्या में और इजाफा हो जाता है।इस समय भी सामान्य वायरल संक्रमण से लेकर डाय रिया,मलेरिया के मामले बढ़ गए हैं जिसे देख झोलाछापों ने भी पैर फैलाने शुरू कर दिए हैं।पुराने डॉक्टरों के अलावा कई नए डॉक्टर भी सामने आ रहे हैं।स्वा स्थ्य विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की बात करें तो स्वास्थ्य विभाग ने अब तक इन झोला छाप डॉक्टरों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई धरातल पर नहीं की है।कार्य वाही सिर्फ नोटिस तक ही सिमटकर रह जाती है।यूं तो लोगों के स्वास्थ्य और जान से खिल वाड़ करने वाले ऐसे लोगों के खिलाफ अफस रों को सख्ती दिखाने में में कसर नहीं रखनी चाहिए।लेकिन स्थानीय स्तर पर इसका बिल्कु ल ही उल्टा हो रहा है।वे झोलाछापों के प्रति नरमी बरतने में कसर नहीं छोड़ते।शिकायतों पर जब कभी स्वा स्थ्य विभाग के अफसर किसी झोलाछाप के यहां पहुंचते भी हैं तो सिर्फ नोटिस थमाकर आ जाते हैं।बाद में झोलाछाप डॉक्टर अफसरों से संपर्क कर ता है और विभागीय कर्मियों की जेबें गर्म करने के बाद उसका कसूर ही खत्म हो जाता है।

## राजकीय आईटीआई में आज आयोजित होगा रोज़गार मेला

बहराइच । प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से राजकीय आईटीआई एवं सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय आईटीआई परिसर बहराइच में 20 सितंबर 2025 को प्रातः 10:00 बजे से एक दिवसीय रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा रोजगार प्रदान किये जाने हेतु इच्छुक बेरोज़गार युवक-युवतियों के पंजीकरण करते हुए चयन की कार्यवाही की जाएगी। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्या राजकीय आईटीआई स्मृति शर्मा ने बताया कि रोज़गार मेले में आईटीआई सभी ट्रेड, डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के साथ-साथ कक्षा 10वीं एवं 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने हेतु संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल लिमिटेड तथा सिसका एलईडी द्वारा अभ्यर्थियों की योग्यता के अनुसार वेतनमान 15 हजार से 21 हजार रूपये तक अनुकूल पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा।प्रधानाचार्या ने बताया कि एक दिवसीय रोजगार मेले में उ.प्र. कौशल विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित युवा एवं रोज़गार संगम पोर्टल में पंजीकृत/नान पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ बायोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनकी एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 20 सितंबर 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे राजकीय आईटीआई परिसर बहराइच में उपस्थित होकर रोज़गार मेले का अधिकाधिक लाभ उठायें।

# दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज

## विसर्जन मार्ग दुरुस्त करने व निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। आगामी दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व को लेकर नानपारा तहसील प्रशासन की तैयारियां तेज हो गई हैं। उपजिलाधिकारी नानपारा ने तहसील क्षेत्र के विभिन्न मूर्ति विसर्जन स्थलों का सी.ओ. नानपारा के साथ निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने बाबाकुट्टी, निबिया, मथुरा पुल, इटहा पुल, मोहरबा नहर पुल आदि पर बने विसर्जन स्थल का जायजा लिया। साथ ही बिजली विभाग को निर्देशित किया गया कि विसर्जन स्थल पर निर्बाध बिजली आपूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बीते वर्षों की समस्याओं को देखते हुए उन्होंने विशेष रूप से जनरेटर की व्यवस्था भी कराने के निर्देश दिए।

एसडीएम नानपारा ने ग्राम पंचायत द्वारा अस्थायी रूप से कराए गयी व्यवस्थाओ को बी.डी.ओ. द्वारा स्वयं मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्था को पुख्ता बनाने का निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मोनालिसा ने हाईवे से विसर्जन स्थल तक संपर्क मार्ग की स्थिति भी स्वयं देखी। उन्होंने पाया कि जगह-जगह सड़क टूटी हुई है और श्रद्धालुओं को विसर्जन में असुविधा हो सकती है। इस पर उन्होंने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को तुरंत गड्डों को भरने और मार्ग को सुगम बनाने का निर्देश दिया।एसडीएम ने कहा कि दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व के दौरान शांति एवं सुव्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए संबंधित विभागों को समय रहते अपनी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

# नगर निगम 55 करोड़ रुपये की लागत से महानगर के सड़कों की कराएगा मरम्मत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । लम्बे समय से जर्जर और गड्डों से पटी सड़कों की परेशानी झेल रहे शहरवासियों को जल्द ही राहत मिलने वाली है। नगर निगम ने 55 करोड़ रुपये की लागत से महानगर की प्रमुख सड़कों की मरम्मत और निर्माण की प्रक्रिया तेज कर दी है। इस कार्य को नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी) में शामिल कर प्रस्ताव शासन को भेजा दिया है।नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के अनुसार अगले सप्ताह इसका टेंडर जारी कर दिया जाएगा और दीपावली तक मरम्मत व निर्माण का काम शुरू करा दिया जाएगा। इस वर्ष मानसून में हुई मूसलाधार बारिश ने भी शहर की सड़कों की हालत पूरी तरह बिगाड़ दी है। कई प्रमुख मार्गों में जगह-जगह गड्ढे हो गए और हादसों का भी खतरा बढ़ गया। आम नागरिकों से लेकर व्यापारी संगठनों तक ने निगम से इस समस्या का त्वरित समाधान करने की मांग उठाई थी। करीब 125 सड़कों को मरम्मत और निर्माण के लिए चुना गया है। इन सड़कों पर गड्ढे भरने, डामर बिछाने और जहां जरूरत होगी ।

# नोडल अधिकारी ने डीएम व सीडीओ के साथ ग्रामीण स्टेडियम मरौचा का किया निरीक्षण

## निर्माण कार्य को मानक व गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करने के दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । नोडल अधिकारी, सेन्ट्रल प्रभारी, नीति आयोग, संयुक्त सचिव भारत सरकार आलोक तिवारी ने जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ ग्रामीण स्टेडियम मरौचा में धनराशि रू. 63.52 लाख की लागत से निर्माणाधीन मरम्मत और अपग्रेडेशन कार्य का निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी श्री तिवारी ने ग्रामीण स्टेडियम के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम को निर्देश दिया की निर्माण कार्य को निर्धारित मानक और गुणवत्ता के साथ समय से पूरा किया जाय। इस अवसर पर सहायक अभियंता चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी, आयुष चिकित्सक डॉ. पियूष नायक सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# पीडीए पंचायत समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी : धनपति वर्मा एडवोकेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार विधानसभा बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम ज्योराह कल्यानपुर एवं परेवा अनूप में पीडीए जनचर्चा पंचायत आयोजित की गई।जिसमे मुख्य अतिथि सपा जिला उपाध्यक्ष चाचा बालकराम रहे है।कार्यक्रम का संचालन 128 विधानसभा बरखेड़ा महासचिव नरेश कुमार सागर ने किया है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर विधानसभा बरखेड़ा अध्यक्ष धनपति वर्मा एडवोकेट ने अपने संबोधन में कहा सपा समाज के वंचितों वर्गो के अधिकार के लिए लड़ती रही है। पीडीए पंचायत समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी समाजवादी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाना है।इस मौके सपा सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर,धनपति वर्मा एडवोकेट,129 विधानसभा पूरनपुर संजय सिंह यादव,128 विधानसभा महासचिव नरेश कुमार सागर,चंद्रप्रकाश यादव,अशोक कुमार वर्मा,ऋषिपाल वर्मा, वेदप्रकाश दीक्षित, कांताप्रसाद वर्मा,राजीव कुमार वर्मा, महेश कुमार वर्मा, वीरेंद्र प्रताप वर्मा, राहुल गंगवार, यशपाल आचार्य,सोनू गंगवार, फूलचंद्र आचार्य, यशपाल गंगवार, भागवत सरण,राजकुमार गंगवार, शंकरलाल, दुर्वेश पाल, ज्ञानेंद्र सिंह, रामकिशोर, सुरेन्द्र कुमार, भूपराम, जितेंद्र पाल,सुरेश कुमार, अमरपाल, जितेंद्र कुमार, अजयपाल, तेजराम, ओमपाल वर्मा, नरेश पाल, राजेंद्र प्रसाद राठौर, रामचंद्र, तिलकराम, सूरजपाल, धर्मवीर, प्रेमप्रताप, धर्मवीर, छोटेलाल, रामनारायण, वीरपाल, हरीशचंद्र, शिवम, यशपाल, प्रेमपाल, विपिन कुमार, वेदप्रकाश,राकेश बाबू राजपूत, होरीलाल,घनश्याम,नन्हे लाल, ज्वलाप्रसाद, रामचंद्र लाल,निर्वहन सिंह,रामदीन वर्मा, महेश बाबू मौर्य, राधेश्याम, नरेंद्र कुमार मौर्य, ज्ञानप्रकाश, पुत्तू लाल,अमन कुमार, सुरेश पाल, सुखदेव, देवेंद्र कुमार, पप्पू गंगवार,भीमसेन,सर्वेश,देवेंद्र कुमार, विनोद कुमार,सुरेश गंगवार, नरेश, नेतराम, राजेश कुमार,शैलेश कुमार, मदनलाल, रामगोपाल, सोमपाल, ओमप्रकाश, अशोक कुमार, योगेश, रामकृष्ण,विशम्बर दयाल, विनीत कुमार, धर्मेंद्र कुमार, लाल बहादुर, रामदुलारे आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं सम्मानित ग्रामवासी शामिल रहे हैं।

## किसान नेता और भाजपा चेयर मेन पति के बीच हुई मारपीट में क्रॉस मुकदमा दर्ज

पीलीभीत।नगर पंचायत नौगवां पकड़िया के चेयरमैन पति संतोख संधू द्वारा भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के कार्यकर्ता से मारपीट के मामले में सुनगढ़ी थाने में बीती रात हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद चेयरमैन पति की ओर से भी भाकियू नेता के खिलाफ देर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है भानू गुट के कार्यकर्ता निसार शाह पुत्र लालू शाह ने चेयरमैन पति संतोष सिंह संधू पर बंधक बनाकर मारपीट का आरोप लगाया था इस मामले में किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने थाने में जमकर हंगामा किया था धरना प्रदर्शन के बाद पुलिस ने उसकी तहरीर पर चेयरमैन पति संतोख संधू व चार अन्य के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली थी, बाद में इसकी जानकारी मिलने पर चेयरमैन संदीप कौर ने अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंचकर जमकर हंगामा किया और वह धरने पर बैठ गई थी, वे दूसरे पक्ष पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग कर रही थी सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने कार्रवाई के आधासन पर धरना समाप्त करा दिया था, पुलिस ने देर रात संतोष संधू की तहरीर पर निसार के खिलाफ सार्वजनिक अभद्र भाषा का प्रयोग करने मे मुकदमा दर्ज कर लिया इसकी भनक लगते ही किसान नेताओं मे भारी नाराजगी व्यक्त की वही मामला क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना हुआ है।

## अमित मिश्रा ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का मालार्पण का किया स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।सेवा पगवाड़ा एवं प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत आज उत्तर प्रदेश के यशस्वी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी पीलीभीत भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पधारे उन्होंने भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरने का कार्य किया कार्यक्रम संयोजक श्री लेखराज भारती जी जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत मुझे माननीय केशव प्रसाद मौर्य जी उप मुख्यमंत्री के माल्यार्पण करने एवं मोमेंटो प्रदान करने हेतु बुलाया मंच पर बुलाया गया जिसके लिए मैं उनका हृदय से आभारी हूं कार्यक्रम मे संजय सिंह गंगवार जी राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एमएलसी सुधीर गुप्ता जी विधायक विवेक वर्मा जी बाबूराम पासवान जी भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय जिला अध्यक्ष श्री संजीव प्रताप सिंह जी जिन्होंने मेरा परिचय उपमुख्यमंत्री जी से कराया जिसके लिए मैं उनका हृदय से आभारी हूं जिला महामंत्री अमित अग्रवाल जी पीलीभीत की अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल जी भारतीय जनता पार्टी के नगर उपाध्यक्ष गुंजन सक्सेना जी भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्य करनी सदस्य विशाल वर्मा जी त्रिभुवन शर्मा जी अरुण जी समर आजाद समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करने का भी अवसर प्रदान हुआ ।

# केएनआईटी में बिना पीएचडी पदोन्नति के मामले में मुख्यमंत्री से हुई शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। भारत सरकार के राजपत्र संख्या 182 के विपरीत पीएचडी किए बिना ही कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, सुल्तानपुर के व्याख्याताओं की हो रही कैश के अंतर्गत पदोन्नति। बताते चले केएनआईटी में कार्यरत तीन व्याख्याता की पदोन्नति का प्रस्ताव बिना पीएचडी किए ही प्रशासनिक परिषद (बीओजी) की 56 वीं बैठक में रखा गया था जिस पर आपत्ति के बाद गठित कमेटी गठित ने पदोन्नति के प्रस्ताव पर असहमति जताई। 57वीं प्रशासनिक परिषद (बीओजी) की बैठक में पीएचडी किए बिना तीनों व्याख्याताओं की पदोन्नति के प्रस्ताव को पुनः निरस्त कर दिया। सूत्रों का कहना है कि प्रशासनिक परिषद (बीओजी) 60 वीं बैठक में निदेशक, केएनआईटी ने तथ्यगोपन करते हुए उपरोक्त प्रस्ताव को स्वीकृत करा लिया।

केएनआईटी के निदेशक डॉ राजीव कुमार उपाध्याय द्वारा 2018 के शासनादेश के विपरीत आर के सिंह, वाई के सिंह, प्रो समीर श्रीवास्तव आदि को वेतन वृद्धि देने की संस्तुति की गई है। जबकि ऐसे ही प्रकरण में निदेशक डॉ राजीव कुमार उपाध्याय और कुलसचिव डॉ ए के चौहान के द्वारा जारी पत्र से डॉ अवधेश द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 07 वर्ष के भीतर पीएचडी पूर्ण नहीं कर पाने पर उनकी वेतन वृद्धि रोक दी है। जिसके बारे पूछने पर केएनआईटी के निदेशक डॉ राजीव कुमार उपाध्याय ने कहा कि मैं इन प्रकरणों पर कुछ नहीं कहूंगा। वेतन भुगतान होने के बाद ही कुछ बता पाऊंगा। अधिक जानकारी के लिए कुलसचिव डॉ ए के चौहान से बात कर सकते हैं।

कुलसचिव डॉ ए के चौहान ने बताया कि मुझे इन प्रकरणों से संबंधी नियम का ज्यादा ज्ञान नहीं है। क्योंकि प्रशासनिक परिषद (बीओजी) में जो प्रस्ताव रखा जाता है। उसके सचिव केएनआईटी के निदेशक होते है। जो मेरे ऊपर के स्तर के हैं। क्या सही है क्या गलत इस बात को निदेशक ही बता सकते हैं। उपरोक्त प्रकरणों की पत्रावली पर हमारे द्वारा कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त विषय पर और जानकारी लेने के लिए मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ मणि त्रिपाठी से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बात करने से मना करते हुए कहा गया कि इस प्रकरण पर मुझे बोलने की अनुमति नहीं है। आप डायरेक्टर से बात कर सकते हैं। दोनों प्रकरणों पर उत्तर नहीं दे पाए केएनआईटी के निदेशक, कुलसचिव और मीडिया प्रभारी। इसके डीडीओ एडीएम वित्त होते हैं जिनके हस्तक्षेप से निदेशक द्वारा किए तथ्य गोपन का खुल सकता है राज। इन प्रकरणों की शिकायत जनसुनवाई के माध्यम से मुख्यमंत्री से हुई है।

# प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम में भाजपा कार्यालय पीलीभीत पहुंचे डिप्टी सीएम केशव मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। प्रबुद्ध जन संवाद एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यालय पीलीभीत पहुंचे डिप्टी सीएम केशव मौर्य इस दौरान डिप्टी सीएम ने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों की तैयारियों में जुटने और पीलीभीत में दोबारा कमल खिलाने का आह्वान किया डिप्टी सीएम ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर तंज कसा और कहा कि अखिलेश यादव का यूपी में 2047 तक कोई भविष्य नहीं है। राहुल गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की सीट पर उनका भी कभी सपना पूरा नही होगा डिप्टी सीएम ने कहा कि विपक्ष चुनाव आयोग पर प्रश्नचिह्न लगाकर जनता को गुमराह करने का काम करता है। जबकि वास्तविकता यह है कि अब बूथ कैप्चरिंग जैसे तरीके काम नहीं आते बल्कि जनता की अदालत में फैसले होते हैं। पहले गुंडागर्दी के सहारे चुनाव जीते जाते थे।लेकिन भाजपा शासन में गुंडे प्रदेश से बाहर हो गए हैं। यही वजह है। कि भाजपा प्रत्याशी जीत हासिल करता है।विपक्ष को केवल निराशा हाथ लगती हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनावों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां जनता ने विपक्ष को करारा जवाब दिया अब बिहार में भी एनडीए गठबंधन बहुमत से जीत दर्ज कर रहा है। सेवा पखवाड़े पर बोलते हुए मौर्य ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी स्वास्थ्य को लेकर विशेष अपील की है। इसके तहत जगह-जगह मेडिकल कैंप लगाए जा रहे हैं। जहां महिलाओं समेत सभी लोगों की जांच निशुल्क की जाएगी।कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने घरों की महिलाओं को इन मेडिकल कैंपों में ले जाकर स्वास्थ्य परीक्षण कराएं, क्योंकि नारी स्वस्थ होगी तो देश स्वस्थ होगाउसके बाद डिप्टी सीएम गांधी सभागार पहुंचकर जिले के अधिकारियों और पत्रकारों के साथ बैठक की इस बैठक में मौर्य ने पीलीभीत की खराब सड़कों पर कड़ा रुख अपनाते हुए उनकी तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि प्रदेश और केंद्र सरकार का खजाना पीलीभीत की जनता के लिए खुला है विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी मीडिया से बातचीत में केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प पूरा हो सकता है। सभागार से बैठक समाप्त कर सीधे पूरनपुर के 13 मील ग्राम उदयकरनपुर में साक्षी फाउंडेशन श्री गुरु आशीष आश्रम प्रेम सुगंध के आश्रम पहुंचे इस अवसर विभिन्न जनप्रतिनिधि व पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी व सम्मानित कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोग उपस्थित रहे है।

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने लहराया परचम

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। कंपोजिट विद्यालय डोरी लाल भीमसेन पीलीभीत के बच्चों ने एसजीएफआई जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। अंडर 14 बालक और बालिका दोनों वर्ग में विद्यालय के बच्चे विजेता रहे। यह प्रतियोगिता शुक्रवार को शाहगढ़ में संपन्न हुई थी। अब ये बच्चे मंडल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। मंडल प्रतियोगिता 26 सितंबर 2025 को बरेली मंडल में होगी।इस जीत से विद्यालय के बच्चों का मनोबल बढ़ा है और वे आगे की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार हैं।

## पुलिस ने मंदिर से चोरी की गई चांदी के साथ एक युवक को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने शिव मंदिर में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुये चोरी की तीस ग्राम चांदी के एक युवक को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अनूप मिश्रा पुत्र स्वर्गीय विनोद कुमार मिश्रा निवासी मानशाहपुर थाना मुसाफिरखाना को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से तीस ग्राम की सफ़ेद धातु (चांदी) की कुचली हुई पत्तर बरामद हुई। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवक ने बताया कि तीस अगस्त की रात में अपने साथी भीम सिंह पुत्र राजकुमार सिंह के साथ तालाब के किनारे स्थित शिव मंदिर के अंदर शिवलिंग पर चांदी जड़े अरघे से चांदी की पत्तर तोड़कर चोरी कर लिया था जिसको भीम सिंह के साथ आधा आधा बांट लिया था जिसे बेचने के लिये जा रहा था। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता आज होगी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय सबजूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन हेतु जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल्स निर्धारित किया गया है। इस क्रम में उन्होंने बताया कि प्रदेशीय समन्वय सबजूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता का जिला स्तर ट्रायल्स अमेठी में उनतीस सितम्बर एवं मण्डल स्तर ट्रायल्स अयोध्या में तेइस सितम्बर तथा क्षेत्रीय खेल कार्यालय आगरा में चार अक्टूबर से छह अक्टूबर तक प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उपरोक्त खेल का जिला स्तर चयन ट्रायल्स बीस सितम्बर को प्रातः ग्यारह बजे जनपद के डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा एवं उक्त चयन ट्रायल्स में भाग लेने हेतु इच्छुक खिलाड़ियों की आयु एक जनवरी 2009 से इकतीस दिसम्बर 2009 के मध्य होनी चाहिये तथा प्रतिभागी खिलाड़ियों को अपने स्कूल, कालेज के प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित आयु प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो व आधार कार्ड की छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य होगा।

## चोरी के बर्तन और नकदी के साथ एक युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामगंज पुलिस ने चोरी के अभियोग में वांछित एक युवक को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से चोरी के घरेलू उपयोग के बर्तन व चोरी के सामान की बिक्री का एक हजार दो सौ रूपये नगद बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना रामगंज के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण मोहन सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी के मामले में वांछित सचिन पटेल पुत्र राजेश पटेल निवासी ग्राम त्रिसुण्डी थाना रामगंज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में उसके कब्जे से एक हजार दो सौ रुपया नकद बरामद हुआ है।पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में उसने बताया कि वह कुछ माह पहले अपने साथी रामधन व अर्जुन के साथ मिलकर अपने गांव में ही चन्द्रशेखर तिवारी के घर में पीछे के रास्ते से सीढ़ी से घुसकर शादी के बर्तन, बैटरी व अनाज चोरी किया था जिसमें कुछ सामान आने जाने वाले राहगीरों को बेचकर पैसा आपस में बांट लिया था बरामद रुपये उसी चोरी के सामान की बिक्री से मिले रुपये में शेष हैं। पुलिस टीम ने उसकी निशानदेही पर झाड़ियों से एक पीतल की थाली व तीन स्टील की थाली बरामद हुई है।इस सम्बंध में थाना रामगंज के थानाध्यक्ष कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# पुलिस ने फायरिंग करने वाले दो लोगों को बारह घण्टे में धरदबोचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना मुंशीगंज पुलिस ने बारह घण्टे के भीतर फायरिंग की घटना कारित करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ ही उनके कब्जे से दो अदद तमंचा दो खोखा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व वांछित युवकों की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर फायरिंग करने वाले मोटर साइकिल सवार रंजीत गुप्ता पुत्र छेदीलाल गुप्ता निवासी रामनगर थाना व जनपद अमेठी,रवीन्द्र कुमार उपाध्याय उर्फ सन्टू पुत्र स्वर्गीय राधेश्याम उपाध्याय निवासी सीवनगांव मजरे पनियार थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा तलाशी के दौरान इन दोनों युवकों के कब्जे से एक एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बजाज पल्सर यूपी 36 एक्स 6485 के कागजात मांगने पर दिखा नही सके। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवकों ने बताया कि उसके व उसके साथियों द्वारा गुरुवार की शाम को राजेन्द्र कुमार अग्रहरि की दुकान से मसाला गुटखा खाने को लिये थे दुकानदार द्वारा पैसा मांगने पर मारपीट व जान से मारने की नियत से अपने अपने तमंचो से फायर कर इसी मोटरसाइकिल से भाग गये थे।इस सम्बंध में थाना मुंशीगंज के प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# आठवें वेतन आयोग को लेकर रेल कर्मियों ने दिया जंक्शन पर धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। आठवें वेतन आयोग के गठन में एवं उसकी शर्तों में हो रहे विलंब को देखते हुए आज एक रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर धरना एवं प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

धरने को संबोधित करते हुए शाखा मंत्री कामरेड आसिम सज्जाद ने कहा की आठवां वेतन आयोग 1 जनवरी 2026 से लागू होना है, परंतु अभी तक सरकार ने पूरी कमेटी का गठन ही नहीं किया है। आयोग का गठन एवं उसकी शर्तों का निर्धारण करके पूरी समिति का गठन किया जाए और रिपोर्ट को 1 जनवरी 2026 से लागू किया जाए। कार्यक्रम को पूर्व शाखा अध्यक्ष कामरेड महावीर प्रसाद यादव, का. अनिल श्रीवास्तव, का. जे ए फारुकी, का. के सी मीणा, का. अमरेंद्र यादव, का. रविंद्र यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पूर्व शाखा मंत्री का. एस सी द्विवेदी ने कहा कि सरकार रनिंग कर्मचारीयों का 25 परसेंट माइलेज का भुगतान एवं 56 लोको पायलट का नियम विरुद्ध किए गए स्थानांतरण को अभिलंब रद्द करें।

कार्यक्रम में सहायक शाखा मंत्री केशव गुप्ता, का. भूर सिंह मीणा, का. कपिल देव तिवारी, का. ज्योति श्रीवास्तव, का. यशवंत सिंह एवं कोषाध्यक्ष का. काली प्रसाद, का. नीतीश कुमार सिंह, रमेश कुमार, विपिन कुमार संजय पांडे, शीतला दुबे, का. जयप्रकाश मीणा का. फागु राम समेत सैकड़ो साथी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। हलियापुर थाना क्षेत्र के कांकर कोला गांव में शुक्रवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक नव विवाहिता की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अजमेरुल निशा उम्र लगभग बीस वर्ष जिनका मायका कोटवा कोछित जनपद अमेठी है। उसकी शादी बीते जून माह में हलियापुर थाना क्षेत्र के कांकर कोला निवासी इशतिखार पुत्र इलियास के साथ हुई थी पति इशतिखार भाइयों के साथ दिल्ली में रोजगार करता है घर पर अजमेरूल निशा की ननद हिना व बुजुर्ग सास तथा ससुर इलियास रहते हैं। शुक्रवार सुबह ससुर इलियास दवा लेने के लिए लखनऊ गया था घर पर बुजुर्ग सास व ननद हिना तथा मृतका अजमेरुल निशा थी। इसी बीच किसी पारिवारिक विवाद को लेकर अजमेरुल निशा छत पर चली गई जिसके कुछ देर बाद नीचे खाना बना रही ननद हिना जब छत पर पहुंची तो छत के ऊपर बने कमरे में अजमेरूल निशा को टीनशेड की पाइप से दुपट्टे से लटका हुआ देखा उसने शोर मचाया मौके पर परिजनों ने उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। सूचना मिलते ही मृतक के ससुर जगदीशपुर से वापस घर पहुंचे तब तक मृतका के मायके वाले भी पहुंच चुके थे सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने विधिक कार्यवाही बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

इस संबंध में थाना प्रभारी तरुण पटेल ने बताया कि विधिक कार्यवाही बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

# डिप्टी सीएम ने गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ की मीटिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के पीलीभीत भ्रमण के दौरान गांधी सभागार कलेक्ट्रेट पीलीभीत में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय प्रगति की समीक्षा बैठक आहूत की गई।बैठक से पूर्व गांधी सभागार प्रांगण में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जागरूकता हेतु प्रचार प्रसार हेतु स्टॉल लगाए गए जिसमें बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग पीलीभीत के स्टॉल पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा कम नमक व कम तेल से बनाई गई स्वादिष्ट व पौष्टिक रेसिपी का प्रदर्शन किया गया जिसका रसास्वादन प्रांगण में मौजूद तमाम लोगों द्वारा किया गया।बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा विभागीय योजना सामुदायिक गतिविधि के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन प्रांगण में किया गया। उपमुख्यमंत्री द्वारा मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पौष्टिक आहार से युक्त डलिया भेंट कर शुभेच्छाएं दी गई तदोपरान्त निरीक्षण के दौरान बाल विकास के स्टॉल पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बनाई गई रेसिपी को दिखा तथा रेसिपी की सराहना की गई स्टॉल पर ही उपमुख्यमंत्री द्वारा जनपद की उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यत्रियों को वजन मशीन व सम्मान शील्ड देकर सम्मानित किया गया सम्मान पाने वाली कार्यत्रियां रीना, मुन्नी, आसमा जवी, सोनी श्रीवास्तव , मंजू भारती, नीरज देवी, मंजू रानी, अर्चना गंगवार रहीं हैं।

## सम्पादकीय

# डेटा के उपयोग से कारोबार की तरक्की में मददगार पेशा

इन दिनों बाजार का ज्यादातर बिजनेस डेटा आधारित हो गया है। ऐसे में डेटा का विश्लेषण करना और उसका सही तरह से उपयोग कर बिजनेस को अनुकूलतम बनाने के साथ-साथ उसकी सुरक्षा करना बेहद आवश्यक हो गया है। बिजनेस इंटेलिजेंस एनालिस्ट का कैरियर बहुत मायने रखता है। एक तरह से यह बिजनेस के संरक्षक होते हैं जो बिजनेस को समझने, उसे बढ़ाने और सुरक्षित करने का महत्वपूर्ण काम करते हैं। इसीलिए आजकल बिजनेस इंटेलिजेंस का कैरियर युवाओं के लिए यउपयोगी, कमाऊ और लोकप्रिय बनता जा रहा है। बिजनेस इंटेलिजेंस एनालिस्ट एक स्किल्ड प्रोफ़ेशनल होता है जो डेटा की निगरानी करने तथा उसे उपयोगी व्यवसाय प्रक्रिया में बदलने के लिए जिम्मेदार होता है। यह अपने बिजनेस ऑर्गेनाइजेशन में वैल्यू एडिशन करता है। वह अपने ऑर्गेनाइजेशन के लिए नई-नई बिजनेस ऑपर्चुनिटी खोज कर उसे अपने व्यवसाय में जोड़ता है जिससे बिजनेस को अपडेट तथा बाजार में नवीनतम बनाए रखने में मदद मिलती है। बिजनेस एक्सपर्ट्स के अनुसार, डेटा बिजनेस की गाड़ी के लिए एक नया फ्यूल है जो बिजनेस से संबंधित इंफॉर्मेशन हासिल करने में सहायक है। यह इंफॉर्मेशन बिजनेस एफिशिएंसी और उसके रेवेन्यू को बढ़ाने में मदद करती हैं। उपलब्ध इंफॉर्मेशन और डेटा का विश्लेषण कर उपयोगी डेटा का सिलेक्शन और अनुपयोगी डेटा का रिजेक्शन करने वाला ही बिजनेस इंटेलिजेंस एनालिस्ट होता है। बिजनेस इंटेलिजेंस एनालिस्ट डेटा मॉडलिंग, डेटा एनालिसिस, डेटा विजुअलाइजेशन और एआई-संबंधित स्किल्स और टेक्निक्स का उपयोग करके इनसाइट्स विकसित करते हैं जो कंपनी के मैनेजर्स, एक्जिक्यूटिव्ज और डिपार्टमेंट्स को नोटिफाइड स्ट्रैटजी कमर्शियल डिसिजन्स को डेवलप करने में मदद करते हैं। उनकी भूमिका में मुख्य रूप से अपने निष्कर्षों को साझा करने के लिए प्रमुख बेनिफिशियरीज के साथ बातचीत करना भी शामिल है। वे वित्तीय, रोजगार, व्यय और राजस्व रिपोर्ट सहित ऑर्गेनाइजेशनल डेटा का एक्सट्रैक्शन और एनालिसिस करते हैं। उनके काम में रिपोर्ट की गई प्रॉब्लम्स के बारे में डेटा कलेक्शन और ऐसे सॉल्यूशंस की अनुशंसा करना है जो प्रोसेजियर्स एफिशिएंसी और सिस्टम्स एक्जिबिशन को बढ़ाते हैं। उनका काम कॉस्ट और प्रॉफिट एनालिसिस भी है। वे मौजूदा स्ट्रैटजी की एफिशिएंसी का एनालिसिस करके मैनेजमेंट और एक्जिक्यूटिव्ज को सूचित और प्रशिक्षित करते हैं तथा रिफॉर्म्स को लागू करने में सहायता कर ऑर्गेनाइजेशनल परफॉर्मेंस को बिजनेस के अनुरूप बनाने का काम भी करते हैं। बिजनेस के लिए जरूरी मॉड्यूल्स को अपनाकर टीम मैनेजमेंट में मदद करते हैं। वहीं उनके काम में चौटबोट और एआई जैसे टूल्स को प्रभावी रूप से उपयोग में लाना, डेटा कम्युनिकेशन के लिए वर्कशॉप का आयोजन करना तथा उससे संबंधित रिपोर्ट तैयार करना भी शामिल है। बीआई एनालिस्ट्स को उनके द्वारा विश्लेषित डेटा से स्पष्ट, उपयोगी इनसाइट पैदा करने के लिए आवश्यक टूल्स प्रदान किए जा सकते हैं। इससे बीआई एनालिस्ट्स को यह समझने में मदद मिलती है कि वह डेटा वास्तविक व्यावसायिक निर्णयों में कैसे तब्दील हो सकता है। एआई उद्योग की विशाल मात्रा में डेटा को संश्लेषित करने और निर्णयों को सुसंगत कार्य आईबीएम जैसी स्थापित दिग्गज कंपनियों से लेकर स्टार्टअप तक कई शीर्ष तकनीकी कंपनियां इसयोजनाओं में स्वचालन की क्षमता को सशक्त बनाती हैं। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और अन्य दृष्टिकोण का लाभ उठाने की कोशिश कर रही हैं। आजकल लगभग सभी बड़ी कंपनियों के पास बहुत सारा मूल्यवान डेटा उपलब्ध है। व्यवसाय करने के दौरान और अन्य स्रोतों से एकत्रित डेटा जो उनके संगठन के लिए रिलेवेंट है, बिजनेस को मौजूदा परिस्थिति में मार्केट के लिए तैयार करता है। बिजनेस इंटेलिजेंस एनालिस्ट इन डेटा को समझने, उपयोगी जानकारी खोजने के लिए गहराई से खोज करने, रुझानों की पहचान करने और कार्रवाई योग्य बिजनेस इनसाइट पैदा करने में एक आवश्यक भूमिका निभाते हैं।

# मूर्ति-पूजा भारत की प्राणशक्ति है!

**हिंदू भक्त जब मूर्ति के सामने खड़ा होता है तो उसे निर्जीव शिला नहीं, उसे उसमें अपनी आस्था का साक्षात स्वरूप दिखाई देता है। दर्शन मात्र से उसका मन स्थिर होता है, ऊर्जा मिलती है और आत्मा परिष्कृत होती है। यही कारण है कि मंदिर कभी सिर्फ धार्मिक स्थल नहीं रहे हैं, वह तो भारतीय समाज और संस्कृति के जीवंत केंद्र हैं। जब आक्रांता मंदिर तोड़ते थे, मूर्तियों के सिर तोड़ते थे, तो वे जानते थे कि वे भारत की आत्मा को चोट पहुँचा रहे हैं। उसके बाद भारत हर बार राख से उठ खड़ा हुआ, क्योंकि उसकी प्राणशक्ति इन मूर्तियों और मंदिरों में ही बसती है। इस्लाम और ईसाईयत की आंधी हर संभव प्रयास करके भी हिन्दुओं को समाप्त नहीं कर सकी, जबकि कई देशों के अनुभव हैं कि वे अपनी मूल संस्कृति को ढहा आए। इन देशों में अनेक ऐसे भी देश हैं, जिनकी वर्तमान पीढ़ी को पता ही नहीं कि उनकी जड़े कहां हैं! जबकि इन सब के बीच भारत अखण्ड, साश्वत खड़ा है। इसी पृष्ठभूमि में सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी हर हिन्दू मानस को गहरी पीड़ा पहुंचा गई। मध्यप्रदेश के खजुराहो स्थित जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट लंबी प्रतिमा सदियों पहले मुगल आक्रमणों के दौरान खंडित कर दी गई थी। भक्त राकेश दालाल ने याचिका दायर कर इसकी बहाली की माँग की।**

भारत की आत्मा को समझना हो तो मूर्ति-पूजा को समझना होगा। यह सिर्फ एक धार्मिक कर्मकांड नहीं, है, सहस्राब्दियों से चली आ रही आध्यात्मिक परंपरा है, जिसने इस देश को हर संकट में खड़ा रहने का साहस दिया। हिंदू धर्म ने हमेशा यह स्वीकार किया है कि मनुष्य का मन निराकार का ध्यान नहीं कर सकता। उसे प्रतीक चाहिए, साकार रूप चाहिए, जिसमें वह अपनी भक्ति और श्रद्धा को केंद्रित कर सके। इसी कारण मूर्तियाँ केवल पत्थर या धातु की वस्तुएँ यहां कभी नहीं रहीं, ये सदैव से ही प्राण-प्रतिष्ठा के बाद जीवंत प्रतीक बन जाती हैं।

हिंदू भक्त जब मूर्ति के सामने खड़ा होता है तो उसे निर्जीव शिला नहीं, उसे उसमें अपनी आस्था का साक्षात स्वरूप दिखाई देता है। दर्शन मात्र से उसका मन स्थिर होता है, ऊर्जा मिलती है और आत्मा परिष्कृत होती है। यही कारण है कि मंदिर कभी सिर्फ धार्मिक स्थल नहीं रहे हैं, वह तो भारतीय समाज और संस्कृति के जीवंत केंद्र हैं। जब आक्रांता मंदिर तोड़ते थे, मूर्तियों के सिर तोड़ते थे, तो वे जानते थे कि वे भारत की आत्मा को चोट पहुँचा रहे हैं। उसके बाद भारत हर बार राख से उठ खड़ा हुआ, क्योंकि उसकी प्राणशक्ति इन मूर्तियों और मंदिरों में ही बसती है। इस्लाम और ईसाईयत की आंधी हर संभव प्रयास करके भी हिन्दुओं को समाप्त नहीं कर सकी, जबकि कई देशों के अनुभव हैं कि वे अपनी मूल संस्कृति को ढहा आए। इन देशों में अनेक ऐसे भी देश हैं, जिनकी वर्तमान पीढ़ी को पता ही नहीं कि उनकी जड़े कहां हैं! जबकि इन सब के बीच भारत अखण्ड, साश्वत खड़ा है। इसी पृष्ठभूमि में सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी हर हिन्दू मानस को गहरी पीड़ा पहुंचा गई। मध्यप्रदेश के खजुराहो स्थित जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट लंबी प्रतिमा सदियों पहले मुगल आक्रमणों के दौरान खंडित कर दी गई थी। भक्त राकेश दालाल ने याचिका दायर कर इसकी बहाली की माँग की। उनका कहना था कि यह केवल पुरातत्व का मामला नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं के पूजा-अधिकार से जुड़ा प्रश्न है। अब उसने क्या गलत कहा, जब एएसआई देश भर में कई मंदिरों की खण्डित मूर्तियों को उस मूर्ति स्वरूप के पत्थर के पाउडर से वैज्ञानिक उपचार कर उसके पुराने स्वरूप में उसे वापस ला सकती है, तब यहां यह प्रयोग क्यों नहीं हो सकता है? किंतु सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा, अगर तुम भगवान विष्णु के इतने कट्टर भक्त हो तो जाओ, उनसे प्रार्थना करो। क्या यह टिप्पणी केवल एक वाक्य है, इसके वास्तविक निहितार्थ बहुत गहरे हैं, ये एक ऐसे नैरेटिव को जन्म देता है, जिसमें विष?णु के पास जाने का अर्थ या तो अपने भौतिक शरीर को त्याग देना है या फिर पूरी तरह आत्मा के प्रकाश में हरि भक्ति में मौन हो जाना है, दोनों ही स्थिति में व्यक्ति फिर कभी कोर्ट के समक्ष या किसी के सामने अपनी चिंताएं व्यक्त करने से परे हो जाता है। एक तरह से जो दिखाई देता है कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था का उपहास हैं ये शब्द। यथा; अगर तुम्हारे देवता इतने ही सच्चे हैं तो खुद को बचा क्यों नहीं पाए? ऐसा भी नहीं है कि ये स्वर समाप्त हो गए हैं, यही वाक?त या इससे मिलते जुलते शब्दों से सोशल मीडिया भरा पड़ा है, यानी कि देश में एक वर्ग ऐसा भी है जो हिन्दुओं की मूर्ति पूजा को अभी भी चुनौती दे रहा है। किंतु आज जब यही स्वर न्यायपालिका की भाषा में सुनाई दिया तो हिंदू समाज के लिए यह और गहरी चोट बन गया है। सवाल यह उठता है कि अगर यही टिप्पणी किसी अन्य धर्म, मजहब, रीलिजन को लेकर कही जाती, तो क्या प्रतिक्रिया इतनी शांत रहती? वास्तव में यही असमानता और अन्याय आज हिन्दुओं की सबसे बड़ी समस्या है, जो उन्हें बहुसंख्यक होते हुए भी धर्मनिरपेक्षता के नाम पर यातना स्वरूप दी जा रही है। अल्पसंख्यक जब अपमानित महसूस करते हैं तो वे सड़कों पर उतर आते हैं, नारेबाजी और हिंसा करते हैं। उनकी आक्रामकता को संवेदनशीलता और धार्मिक अधिकार के नाम पर न्यायालय भी अक्सर सहता हुआ दिखा है। यहां तक कि यदि आरोपितों के सार्वजनकि पोस्टर चस्पा कर दिए जाते हैं, तो न्यायालय स्वतः संज्ञान लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त करता है, उन्हें तत्काल हटाने के लिए कहता है। इसके उलट हिंदू अपनी समस्याओं का समाधान संविधान और अदालतों में ढूँढ़ते हैं। किंतु यह क्या अदालतों से उन्हें भी उपहास और तिरस्कार ही मिल रहा है! इससे बेहद खतरनाक संदेश सर्वत्र यही जाता है कि हिंसा का रास्ता परिणाम देता है और संयम का मार्ग उपेक्षा में बदल जाता है। कहना होगा कि यह भारतीय लोकतंत्र और सामाजिक संतुलन के लिए गंभीर चुनौती है। अदालतों का दायित्व सिर्फ कानून की व्याख्या करना ही नहीं है, उसके द्वारा नागरिकों की आस्थाओं का भी सम्मान किया जाना जरूरी है। यदि सुप्रीम कोर्ट को लगता था कि यह मामला पुरातत्व विभाग के दायरे में आता है, तो सीधे-सीधे कह सकती थी कि इसकी सुनवाई हम नहीं करेंगे, मामला पुरातत्व विभाग से जुड़ा है, किंतु यह कहा जाना कहां तक उचित है कि 'भगवान विष्णु के इतने कट्टर भक्त हो तो जाओ, उनसे प्रार्थना करो।' यहां न्यायालय में बैठे न्यायाधीशों को भी समझना आवश्यक है कि हिंदू मूर्ति-पूजा करता है तो वह कोई अंधविश्वासी नहीं। यह उसकी आत्मिक यात्रा का हिस्सा है। मूर्तियाँ उसे निराकार को साकार में देखने का अवसर देती हैं। वे उसके ध्यान, साधना और भक्ति का केंद्र बनती हैं। यही कारण है कि मंदिरों में भक्त घंटों कतार में खड़े रहते हैं, केवल अपने आराध्य (भगवान) की एक झलक पाने के लिए। दर्शन होते ही उन्हें लगता है कि जीवन धन्य हो गया। यह वह विश्वास, मनोवैज्ञानिकता और सांस्कृतिक शक्ति है, जिसने भारत को बार-बार टूटकर भी संभाला है। मूर्ति-पूजा भारतीय सभ्यता की आत्मा है। इसे अंधविश्वास कहकर खारिज करना या अदालत से इसका उपहास करना न केवल करोड़ों भक्तों का अपमान है, बल्कि उस सांस्कृतिक धरोहर का अपमान है जिसने भारत को एकजुट रखा। खजुराहो की टूटी मूर्ति केवल एक प्रतिमा नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता के घावों की स्मृति है। उसकी बहाली केवल पुरातत्व का काम नहीं, बल्कि न्याय की माँग है। – **डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



# तेल देखो तेल की मार देखो

## मुकेश 'कबीर'

डोनाल्ड ट्रम्प के सेकरेट्री पीटर नवारो ने कहा कि रूस के तेल का फायदा भारत के ब्राह्मण उठा रहे हैं। इस बयान ने साबित कर दिया कि बोलने के मामले मे भूरा भाई का छोटू उनसे डेढ़ परसेंट भी कम नहीं है। हालांकि भारत में इन दोनों की बातों को कोई महत्व नहीं देता क्योंकि यहाँ तो एक पहले से ही मौजूद है जो दस साल से हमें इस तरह की मनोरंजक सामग्री उपलब्ध करा रहा है।

असल में भारत में इन तीनों पप्पुओं का गुरु जॉर्ज सोरोस को माना जाता है इसलिए हमारे एक मित्र का कहना है कि सोरोस ने शायद भारत वाले की स्क्रिप्ट अमेरिका वाले को दे दी इसलिए पीटर ने ब्राह्मणों को तेल मे लपेट दिया लेकिन हमें समझ नहीं आ रहा कि ब्राह्मणों का रुसी तेल से क्या लेनादेना? देसी घी की बात होती तो समझ में भी आता कि हवन,पूज,न भोजन प्रसादी के लिए चाहिए होगा लेकिन भारत के ब्राह्मण रुसी तेल सस्ता खरीदकर महंगा बेच रहे हैं यह बात सुनकर तो लगता कि पप्पू स्टाइल अब पूरी दुनिया में चल चुका है। एक बात यह भी साबित हो गई कि पीटर भारत वाला हो या अमेरिका वाला दोनों को ब्राह्मणों से खुन्नस रहती है और हमें तो ऐसा भी लगा कि बहुजन समाजवादी पार्टी को गोरा प्रवक्ता मिल गया, वैसे भी बहिन जी अकेली लगी हुई थीं, अब उन्हें भी सहारा मिल जाएगा। बुढ़ापे मे चाहिए भी एक भरोसेमंद साथी, जो उन्हें अमेरिका में मिला वरना भारत में तो बहिन जी का हाल माया मिली ना राम जैसा हो चुका था। खैर पीटर के इस बयान ने भारत की राजनीति मे हीटर जरूर लगा दिया। हमारे विपक्षी दल चकर घिन्नी हो गए उनको लगता है कि हम बेवजह अडानी को बदनाम करते रहे मुनाफा तो ब्राह्मण कमा रहें हैं, सत्ता वाले इसलिए परेशान हैं कि उन पर फिर से ब्राह्मणवादी होने का आरोप लगेगा फिर दलितों का गुस्सा झेलना पड़ेगा और दलितों को लगता है रूस ने तेल बेचने में आरक्षण के नियमों का पालन क्यों नहीं किया और हमारे अडानी यह सोचकर दुखी है कि इस साल भी दुनिया का सबसे अमीर आदमी बनने का सर्टिफिकेट हासिल नहीं हो पाएगा यहां भी ब्राह्मणों ने भांजी मार दी। लेकिन सबसे ज्यादा दुखी तो हमारे बेधड़क भोपाली हैं वो कहते हैं कि हम तो तीन पीढ़ियों से तेल की लाइन में लगे हुए हैं लेकिन तेल ब्राह्मणों को मिल गया। खैर, जिस तरह हँसने वाले हंसने के बहाने ढूंढ लेते हैं, उसी तरह रोने वाले रोने के बहाने ढूंढ़ लेते हैं इसलिए कुछ कहने के बजाय हमें सिर्फ परिणाम पर ध्यान देना चाहिए कि मस्तिष्क को कष्ट दिए बिना बोलने वाले लोग हमारा उखाड़ क्या लेंगे इसलिए चुप रहकर तेल देखो और तेल की मार देखो...।

> **असल में भारत में इन तीनों पप्पुओं का गुरु जॉर्ज सोरोस को माना जाता है इसलिए हमारे एक मित्र का कहना है कि सोरोस ने शायद भारत वाले की स्क्रिप्ट अमेरिका वाले को दे दी इसलिए पीटर ने ब्राह्मणों को तेल मे लपेट दिया लेकिन हमें समझ नहीं आ रहा कि ब्राह्मणों का रुसी तेल से क्या लेनादेना? देसी घी की बात होती तो समझ में भी आता कि हवन,पूज,न भोजन प्रसादी के लिए चाहिए होगा लेकिन भारत के ब्राह्मण रुसी तेल सस्ता खरीदकर महंगा बेच रहे हैं यह बात सुनकर तो लगता कि पप्पू स्टाइल अब पूरी दुनिया में चल चुका है।**

## सेहत मंत्र

# दिल की खतरनाक बीमारी है कन्जेस्टिव हार्ट फ़ेल्योर

जब हमारे हृदय को अपनी जरूरत के हिसाब से रक्त नहीं मिलता, तो उस स्थिति को कंजेस्टिव हार्ट फैल्योर या सीएचएफ कहते हैं। इस अवस्था में दिल के आस-पास की नसों के जरिए खून का संचार सही प्रकार से नहीं हो पाता। कंजेस्टिव हार्ट फैल्योर का सबसे ज्यादा असर फ़ेफड़ों, पैर और पेट पर पड़ता है। सीएचएफ को क्रोनिक हार्ट फैल्योर के नाम से भी जाना जाता है। दिल इस स्थिति के लिए सबसे ज्यादा उच्च रक्तचाप, कोरोनरी हृदय रोग, कार्डियोमायोपैथी और दिल की अन्य बीमारियां जिम्मेदार हैं। लेकिन अगर दिल का दौरा पहले भी पड़ चुका है तो उसका असर बाद में पड़ता है और कंजेस्टिव हार्ट फ़ेलर की स्थिति होती है। कंजेस्टिव हार्ट फ़ेल्योर के कारणः मोटापे के कारण, संतृप्त वसा और उच्च कोलेस्ट्रॉल युक्त आहार का सेवन करना।, उच्च रक्तचाप का होना।, मधुमेह के कारण।, धूम्रपान करने से।, शारीरिक निष्क्रियता के कारण। कंजेस्टिव हार्ट फ़ेल्योर के लक्षणः शारीरिक गतिविधि के दौरान सांस लेने में दिक्कत होना, सामान्य स्थिति में भी सांस लेने में दिक्कत होना, हमेशा थकान का एहसास होना, मांसपेशियों में दर्द होना, टखने और पैर में सूजन होना, पेट में सूजन होना, गले में घरघराहट होना और लगातार खांसी आना। कंजेस्टिव हार्ट फ़ेल्योर का उपचारः दवाओं सेः दवाओं के जरिए दिल की इस बीमारी पर काबू पाया जा सकता है। रक्त संचार को नियमित करने के लिए आप अपने चिकित्सक से सलाह लेकर दवाओं का सेवन कर सकते हैं। दवाओं के सेवन से दिल ठीक से काम करेगा और यह बीमारी नियंत्रित हो सकेगी। हाई ब्लड प्रेशर का इलाजः यदि आपका ब्लड प्रेशर ज्यादा है तो कंजेस्टिव हार्ट फ़ेलर की स्थिति हो सकती है। इसलिए ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रख कर इस बीमारी पर काबू पाया जा सकता है। लाइफस्टाइल में बदलावः दिल की बीमारी के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार लाइफस्टल और खान-पान है। यदि कंजेस्टिव हार्ट फ़ेलर की स्थिति है, तो नियमित रूप से व्यायाम कीजिए, स्मोकिंग बिलकुल न करें, नियमित रूप से डाइट चार्ट का पालन कीजिए, खाने में कम वसा वाले आहार शामिल कीजिए, नमक कम मात्रा में लीजिए।

## धर्म मंत्र

# धन लाभ के लिए दक्षिणावर्ती शंख में गाय का दूध लेकर करें देवी लक्ष्मी का अभिषेक

भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी से आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तक महालक्ष्मी व्रत किया जाता है। ये व्रत मुख्य तौर पर महाराष्ट्रीयन परिवारों में किया जाता है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के अनुसार, इन 15 दिनों में रोज माता लक्ष्मी की पूजा विधि-विधान से की जाती है। इस व्रत के दौरान महालक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए विशेष उपाय किए जाएं तो धन से जुड़ी समस्याओं का समाधान हो सकता है। ये उपाय इस प्रकार हैं... 1. महालक्ष्मी व्रत के दौरान रोज देवी लक्ष्मी के साथ भगवान विष्णु की भी पूजा करें। इससे भी धन लाभ के योग बनते हैं। 2. महालक्ष्मी व्रत के दौरान रोज दक्षिणावर्ती शंख में गाय का कच्चा (बिना उबला) दूध लेकर देवी लक्ष्मी की मूर्ति का अभिषेक करें। 3. महालक्ष्मी व्रत के दौरान रोज किसी लक्ष्मी मंदिर में कमल के फूल अर्पित करें। इससे भी देवी लक्ष्मी की कृपा आप पर बनी रहेगी। 4. इन 15 दिनों कभी भी कमल गट्टे की माला देवी लक्ष्मी को अर्पित करें और बाद में ये माला अपनी तिजोरी में रख लें। 5. देवी पुराण के अनुसार यदि आप धन लाभ की इच्छा रखते हों तो महालक्ष्मी का श्रृंगार सोने, चांदी आदि के आभूषणों से करें। 6. देवी महालक्ष्मी की पूजा में कौड़ी अर्पित करें और बाद में इसे अपने धन स्थान जैसे- तिजोरी या लॉकर में रख लें। 7. महालक्ष्मी व्रत के दौरान श्रीयंत्र या महालक्ष्मी यंत्र अपने पूजा स्थान पर स्थापित करें और रोज इसकी पूजा करें।

## पर्यटन



# सेंट विनसेंट में लें खूबसूरत पहाड़ों के साथ समुद्र में अलग-अलग वॉटर एक्टिविटीज का भी मजा

कैरेबियन आइलैंड पर बसा सेंट विनसेंट बहुत ही खूबसूरत टूरिस्ट डेस्टिनेशन है। जहां यॉट में बैठकर समुद्र घूमने का मजा लिया जा सकता है। यह वॉल्केनो आईलैंड नेचुरली बहुत ही खूबसूरत है। जिसमें स्कूबा डाइविंग से लेकर स्नोर्केलिंग जैसी एक्टिविटीज़ को एन्जॉय किया जा सकता है। यहां कई सारे वॉल्केनो पहाड़ हैं। जिसमें ला सोफियरे सबसे बड़ा पहाड़ है। साल1979 के बाद से इसमें कोई विस्फोट नहीं हुआ है। यहां रहने वाले लोगों को विनसेंटियन्स कहा जाता है लेकिन इनके अलावा यहां ब्रिटिश और फ्रांसीसी लोग भी रहते हैं। 160 किमी के एरिया में फैला सेंट विनसेंट आइलैंड 29 किमी लंबा और 18 किमी चौड़ा है। जो बारबडोस के पूर्व में स्थित है। ये पूरा आइलैंड पहाड़ों और जंगलों से घिरा हुआ है। यहां का औसतन तापमान 18-31 डिग्री के बीच रहता है इसलिए किसी भी मौसम में यहां जाने की प्लानिंग नहीं कर सकते हैं। हां अगस्त में यहां का मौसम सुहावना होता है। जिस दौरान यहां बहुत से टूरिस्ट्स आते हैं। यहां के 95% बीच पर आपको काली रेत देखने को मिलेगी वहीं ग्नेरेडियंस द्वीप में सफ़ेद रेत। काली रेत का इस्तेमाल अब बिल्डिंग इंडस्ट्री में किया जाने लगा है। आईलैंड में घूमने के लिए कई सारी जगहें हैं। हर एक जगह कुछ नया देखने और जानने को मिलता है। साल 2002 में सेंट विनसेंट में अमेरिकन मूवी Pirates of the caribbean: The curse of the black pearl की शूटिंग हुई थी। इसके अलावा और भी कई दूसरी हॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग भी यहां हो चुकी है। कुछ ऐसी है इस जगह की खूबसूरती। है कि यहां कई हॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग भी होती है। यहां तक कि अमेरिकन एडवेंचर फिल्में भी यहां शूट होती हैं। स्थानीय लोगों को भी शूटिंग के दौरान कई मौके मिलते हैं। 2.5 स्क्वेयर किमी में फैले इस छोटे से आइलैंड पर बोट द्वारा ही पहुंचा जा सकता है। ये जगह सनबेथिंग के लिए परफ़ेक्ट है। साउथ ग्नेरेडियंस में टोबैगो केज में स्वीमिंग से लेकर स्नोर्केलिंग दोनों का ही मजा ले सकते हैं। यहां का क्रिस्टल क्लीयर वॉटर टूरिस्टों को अपनी ओर आकर्षित करता है। हरे-नीले पानी और सफ़ेद रेत वाला ये आइलैंड बहुत ही खूबसूरत है।





# श्रीलंका की निगाह विजय अभियान जारी रखने पर, पलटवार करना चाहेगा बांग्लादेश

एजेंसी



दुबई। ग्रुप शरण में अपनी सभी मैच जीत कर उत्साह से भरी श्रीलंका की टीम बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले एशिया कप सुपर 4 के मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। चरिथ असलांका के कुशल नेतृत्व में, श्रीलंकाई टीम ग्रुप बी में तीन मैचों में जीत के साथ शीर्ष पर रही। बांग्लादेश ने दूसरे स्थान पर रहकर अगले दौर में प्रवेश किया। श्रीलंका ने बांग्लादेश को छह विकेट से पराजित किया और फिर उसके बाद हांगकांग और अफगानिस्तान को क्रमशः चार और छह विकेट से हराया। श्रीलंका की बल्लेबाजी का हालांकि अचानक पतन हो जाता है जैसा कि हांगकांग के खिलाफ हुआ था जब पथुम निसांका के अर्धशतक के बाद वह एक समय हार के कगार पर पहुंच गया था। श्रीलंका के लिए कमजोर मध्यक्रम मुख्य चिंता का विषय है। निसांका ने श्रीलंका के लिए बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने तीन मैचों में दो अर्द्धशतकों सहित 124 रन बनाए है। श्रीलंका को उनसे फिर से अच्छी शुरुआत की दरकार होगी। पहले दो मैच में असफल रहने के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने अफगानिस्तान के खिलाफ 52 गेंदों पर 74 रन की आक्रामक पारी खेली, जिससे श्रीलंकाई टीम काफी खुश होगी। बाएं हाथ के बल्लेबाज कामिल मिशारा भी अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन श्रीलंका को मध्यक्रम में कप्तान असलांका, कुसल परेरा और दासुन शनाका से उपयोगी योगदान की उम्मीद होगी। तीनों ग्रुप मैचों में श्रीलंका ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया और उम्मीद है कि शनिवार को यदि श्रीलंकाई टीम टॉस जीतती है तो वह यही क्रम जारी रखेगी। बल्लेबाजी के अलावा श्रीलंकाई टीम ने गेंदबाजी और फील्डिंग में भी शानदार प्रदर्शन किया है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा पांच विकेट लेकर टूर्नामेंट में अब तक चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। दुष्मंथा चमीरा भी नई गेंद से विकेट लेने वालों में शामिल हैं। वानिंदु हसरंगा, असलांका और दासुन शनाका ने बीच के ओवरों में शिकंजा कसा है। लेकिन श्रीलंका को ऑलराउंडर दुनीथ वेल्लालगे की कमी खलेगी, क्योंकि वह अपने पिता सुरंगा के निधन के बाद स्वदेश लौट गए हैं। जहां तक बांग्लादेश का सवाल है तो वह सुपर 4 में श्रीलंका के रहमोकरम पर पहुंचा है। अगर गुरुवार को श्रीलंका अफ़ग़ानिस्तान से हार जाता, तो बांग्लादेश टूर्नामेंट से बाहर हो जाता। बांग्लादेश ने टूर्नामेंट की शुरुआत हांगकांग पर सात विकेट की आसान जीत के साथ की, लेकिन श्रीलंका से छह विकेट से हार गया। अफ़ग़ानिस्तान पर आठ रन की जीत के साथ उसने अपने अभियान को फिर से पटरी पर ला दिया।

# आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप के आधिकारिक गीत 'ब्रिंग इट होम' का अनावरण

एजेंसी



दुबई। महिला क्रिकेट की ताकत, एकता और अटूट जज़्बे का जश्न मनाते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 का आधिकारिक गीत 'ब्रिंग इट होम' का अनावरण किया। इस गीत को भारत की मशहूर गायिका श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज दी है।

इस अवसर पर श्रेया घोषाल ने कहा, आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के आधिकारिक गीत का हिस्सा बनकर मैं बेहद गर्व महसूस कर रही हूं। यह गीत महिला क्रिकेट की ताकत और एकता का उत्सव है। मुझे उम्मीद है कि यह प्रशंसकों को प्रेरित करेगा और उन्हें इस टूर्नामेंट की यादगार लम्हों से जोड़ देगा। यह ऊर्जावान धुन लय, मेलोडी और भावनाओं का संगम है, जो पूरी दुनिया के क्रिकेट प्रशंसकों को जोड़ने का प्रयास करती है। तरिकिटा तरिकिटा तरिकिटा धॉम और धक-धक, वी ब्रिंग इट होम जैसे आकर्षक बोल हर महिला क्रिकेटर के सपनों और जुनून को दर्शाते हैं। गीत के बोलों में समर्पण और एकता की भावना झलकती है। खास पंक्तियां ऽ ह्लपत्थर पिघलाना है, एक नया इतिहास बनाना हैङ्क खिलाड़ियों के संघर्ष और जज़्बे को सम्मान देती हैं। यह गाना स्पॉटिफाई, एप्पल म्यूजिक, अमेज़न म्यूजिक, जियोसावन, यूट्यूब म्यूजिक, इंस्टाग्राम और फ़ेसबुक जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन 30 सितंबर से 2 नवंबर तक होगा। मैच डीवाई पाटिल स्टेडियम (नवी मुंबई), एसीए स्टेडियम (गुवाहाटी), होल्कर स्टेडियम (इंदौर), एसीए-वीडीसीए स्टेडियम (विशाखापट्टनम) और आर प्रेमदासा स्टेडियम (कोलंबो, श्रीलंका) में खेले जाएंगे। टिकटों की बिक्री पहले ही शुरू हो चुकी है, जिसकी कीमतें मात्र ?100 से शुरू हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली बार वनडे श्रृंखला जीतने उतरेगा भारत

**नयी दिल्ली।** दूसरे मैच में रिकॉर्ड जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम शनिवार को यहां तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के निर्णायक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली वनडे श्रृंखला जीतकर विश्व कप से पहले अपनी उम्मीदों को पंख लगाने की कोशिश करेगी। भारतीय महिला टीम अभी तक द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में विश्व चैंपियन आस्ट्रेलिया को नहीं हरा पाई है और अगर वह यहां जीत हासिल करने में सफल रहती है तो इससे उसका 30 सितंबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। ऑस्ट्रेलिया को हराना हालांकि इतना आसान काम नहीं है और अगर भारत को इतिहास रचना है तो उसे खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पहले मैच में बुरी तरह हारने के बाद हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम ने शानदार वापसी करते हुए दूसरे मैच में 102 रन से जीत हासिल की, जो रनों के लिहाज़ से ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी हार थी। यह भारत की भी ऑस्ट्रेलिया पर 12 मैचों में पहली जीत थी। भारतीय टीम की कुछ कमजोरियां भी हालांकि इनमें उजागर हुई। इसमें खराब फील्डिंग भी शामिल है। दूसरे मैच में उन्होंने छह कैच छोड़े और इस तरह से भारतीय टीम दो मैच में 10 कैच छोड़ चुकी है। इनमें से अधिकतर कैच बहुत आसान थे। भारतीय टीम के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है जो चिंता का विषय है। दूसरे मैच में हालांकि गेंदबाजों ने अच्छे मौके बनाए जो टीम के लिए सकारात्मक पहलू है। स्ट्रेस फ्रैक्चर से उबरने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाली तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर और तेज गेंदबाजी ने उनकी जोड़ीदार क्रांति गौड़ ने ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया, जबकि स्पिनरों ने बीच के ओवरों में दबाव बनाए रखा। तेज गेंदबाजी में तीसरे विकल्प के रूप में अरुंधति रेड्डी को शामिल करना भी भारत के लिए अच्छा रहा। लेकिन मेज़बान टीम के एक बार फिर अलग संयोजन के साथ उतरने की उम्मीद है। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, ''इस श्रृंखला में हम हर किसी को मौका देना चाहते हैं। हम कुछ नए संयोजन आजमाने पर ध्यान दे रहे हैं। बल्लेबाजी में भारत का प्रदर्शन दोनों मैच में अच्छा रहा। विशेषकर सलामी बल्लेबाज़ स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल ने दोनों मैचों में टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज बड़ी साझेदारी निभाने में नाकाम रहे हैं। मंधाना ने पिछले मैच में शतक जमाया था और टीम को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। अब हरमनप्रीत, हरलीन देओल और ऋचा घोष जैसी खिलाड़ियों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा विशेष कर तब जबकि जेमिमा रोड्रिग्स वायरल संक्रमण के कारण बाहर हो गई हैं। इस बीच ऑस्ट्रेलिया वापसी के लिए बेताब होगा। उसकी कप्तान एलिसा हीली ने स्वीकार किया कि दूसरे वनडे में उनकी टीम खेल के हर विभाग में नाकाम रही। आठ बार की विश्व चैंपियन टीम अपनी कमियों को दूर करने के साथ–साथ भारत की भीषण गर्मी से सामंजस्य बिठाने के लिए भी उत्सुक होगी। यह हार ऑस्ट्रेलिया के लिए एक झटका थी, जो फरवरी 2024 में दक्षिण अफ्रीका से हारने के बाद से 13 एकदिवसीय मैचों में अजेय रही थी। ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व कप से पहले अपने विजय अभियान पर लौटने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी और इसलिए भारतीय टीम को बेहद सतर्क होकर खेलना होगा। टीम इस प्रकार हैं: भारत: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), उमा छेत्री, हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, तेजल हसब्निस, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, श्री चरणी, राधा यादव। ऑस्ट्रेलिया: एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), ताहलिया मैकग्राथ, डार्सी ब्राउन, निकोल फाल्टम, एशले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, चार्ली नॉट, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शूट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

## हमारे तेज गेंदबाज भारत में 20 विकेट लेने में सक्षम हैं : सैमी

**किंग्स्टन।** वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी का मानना ??है कि उनके तेज गेंदबाजी आक्रमण में इतनी विविधता है कि वह भारतीय हालात में 20 विकेट ले सकता है। उन्होंने अपनी टीम से आगामी दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले न्यूजीलैंड से प्रेरणा लेने को कहा जिसने पिछले साल भारत को उसकी धरती पर हराकर इतिहास रचा था। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट मैच दो अक्टूबर से अहमदाबाद में और दूसरा टेस्ट मैच 10 अक्टूबर से दिल्ली में खेला जाएगा। सैमी ने संवाददाताओं से कहा, ''अब हम ऐसी स्थिति में हैं जहां हमारा तेज गेंदबाजी आक्रमण किसी भी परिस्थिति में विकेट लेने में सक्षम हैं। हमारे पास चार अलग–अलग तरह के तेज गेंदबाज हैं जिनकी अपनी खास विशेषता है। हमारे तेज गेंदबाजी आक्रमण में विविधता है। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजी आक्रमण में अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, एंडरसन फिलिप और जेडन सील्स के अलावा ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स शामिल हैं। सैमी ने कहा, ''हमारे पास शमर जोसेफ है, जो बेहद कुशल गेंदबाज है। हमारे पास जेडन है, जिसका अगला पैर मजबूत है और वह गेंद को दोनों तरफ स्विंग करा सकता है। हमारे पास अल्जारी जोसेफ है जो अपने कद के कारण उछाल हासिल कर सकता है। इस तरह से हमारे पास भारत में टेस्ट मैच में 20 विकेट लेने की क्षमता है।'' सैमी ने कहा कि उनकी टीम न्यूजीलैंड का अनुसरण करना चाहती है, जिसने पिछले साल भारत को 3–0 से हराया था। उन्होंने कहा, ''न्यूजीलैंड ने वहां जाकर अविश्वसनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया और हमें उससे प्रेरणा लेनी चाहिए। लेकिन यह उन चीजों को समझने की बात है जो न्यूजीलैंड ने उन परिस्थितियों में कीं। उम्मीद है कि हमारे खिलाड़ी उनका अनुसरण करेंगे।

## ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम पर धीमी ओवर गति के लिए लगाया गया जुर्माना

**नई दिल्ली।** नई चंडीगढ़ में मंगलवार को खेले गए भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे महिला वनडे में ऑस्ट्रेलियाई टीम को धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना भरना पड़ा। टीम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की सदस्य जी. एस. लक्ष्मी ने यह सजा सुनाई। समय छूट को ध्यान में रखने के बाद भी ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित लक्ष्य से दो ओवर पीछे पाई गई। आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार न्यूनतम ओवर गति के उल्लंघन पर प्रत्येक ओवर के लिए खिलाड़ियों की मैच फीस का 5 प्रतिशत काटा जाता है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने इस गलती को स्वीकार करते हुए जुर्माने को मान लिया, जिसके बाद औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं पड़ी। इस मामले में ऑन–फील्ड अंपायर वृंदा राठी और जननी नारायणन, तीसरे अंपायर लॉरेन एजनबैग और चौथे अंपायर गायत्री वेणुगोपालन ने आरोप लगाए थे। भारतीय महिला टीम ने यह मैच 102 रनों से जीतकर तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में 1–1 की बराबरी कर ली है। पहला मैच ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट से जीता था।

## एसजी पाइपर्स ने कोचिंग स्टाफ में बदलाव किया 17 खिलाड़ियों को बरकरार रखा

नयी दिल्ली। पिछले साल हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद दिल्ली की एसजी पाइपर्स टीम ने अपने कोचिंग ढांचे में आमूलचूल बदलाव करते हुए अगले सत्र के लिए टिम ओडेनलर और सोफी गिएर्ट्स को क्रमशः पुरुष और महिला टीमों का मुख्य कोच नियुक्त किया है। ओडेनलर पूर्व भारतीय कोच ग्राहम रीड की जगह लेंगे, जबकि बेल्जियम की पूर्व खिलाड़ी गिएर्ट्स को डेव स्मोलेनर्स की जगह महिला टीम का मुख्य कोच बनाया गया है। एसजी पाइपर्स पिछले सत्र में आठ टीमों की लीग में अंतिम स्थान पर रहा था। उसकी टीम तब एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई थी। इसके अलावा पाइपर्स ने अपनी पिछली एचआईएल टीम के 24 खिलाड़ियों में से 17 खिलाड़ियों को भी बरकरार रखा है।

# विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025: अंतिम पंघाल ने कांस्य पदक जीतकर दिलाया भारत को पहला मेडल

एजेंसी



नई दिल्ली। ज़ाग्रेब (क्रोएशिया) में चल रही विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में भारत को पहली सफलता अंतिम पंघाल ने दिलाई। 21 वर्षीय अंतिम ने गुरुवार को महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में स्वीडन की ओलंपियन एमा योना माल्मग्रेन को 9-1 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। यह उनके करियर का दूसरा विश्व चैंपियनशिप पदक है। अंतिम ने मुकाबले की शुरुआत में ही 3-0 की बढ़त बना ली थी और दूसरे हाफ में दमदार बचाव के साथ एक शानदार दो अंक तथा अंतिम क्षणों में ग़जब का थ्रो मारकर जीत पक्की की। इस जीत के साथ अंतिम ने भारत को इस संस्करण का पहला मेडल दिलाया। हालांकि, महिला वर्ग में प्रियंका मलिक (76 किग्रा) अपना कांस्य पदक मुकाबला हार गईं। उन्हें ओलंपिक पदक विजेता मिलाइमिस मारिन ने 0-10 से हराया। वहीं मनिषा भानवाला रिपेचेज़ राउंड में बुल्गारिया की बिलियाना डुडोवा से 0-9 से हारकर बाहर हो गईं। दूसरी ओर, भारत के ग्रीको-रोमन पहलवानों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। चारों पहलवान बिना कोई जीत दर्ज किए बाहर हो गए। अनिल मोर (55 किग्रा) का प्रदर्शन सबसे खराब रहा, जब वे अज़रबैजान के विश्व नंबर-1 एल्दानिज़ अज़िज़ली से महज़ 13 सेकंड में हार गए। अमन (77 किग्रा) जापान के नाओ कुसाका से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हारे, जबकि राहुल (82 किग्रा) कज़ाखस्तान के अल्मिर टोलेबायेव से 1-7 से पराजित हुए। 130 किग्रा वर्ग में सोनू को मेज़बान क्रोएशिया के मार्को कोस्सेविक ने 8-0 से मात दी।

## सिंगापुर के खिलाफ भारत पर होगा दबाव, झिंगन मैच के लिये उपलब्ध : जमील

बेंगलुरू। भारतीय फुटबॉल टीम के कोच खालिद जमील ने शुक्रवार को कहा कि सिंगापुर के खिलाफ अगले महीने एएफसी एशियाई क्वालीफायर में अनुभवी डिफेंडर संदेश झिंगन खेलेंगे। झिंगन को ताजिकिस्तान में हाल ही में हुए काफा नेशंस कप के दौरान लगी चोट के बाद गले की हड्डी की सर्जरी करानी पड़ी थी और अब फिट होने की राह पर है। भारत का सामना सिंगापुर से नौ अक्टूबर को कालांग में होगा । इसके बाद रिटर्न मैच गोवा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर खेला जायेगा। जमील ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि झिंगन इन मैचों के लिये उपलब्ध होगा। जमील ने कहा कि भारतीय टीम ने एशियाई कप क्वालीफायर में अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे यकीन है कि यह सिंगापुर के खिलाफ अच्छा खेलेगी। हम पर दबाव रहेगा लेकिन मैं दबाव के बिना काम नहीं कर सकता।

# जीएसटी दरों में कटौती से सरकार पर नहीं पड़ेगा खास राजकोषीय बोझ: क्रिसिल

एजेंसी



कोलकाता। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने शुक्रवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में हाल ही में किए गए बदलाव से सरकार पर कोई खास राजकोषीय बोझ नहीं पड़ेगा। रेटिंग एजेंसी की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने दर कटौती की वजह से अल्पावधि में सालाना करीब 48,000 करोड़ रुपये के शुद्ध नुकसान का अनुमान लगाया है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में कुल जीएसटी संग्रह 10.6 लाख करोड़ रुपये रहा था। रिपोर्ट कहती है कि कुल जीएसटी संग्रह के अनुपात में यह राजस्व नुकसान बहुत अधिक नहीं है। जीएसटी परिषद ने हाल ही में कर दरों को तर्कसंगत बनाते हुए पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब में रखने का फैसला किया है। यह संशोधन 22 सितंबर से प्रभावी होने वाला है जिससे कई उत्पादों और सेवाओं की कीमतों में कमी आएगी।

क्रिसिल ने कहा कि दरों को तर्कसंगत बनाने से अधिक वस्तुएं और सेवाएं औपचारिक कर दायरे में आ सकेंगी, जिससे मध्यम अवधि में कर वसूली में मजबूती मिलेगी। पहले 70-75 प्रतिशत जीएसटी राजस्व 18 प्रतिशत स्लैब से आता था, जबकि 12 प्रतिशत स्लैब से केवल पांच-छह प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब से 13-15 प्रतिशत राजस्व मिलता था। रिपोर्ट के मुताबिक, 12 प्रतिशत स्लैब में शामिल वस्तुओं पर कर घटाने से राजस्व को कोई खास नुकसान नहीं होगा। वहीं, मोबाइल शुल्क जैसी तेजी से बढ़ती सेवाओं पर दरें पहले की ही तरह हैं। वहीं, ई-कॉमर्स डिलीवरी जैसी नई सेवाओं को जीएसटी दायरे में शामिल कर 18 प्रतिशत की दर से कर लगाया गया है। क्रिसिल ने कहा कि कर में कटौती से उपभोक्ताओं की वास्तविक आय बढ़ेगी, जिससे मांग और जीएसटी संग्रह दोनों को प्रोत्साहन मिल सकता है। हालांकि, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उत्पादक कर में बदलाव का लाभ उपभोक्ताओं को किस हद तक पहुंचाते हैं।

# सुजुकी ने मोटरसाइकिल के दाम 18 हजार रुपये तक घटाए, नई दरें 22 सितंबर से होंगी प्रभावी

एजेंसी



नई दिल्ली। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया ने जीएसटी 2.0 सुधारों का पूरा लाभ ग्राहकों को देने का ऐलान किया है। कंपनी ने अपने सभी मॉडलों की कीमतों में 18,024 रुपये तक की कटौती की है। ये नई कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगी। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसएमआईपीएल) ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि वह जीएसटी ४दर में कटौती का फायदा ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए अपने स्कूटर्स और बाइक्स की कीमतों में 18,024 रुपये तक की कटौती करेगी। कंपनी ने कहा कि 22 सितंबर, 2025 से प्रभावी संशोधित कीमतों के साथ ग्राहक इस बचत का आनंद ले सकते हैं। कंपनी ने बताया कि दोपहिया वाहनों के साथ ही कलपुर्जों और अन्य सहायक उपकरणों की लागत में भी कमी आएगी। ये कटौती सरकार द्वारा 350 सीसी से कम क्षमता वाले दोपहिया वाहनों पर जीएसटी दरों में कटौती की घोषणा के बाद की गई है। कंपनी के बिक्री एवं विपणन उपाध्यक्ष दीपक मुटरेजा ने कहा कि हम भारत सरकार के जीएसटी 2.0 सुधारों का स्वागत करते हैं, जो आम जनता के लिए परिवहन को और अधिक किफायती बनाने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। उन्होंने कहा कि त्योहारी सत्र से ठीक पहले दोपहिया वाहनों की मांग बढ़ेगी।

# आईफोन 17 सीरीज की बिक्री शुरू, ऐप्पल स्टोर पर उमड़ी ग्राहकों की भारी भीड़

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत में ऐप्पल के आईफोन के दीवानों की कमी नहीं है। देशभर में आईफोन-17 सीरीज की बिक्री शुक्रवार से शुरू हो गई है। ऐप्पल के लेटेस्ट स्मार्टफोन आईफोन-17, आईफोन-17 प्रो, आईफोन-17 प्रो मैक्स और नए आईफोन एयर की लोगों में गजब डिमांड है। आईफोन-17 खरीदने के लिए लोग बहुत बेताब दिख रहे हैं। आधी रात से ही नई दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और पुणे के ऐप्पल स्टोर्स के बाहर लंबी कतारें दिख रही है। ऐप्पल बीकेसी (मुंबई) और ऐप्पल साकेत (दिल्ली) में प्रवेश करने के लिए लोगों की लंबी कतार लगी हुई है। बेंगलुरु के 'मॉल ऑफ एशिया' में खुले ऐप्पल हेब्बल स्टोर में अच्छी-खासी भीड़ नवीनतम ऐप्पल डिवाइस खरीदने के लिए आई है। ग्राहक ऐप्पल-17 के साथ ही ऐप्पल वॉच और एयरपॉड्स भी खरीद रहे हैं। ऐप्पल आईफोन-17 सीरीज की चाहत रखने वाले पैसे लेकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। आईफोन-17 की कीमत 82,900 रुपये से शुरू है, जबकि आईफोन एयर 1,19,900 रुपये में उपलब्ध है। प्रो मॉडल 1,34,900 रुपये और प्रो मैक?स 1,49,900 रुपये की कीमत पर बिक रहा है। इन सभी मॉडल्स में 256जीबी स्टोरेज बेस है। 48MP कैमरा, इ19 चिप और ProMotion डिस्प्ले मुख्य फीचर्स हैं। प्री-ऑर्डर 12 सितंबर से शुरू हुए थे, लेकिन आज सुबह 8 बजे से ऐप्?पल स्टोर्स खुलते ही भीड़ उमड़ पड़ी। ऐप्पल स्टोर्स के अलावा अमेजन, फ्लिपकार्ट, रिलायंस डिजिटल और क्रोमा पर भी बिक्री शुरू है।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी की भी बढ़ी कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तेजी का रुख बना हुआ है। कीमत में उछाल आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,11,330 रुपये से लेकर 1,11,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,02,070 रुपये से लेकर 1,02,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक का उछाल आया है। इस तेजी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,33,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,11,480 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,02,220 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,11,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,02,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,11,380 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,02,120 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,11,330 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,02,070 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,11,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,02,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,11,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,02,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,02,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,11,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,02,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,11,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,02,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# बिहार विधानसभा चुनाव : दीपंकर भट्टाचार्य ने कांग्रेस को दी पिछली हार से सबक लेने की नसीहत

एजेंसी

कोलकाता। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर खींचतान जारी है। इसी बीच वाम दल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कांग्रेस को पिछली हार से सबक लेने की नसीहत दी है।

कोलकाता में शुक्रवार को मीडिया से बातचीत करते हुए दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा है कि कांग्रेस को इस बार यथार्थवादी रुख अपनाना चाहिए और 2020 जैसी गलती दोहराने से बचना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से भी यह अपील की कि वह छोटे सहयोगी दलों के लिए उदार रुख दिखाए, क्योंकि गठबंधन में नए साथी भी जुड़ने जा रहे हैं।

भट्टाचार्य ने कहा कि उनकी पार्टी इस बार कम से कम 40 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। पिछली बार माले ने 19 सीटों पर चुनाव लड़ा था और उनमें से 12 पर जीत दर्ज की थी। इस मौके पर उन्होंने साफ किया कि महागठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा तेजस्वी यादव ही होंगे और इसमें कोई भ्रम नहीं है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, ल्लमैंने देखा कि कांग्रेस के कुछ नेता करीब 70 सीटों की मांग कर रहे हैं। लेकिन 2020 में उन्होंने 70 सीटों पर चुनाव लड़ा और सिर्फ 19 जीत पाए। इसके मुकाबले 2015 में कांग्रेस ने 40 सीटों पर लड़ा और 27 सीटें जीत लीं। यही संतुलन सही रहेगा। कम सीटों पर लड़कर बेहतर प्रदर्शन करना कांग्रेस और पूरे गठबंधन के हित में होगा।ङ्क

भट्टाचार्य ने कहा कि राजद और कांग्रेस को 2020 की तुलना में इस बार कम सीटों पर समझौता करना होगा, क्योंकि गठबंधन बड़ा हो गया है। वर्तमान में महागठबंधन में राजद, कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, माले (भाकपा माले), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) शामिल हैं। इसके अलावा लोक जनशक्ति पार्टी (पारस गुट) और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) भी जुड़ सकते हैं।

उन्होंने कहा, ल्लहमें कुछ और दलों को जगह देनी होगी। राजद सबसे बड़ा दल है, उसके बाद कांग्रेस आती है, लेकिन दोनों को लचीला रवैया अपनाना पड़ेगा। माले को पिछली बार पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिला था, इसलिए इस बार हम निष्पक्ष हिस्सेदारी की उम्मीद करते हैं।

भट्टाचार्य ने कहा कि इस बार उनकी पार्टी उत्तर और दक्षिण, दोनों बिहार के अधिक जिलों में चुनाव लड़ना चाहती है। भट्टाचार्य ने कहा, ल्लपिछली बार हमने केवल 12 जिलों में चुनाव लड़ा था। लेकिन जहां-जहां लड़े, वहां पूरे गठबंधन का प्रदर्शन बेहतर हुआ।

उन्होंने यह भी कहा कि 2020 में महागठबंधन सरकार बनाने से बस थोड़ा पीछे रह गया था, लेकिन इस बार वे किसी भी हालत में पुरानी गलती नहीं दोहराना चाहते। उन्होंने कहा कि यदि बहुमत बहुत मामूली होगा, तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जैसी पार्टी गंदी चालें चलकर सरकार गिराने की कोशिश करेगी। इसलिए हमें निर्णायक जनादेश चाहिए। भट्टाचार्य ने नीतीश कुमार और भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि वे दिखावा कर रहे हैं कि 2030 तक नीतीश ही मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार रहेंगे, लेकिन जनता में सरकार के खिलाफ गहरा आक्रोश है।

# जीएसटी दरों में सुधार का लाभ किसानों को बताएगा कृषि मंत्रालय

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में सुधार का लाभ किसानों को बताएगा। इस संबंध में शुक्रवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इस बैठक में ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रीकरण संघ (टीएमए), कृषि मशीनरी निर्माता संघ (एएमएमए), अखिल भारतीय कम्बाइन हार्वेस्टर निर्माता संघ (एआईसीएमए) तथा पावर टिलर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीटीएआई) सहित अन्य संबंधित संगठनों के प्रतिनिधियों ने व्यक्तिगत और वर्चुअल माध्यम से भागीदारी की।

बैठक के बाद चौहान ने मीडिया से कहा कि कृषि यंत्रों पर भी जीएसटी की दरें जो पहले 18 प्रतिशत और 12 प्रतिशत थीं, अब घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई हैं। यह



घटी हुई दरें 22 सितंबर से लागू हो जाएंगी। इसका लाभ सीधा किसान भाइयों-बहनों को मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि ट्रैक्टर 35 एचपी अब 41,000 रुपये सस्ता हो गया है। ट्रैक्टर 45 एसपी पर अब 45,000 रुपये सस्ता मिलेगा। वहीं ट्रैक्टर 50 एचपी पर 53,000 रुपये और ट्रैक्टर 75 एचपी पर 63,000 रुपये की बचत होगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बागवानी व निराई-गुड़ाई करने वाले छोटे ट्रैक्टर पर भी बचत होगी। छोटे से लेकर बड़े ट्रैक्टर्स पर जीएसटी दरों में कमी के बाद कीमत कम हो गई है। पावर वीडर- 7.5 एचपी की कीमत अब 5,495 रुपये कम हो गई है। सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिलऽ 11 टाइन अब 10,500 रुपये सस्ता मिलेगा। सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल ऽ 13 टाइन 3,220 रुपये कम कीमत में मिलेगा। हार्वेस्टर कंबाइन पर अब 4,375 रुपये की बचत होगी। वहीं 14 फीट कटर बार का दाम सीधे-सीधे 1,87,500 रुपये कम हो गया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्ट्रॉ रीपर- 5 फीट अब 21, 875 रुपये सस्ता मिलेगा। सुपर सीडर- 8 फीट खरीदने पर 16,875 रुपये बचेंगे। हैप्पी सीडर- 10 टाइन 10,625 रुपये सस्ता हो गया है। रोटावेटर- 6 फीट खरीदने पर 7,812 रुपये की बचत होगी। स्क्वायर बेलर- 6 फीट पर 93,750 रुपये कम होंगे। मल्चरऽ 8 फीट पर 11,562 रुपये की बचत होगी। न्यूमैटिक प्लांटर- 4 पंक्ति 32,812 रुपये कम कीमत में मिलेगा। वहीं ट्रैक्टर माउंटेड स्प्रेयरऽ 400 लीटर क्षमता भी 9,375 रुपये सस्ता मिलेगा।

## छत्तीसगढ़ पीएससी घोटाला : सीबीआई ने पूर्व परीक्षा नियंत्रक और सचिव रहे जीवनलाल ध्रुव सहित पांच लोगों को किया गिरफ्तार

रायपुर। छत्तीसगढ़ पीएससी घोटाला मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को लोक सेवा आयोग की पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक, पीएससी के सचिव रहे पूर्व आईएएस जीवनलाल ध्रुव और उनके बेटे सुमित ध्रुव समेत 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।इसके बाद रायपुर जिला एवं सत्र न्यायालय की विशेष अदालत में पेश किया गया।

सीबीआई ने आज इसी मामले में आरती वासनिक, निशा कोसले, दीपा आदिल, सुमित ध्रुव और जीवन किशोर ध्रुव को गिरफ्तार किया। इससे पूर्व

सीबीआई ने 18 नवंबर को तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी और श्री बजरंग पावर एंड इस्पात के तत्कालीन निदेशक श्रवण कुमार गोयल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 10 जनवरी को पांच और आरोपितों जिनमें तत्कालीन अध्यक्ष तमान सिंह सोनवानी के भतीजे, डिप्टी कलेक्टर के रूप में चयनित नितेश सोनवानी और तत्कालीन डिप्टी परीक्षा नियंत्रक ललित गणवीर , सीजीपीएससी को गिरफ्तार किया गया। इसी वर्ष 12 जनवरी को शशांक गोयल और भूमिका कटियार (दोनों डिप्टी कलेक्टर पद के लिए चयनित) और साहिल सोनवानी (डिप्टी एसपी पद के लिए चयनित) को गिरफ्तार किया गया है। वर्तमान में सभी आरोपित रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं।

## आयुर्वेद मानव स्वास्थ्य और पर्यावरणीय कल्याण के लिए एक स्थायी वैश्विक समाधान है: प्रतापराव जाधव

नई दिल्ली। केन्द्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि वैश्विक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय कल्याण के लिए आयुर्वेद एक स्थायी, एकीकृत समाधान के रूप में अग्रसर है और आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शुक्रवार को राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आयोजित प्रेसवार्ता में 10 वें आयुर्वेद दिवस कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि भारत सरकार ने 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस के लिए निश्चित वार्षिक तिथि के रूप में अधिसूचित करके एक ऐतिहासिक कदम उठाया है, जिससे इसे एक सार्वभौमिक कैलेंडर पहचान मिली है। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष का विषय—ल्ललोगों और विश्व के लिए आयुर्वेदङ्क है। प्रतापराव जाधव ने कहा कि गोवा स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) में मनाया जाने वाले कार्यक्रम में आयुर्वेद के सभी आयमों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने एक समग्र, साक्ष्य-आधारित और पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के रूप में आयुर्वेद की क्षमता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद केवल एक चिकित्सा विज्ञान से कहीं अधिक है- यह एक जीवन शैली है जो व्यक्तियों को उनके पर्यावरण के साथ सामंजस्य स्थापित करने में मदद करती है। आयुष पर पहले अखिल भारतीय एनएसएसओ सर्वेक्षण का उल्लेख करते हुए प्रतापराव जाधव ने ग्रामीण और शहरी भारत दोनों में आयुर्वेद की व्यापक स्वीकृति पर जोर दिया ।

# जनता ने तेलंगाना के ट्रंप को कर दिया किनारे: रेवंत रेड्डी

एजेंसी

नई दिल्ली/हैदराबाद । तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बिना नाम लिए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री केसी राव की तुलना डोलाल्ड ट्रंप से करते हुए कहा कि तेलंगाना की जनता ने उस ट्रंप को किनारे कर दिया है। जो भी स्वशासित राज्य के रूप में प्रशासन चलाता है, वह ट्रंप बन सकता है।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी दिल्ली में आयोजित पब्लिक अफ़ेयर्स फोरम ऑफ इंडिया के 12वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने'विज़न तेलंगाना राइजिंग 2047' विषय पर बात की। उन्होंने कहा कि शासन करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति बेहद ज़रूरी है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की निंदा करते कहा कि तेलंगाना में एक ट्रंप हुआ करता था। अगर रात में कोई विचार मन में आता है, तो अगले दिन आदेश देने से काम नहीं चलेगा। ट्रंप के लिए गए फैसले अमेरिका के लिए नुकसानदेह हैं। मैं हार्वर्ड और स्टैनफोर्ड संस्थानों से बात करूँगा। जो संस्थान खुद को अमेरिकी नहीं कहते, उन्हें भारत आना चाहिए। हम तेलंगाना



में उनका स्वागत करते हैं। हम सभी बुनियादी ढाँचे उपलब्ध कराएँगे। आइए और तेलंगाना में निवेश कीजिए।''

मुख्यमंत्री ने 2047 तक तेलंगाना के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के बारे में बताया। उन्होंने राज्य के सतत विकास के लिए निजी क्षेत्र के सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए 'तेलंगाना राइजिंग 2047' योजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि हैदराबाद में एक करोड़ से ज़्यादा लोग रहते हैं। हम शहर में आरआरआर भी बना रहे हैं। हम मेट्रो, जो अभी 70 किलोमीटर लंबी है, को बढ़ाकर 150 किलोमीटर कर रहे हैं। फ़िलहाल, मेट्रो में रोज़ाना 5 लाख लोग सफ़र करते हैं। हमारा लक्ष्य अगले पांच सालों में इस संख्या को बढ़ाकर 15 लाख करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम गुजरात के साबरमती बीच की तर्ज पर मूसी बीच का विकास करेंगे। इसके लिए हमने मूसी रिवरफ्रंट कॉर्पोरेशन का गठन किया है। हम प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को हैदराबाद से बाहर ले जा रहे हैं। हम इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दे रहे हैं। हम योजनाबद्ध विकास के लिए एक भविष्य का शहर बना रहे हैं। हम हवाई अड्डे से भविष्य के शहर तक कनेक्टिविटी स्थापित करेंगे। हमने केंद्र से हैदराबाद और बेंगलुरु के बीच बुलेट ट्रेन चलाने का अनुरोध किया है। हम तेलंगाना के ग्रामीण इलाकों में कृषि उत्पादों को बढ़ावा देंगे। हमारी राज्य पुलिस नशीले पदार्थों पर अंकुश लगाने में देश में नंबर वन है। रेवंथ रेड्डी ने कहा कि हमारा लक्ष्य 2034 तक एक ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। हमारा लक्ष्य देश की जीडीपी का 10 प्रतिशत तेलंगाना से लाना है।

# लोकतंत्र की जीवंतता के लिए संसद में बहस जरुरी: किरेन रिजिजू

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय संसदीय एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संसद में व्यवधान और शोर भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर संसद में बहस और व्यवधान नहीं होंगे तो और कहां होंगे? जीवंत लोकतंत्र के लिए गरमागरम बहसें आवश्यक हैं, लेकिन शारीरिक अवरोध महत्त्वपूर्ण विधेयकों के पारित होने में रुकावट डालते हैं और संसद की उत्पादकता घटाते हैं। रिजिजू शुक्रवार को इंटरनेशनल आंबेडकर सेंटर में फिक्की लेडीज़ ऑर्गनाइजेशन(एफएलओ) द्वारा आयोजित फ्यूचर फ्रंटियर्स कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हाल ही में संपन्न मानसून सत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकसभा की उत्पादकता 31 प्रतिशत और राज्यसभा की 39 प्रतिशत रही तथा कुल 15 विधेयक पारित किए गए। रिजिजू ने कहा कि केंद्र सरकार हमेशा महिला-नेतृत्व वाले विकास की दिशा में काम कर रही है, क्योंकि महिलाओं का सशक्तिकरण ही समाज के सशक्तिकरण की कुंजी है। कार्यक्रम में अंतरिक्ष यात्री और भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने युवाओं और महिलाओं को जिज्ञासु और नवाचारशील बने रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए अंतरिक्ष अनुसंधान का ल्लस्वर्णिम समयङ्क है। अपने मिशन के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने सामूहिक प्रयास, समावेशिता और बड़े सपने देखने की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष मिशन के दौरान उन्होंने भारत के भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए सामूहिक प्रयास और बड़े सपने देखने के महत्व को सीखा। समावेशिता और अवसर की भावना, कभी हार न मानने और अन्वेषण व नवाचार की भावना को अपनाने का महत्व, युवाओं को यह विश्वास दिलाता है कि वे भी अंतरिक्ष यात्री बन सकते हैं और अंतरिक्ष में भारत के उज्ज्वल भविष्य में योगदान दे सकते हैं।

इस अवसर पर फिक्की एफएलओ की अध्यक्ष पूनम शर्मा ने संगठन के कार्यों का विवरण देते हुए बताया कि एफएलओ ग्रामीण महिलाओं के कौशल विकास, आजीविका संवर्द्धन, वित्तीय साक्षरता से लेकर उद्यमियों के मार्गदर्शन, स्टार्ट-अप और एमएसएमई को प्रोत्साहन तथा नीति स्तर पर लैंगिक समानता की पैरवी तक हर क्षेत्र में सक्रिय है। उन्होंने एफएलओ की प्रमुख पहलों जैसे एफएलओ स्टार्ट-अप, एफएलओ एमएसएमई, एफएलओ हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट, एफएलओ विमेन डायरेक्टर्स, एफएलओ डिजिटल इनिशिएटिव का उल्लेख किया और सस्टेनेबिलिटी इनिशिएटिव तथा एसटीईएम क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को विशेष रूप से रेखांकित किया।

# पेज एक का शेष

## पं. दीन दयाल...

जीडीपी में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाला राज्य 2017 तक देश की आठवीं अर्थव्यवस्था बनकर रह गया,लेकिन डबल इंजन सरकार ने यूपी को फिर से देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प पूरा किया है। सीएम योगी ने कहा कि कश्मीर को कांग्रेस ओर उसके सहयोगियों ने देश के लिए नासूर बना दिया था। कभी लोग कहते थे कि धारा 370 हटाना असंभव है, लेकिन पीएम मोदी ने यह असंभव संभव कर दिखाया। इसी तरह राममंदिर को लेकर जो संकल्प था, वह भी मोदी सरकार ने पूरा किया। याद कीजिए लोग कहते थे कि क्या कश्मीर से अनुच्छेद 370 कभी हट पाएगा। तब दीन दयाल जी ने नारा दिया था कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है और आज उस कश्मीर से अनुच्छेद 370 को सदा के लिए दफन करते हुए उसे भारत का अभिन्न अंग बनाने का महान काम किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीन दयाल जी का मंत्र था कि भारत की अर्थनीति का आधार स्वदेशी होना चाहिए। यही कारण है कि आज (ओडीओपी) योजना और वोकल फॉर लोकल अभियान से लाखों कारीगरों और शिल्पकारों को रोज़गार मिला है। उन्होंने अपील की कि आने वाले त्योहारों में हर नागरिक केवल स्वदेशी उत्पादों का ही उपहार दे। उन्होंने कहा कि विदेशी सामानों से बचकर हमें अपने स्थानीय उत्पादों को खरीदना चाहिए ताकि पैसा हमारे कारीगरों और किसानों तक पहुंचे, न कि आतंकवाद और नक्सलवाद फैलाने वाली ताकतों के पास। उन्होंने कहा कि स्वदेशी है तो स्वावलंबन है, स्वावलंबन है तो स्वाधीनता बनी हुई है और स्वाधीनता है तो हमें सशक्त होने से कोई रोक नहीं सकता। यही पंडित दीन दयाल जी का मंत्र है।समारोह में हुआ स्वदेशी का प्रदर्शन चार दिवसीय महोत्सव में स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी, गो आधारित खेती और नारी स्वावलंबन कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यही आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर यूपी की दिशा है।इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, प्रदेश सरकार में मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण सिंह, जयवीर सिंह, मधुसूदन, सोहनलाल, मनीष अग्रवाल, नरेन्द्र पाठक, सविता, राज्य महिला आयोग अध्यक्ष बबीता चौहान, विधायक पूरन प्रकाश, ठाकुर मेघश्याम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मारक समिति के पदाधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ...

शो के तीसरे संस्करण की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस बार ट्रेड शो में 2,500 प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कई विभागों की तैयारी पर असंतोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि ट्रेड फ़ेयर की तैयारी और आयोजन में किसी प्रकार की कमी नहीं आनी चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी मथुरा जनपद मे आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद गौतमबुद्ध नगर पहुंचें। यहां मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर काफी पुख्ता व्यवस्था की गई है। दो हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इस बैठक के बाद मुख्यमंत्री गाजियाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से यूपी इंटरनल ट्रेड शो का तीसरा संस्करण 25 सितंबर से शुरू शो रहा है। इस ट्रेड शो का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर सकते हैं। उद्घाटन के दौरान कई देशों के राजनिक भी शामिल होंने की उम्मीद है।। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि पीएम और सीएम के कार्यक्रम की सुरक्षा की कमान चार हजार से अधिक पुलिसकर्मियों का हाथ में होगी। इसमें आठ डीसीपी, नौ एडीसीपी, 37 एसीपी, 70 निरीक्षक, 150 उपनिरीक्षक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पीएसी के सात कंपनियां भी तैनात है। एक हजार से अधिक पुलिस अन्य जनपदों से बुलाई गई हैं। -

## सैम पित्रोदा ...

सैम पित्रोदा से कहलवा रहा है कि आतंकी मुल्क पाकिस्तान हमारे लिए घर जैसा है।

ये हमारे सैनिकों का और 140 करोड़ देशवासियों के अपमान है। अगर इनका ये कथन राष्ट्र विरोधी नहीं है, तो और क्या है? कुछ दिन पहले शाहिद अफरीदी ने राहुल गांधी को अपना आदर्श माना था और उसके कुछ समय बाद ही सैम पित्रोदा पाकिस्तान का महिमामंडन करते हैं।

भंडारी ने कहा कि कुछ समय पहले राहुल गांधी ने कहा था कि वो भारतीय स्टेट के खिलाफ लड़ना चाहते हैं। ये भारत की संप्रभुता और अखंडता को, भारत के वीर सैनिकों की वीरता को ये अपमानित करते हैं। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस शासन में थी, तो आतंकी हाफिज सईद ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि कांग्रेस से उसकी गुफ्तगू होती है। तो ऐसा क्यों होता है कि हर पाकिस्तानी आतंक समर्थक राहुल गांधी का महिमामंडन करता है, कांग्रेस का महिमामंडन करता है और अब सैम पित्रोदा ने कहा कि वो पाकिस्तान को अपना घर मानते हैं। इससे ये स्पष्ट होता है कि कांग्रेस की नीति और नीयत देशप्रेम नहीं, बल्कि आतंकी पाकिस्तान प्रेम है। अब आतंकी यासीन मलिक ने अपने एफिडेविट में कहा है कि कांग्रेस शासन में कांग्रेस का प्रशासन उनकी और आतंकी हाफिज सईद की मीटिंग कराना चाहता था और इसमें उस वक्त का प्रधानमंत्री कार्यालय शामिल था।

## भारतीय...

का प्रतीक बना। सेना के इस प्रदर्शन ने एक बार फिर साबित किया कि भारतीय सेना सीमाओं की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सेना ने साफ किया कि सीमा पर शांति बनाए रखना उसकी प्राथमिकता है, लेकिन हर परिस्थिति के लिए आक्रामक अंदाज में तैयार रहना ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है।

## मोदी...

सफलता की भी कामना की। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचार साझा किए और आगे भी संपर्क बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की।थ

## गायक ...

असम लाने की व्यवस्था की जा रही है। वहीं अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि ज़ुबिन गर्ग केवल गायक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक धरोहर थे, जिनकी धुनों ने लोगों को जोड़ा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि उनकी आवाज़ ने एक पीढ़ी को परिभाषित किया और उन्होंने असमिया संगीत की दिशा बदल दी। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने उन्हें असम का सांस्कृतिक प्रतीक बताते हुए कहा कि उनका संगीत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर लिखा, ल्लप्रसिद्ध गायक, गीतकार, संगीतकार और करोड़ों संगीत प्रेमियों के दिलों में अपनी विशेष जगह बनाने वाले, ज़ुबीन गर्ग के सिंगापुर में एक दुर्घटना में असामयिक निधन से मैं स्तब्ध हूं। असम की आवाज़ के रूप में प्रशंसित, कई भारतीय भाषाओं में उन्होंने अपनी आवाज़ से लोगों को मंत्रमुग्ध किया और बहुत ही कम उम्र में एक कल्चरल आइकन का दर्ज़ा प्राप्त किया। दुःख की इस घड़ी में उनके परिजनों, मित्रों और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

## बॉम्बे...

बाद एहतियात के तौर पर इमारत को पूरी तरह से खाली करा लिया गया था। उस समय भी पूरे परिसर की गहन छानबीन के बाद कुछ नहीं मिला था। पुलिस फर्जी ईमेल मैसेज भेजने वाले शख्स की तलाश कर रही है।

## डूसू चुनाव...

उनकी जीत उनकी पूरी टीम की मेहनत का नतीजा है। उन्होंने इसे अपनी टीम को समर्पित करते हुए कहा कि चुनावी सफर में उनका साथ देने वाले सभी लोगों के प्रति वह आभारी हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. राज किशोर शर्मा ने बताया कि इस बार अध्यक्ष पद के लिए 9, उपाध्यक्ष पद के लिए 3, सचिव पद के लिए 4 और संयुक्त सचिव पद के लिए 5 उम्मीदवार मैदान में थे। अध्यक्ष पद पर 59,882 में से 3,175 विद्यार्थियों ने 'नोटा' चुना, जबकि उपाध्यक्ष पद पर 5,820, सचिव पद पर 7,365 और संयुक्त सचिव पद पर 7,314 वोट नोटा को मिले।

उल्लेखनीय है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किरोड़ीमल और हंसराज कॉलेज में ईवीएम पर स्याही लगी पायी जाने के बाद एनएसयूआई ने अभाविप पर चुनाव प्रक्रिया में धांधली करने का अरोप लगाया था। हालांकि चुनाव आयोग ने इसे छात्रों की गलती बताते हुए मशीनों को बदल दिया था। मिरांडा और रामजस कॉलेज में मशीनों में खराबी की शिकायत मिलने पर उन्हें भी बदल दिया गया था। एनएसयूआई के इन आरोपों को अभाविप ने बेबुनियाद बताया था। चुनाव आयोग ने कहा कि स्याही छात्रों की लापरवाही के कारण लगी। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र सोलंकी ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज से एनएसयूआई के आरोप झूठे साबित होंगे। प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जैसे कांग्रेस पार्टी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ती है, वैसे ही एनएसयूआई भी कर रही है।

## भारत ...

1965 के उस कठिन दौर में जब चारों ओर अनिश्चितता और चुनौतियां थीं, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के नेतृत्व में देश ने उनका सामना किया। शास्त्री जी ने उस दौर में न केवल निर्णायक राजनीतिक नेतृत्व दिया, बल्कि पूरे देश के मनोबल को ऊंचाई तक पहुंचाया। उन्होंने 'जय जवान, जय किसान' का ऐसा नारा दिया, जो आज भी हमारे हृदय में गूंजता है। इस नारे में हमारे वीर सैनिकों के सम्मान के साथ-साथ हमारे अन्नदाताओं का गौरव भी शामिल था।

राजनाथ सिंह ने कहा कि 1965 के युद्ध के दौरान कई घटनाओं ने इतिहास में अपना नाम दर्ज करा दिया। फिलोरा की लड़ाई में हमारे सशस्त्र बलों के पराक्रम ने पाकिस्तान की हिम्मत तोड़ दी। इसके अलावा चाविंडा की लड़ाई तो दुनिया की सबसे बड़ी टैंक बैटल्स में गिनी जाती है। वहां भी हमने साबित कर दिया कि कोई भी युद्ध टैंकों से नहीं, बल्कि हौसले और दृढ़ निश्चय से जीता जाता है। वर्ष 1965 के युद्ध में हमारे वीर अब्दुल हमीद ने अपने अकेले साहस से टैंकों की पूरी कतार को जला डाला। उनकी वीरता हमें सिखाती है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी साहस, संयम और देशभक्ति का संगम, असंभव को संभव बना सकता है।---

## प्रधानमंत्री...

इसके अलावा, प्रधानमंत्री गुजरात में 26,354 करोड़ रुपये से अधिक की केंद्रीय और राज्य सरकार की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें चारा पोर्ट पर एचपीएलएनजी रीगैसिफिकेशन टर्मिनल, गुजरात आईओसीएल रिफाइनरी में एक्रिलिक्स एवं ऑक्सो अल्कोहल परियोजना, 600 मेगावाट ग्रीन शू इनिशिएटिव, पीएम-कुसुम योजना के तहत 475 मेगावाट सौर फीडर, 45 मेगावाट बदेली सोलर प्रोजेक्ट तथा धोरडो गांव का संपूर्ण सौरकरण शामिल है। साथ ही स्वास्थ्य, राजमार्ग और शहरी परिवहन से जुड़ी परियोजनाओं की भी शुरुआत होगी।

प्रधानमंत्री मोदी धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र (डीएसआईआर) का हवाई सर्वेक्षण करेंगे, जिसे सतत औद्योगिकीकरण, स्मार्ट अवसंरचना और वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। वे लोथल में लगभग 4,500 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएमएचसी) का भी निरीक्षण करेंगे, जिसे भारत की प्राचीन समुद्री परंपराओं को संरक्षित करने और पर्यटन, अनुसंधान, शिक्षा एवं कौशल विकास के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री...

यही विषय उनकी चर्चाओं में भी प्रमुखता से शामिल होता है। भारत स्थित ब्रिटिश उच्चायोग ने एक बयान में कहा कि ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय ने प्रधानमंत्री मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर एक कदम्ब का पेड़ भेंट किया, जो मित्रता और स्थायित्व के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह उपहार मोदी की 'एक पेड़ मां के नाम' पहल से प्रेरित है, जो नागरिकों को अपनी माताओं के सम्मान में पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह उपहार पर्यावरण संरक्षण पर बढ़ते ज़ोर को दर्शाता है और जलवायु एवं सांस्कृतिक मूल्यों पर भारत और ब्रिटेन के बीच प्रतीकात्मक बंधन को मज़बूत करता है।

उल्लेखनीय है कि कदंब वृक्ष का भारतीय संस्कृति और परंपरा में विशेष महत्व है। इसे भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जोड़ा जाता है और धार्मिक ग्रंथों में इसे पवित्र वृक्ष माना गया है।

# बिहार के मुख्यमंत्री ने एसडीआरएफ वाहिनी मुख्यालय भवन का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पटना जिला के बिहटा में राज्य आपदा रिस्पॉन्स बल (एसडीआरएफ) वाहिनी मुख्यालय के नये भवन का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित भवन एवं पूरे परिसर का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा रिस्पॉन्स बल द्वारा बाढ़ एवं आपदा के समय किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही वहां लगाई गई प्रदर्शनी में आपदा के समय उपयोग किए जानेवाले उपकरणों / साधनों की कार्यपद्धतियों के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित जवानों की हौसलाअफजाई की और कहा कि आपलोग इसी तरह अच्छे से काम करते रहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बाढ़, आगजनी, भूकंप, चक्रवात, नदी में डूबने की घटना आदि आपदा के दौरान खोज, बचाव एवं राहत कार्यों के लिए एसडीआरएफ का गठन एक विशेष प्रशिक्षित बल के रूप में आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत किया गया है। इसके बटालियन के मुख्यालय के लिए पटना के बिहटा में राज्य सरकार के द्वारा 25 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है। बटालियन के अधिकारियों तथा जवानों के आवासन तथा कार्यालय के लिए भवन निर्माण विभाग द्वारा वर्ष 2013 में अस्थायी पोटा केबिन का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि इन अस्थायी संरचना के काफी पुराना हो जाने पर तथा एसडीआरएफ के कार्यबल में बढ़ोतरी के कारण वहां आवासन एवं कार्यालय कार्य के संचालन में काफी कठिनाई हो रही थी। इसलिए उनके निर्देश पर एसडीआरएफ के अधिकारियों एवं जवानों के बेहतर आवासन, प्रशिक्षण एवं कार्यालय के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 267.24 करोड़ रुपये की योजना की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी तथा निर्माण की जिम्मेवारी भवन निर्माण विभाग को दी गयी। दरअसल, आज 04 मंजिला प्रशासनिक भवन का उद्घाटन किया गया है, जिसमें आपदा प्रबंधन विभाग के विभिन्न स्तर के पदाधिकारियों के लिए कार्यालय कक्ष का निर्माण कराया गया है। 03 मंजिला प्रशिक्षण भवन है, जिसमें 06 स्मार्ट क्लास रूम, पुस्तकालय, सभाकक्ष तथा कम्प्यूटर लैब, फैकल्टी चैम्बर एवं कार्यालय कक्ष है।



# एसडीएम और डीएसपी को अगले तीन दिनों में 27 हॉटस्पॉट गांवों के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत करने के आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कपूरथला। पंजाब में कपूरथला के उपायुक्त अमित कुमार पांचाल ने शुक्रवार को धान के मौसम में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए एसडीएम और पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व वाली टीमों को अगले तीन दिनों में 27 हॉटस्पॉट गांवों का दौरा करने और कार्ययोजना प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। पराली प्रबंधन के लिए आज यहां गठित पराली संरक्षण बल की बैठक के दौरान, उपायुक्त ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि वे उन 27 गांवों का व्यक्तिगत रूप से दौरा करें, जहां पिछले मौसम में पराली जलाने की तीन या अधिक घटनायें हुई थीं और लोगों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित करें। इनमें भुलथ के 13, सुल्तानपुर लोधी के 10 और कपूरथला के चार गांव शामिल हैं।

उपायुक्त ने यह भी बताया कि टीम में कृषि और सहकारी समितियों के अधिकारी भी शामिल होंगे।

इसके अलावा, शिक्षा विभाग को निर्देश दिये गये कि वे प्रतिदिन सेमिनार, चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करें।

बैठक के दौरान, कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में 1.17 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में उगायी गयी धान की खेती से अनुमानित 7.54 लाख टन पराली उत्पन्न होनी है, जिसमें से 4.56 लाख टन पराली का खेतों में ही इन-सीटू प्रबंधन के माध्यम से निपटान किया जायेगा, जबकि 2.98 लाख टन पराली का निपटान बेलर आदि बनाकर एक्स-सीटू विधि से किया जायेगा।

उपायुक्त ने कहा कि सहकारिता विभाग तुरंत एक नियंत्रण कक्ष स्थापित करे ताकि लोगों को उनकी आवश्यकतानुसार सहकारी समितियों के माध्यम से पराली प्रबंधन के लिए आवश्यक मशीनरी मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि सिविल और पुलिस की संयुक्त टीमें चारों उप-मंडलों में लगातार गश्त करेंगी। इसके अलावा, 44 नोडल अधिकारी और 200 क्लस्टर अधिकारी आग की घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त ने बताया कि कपूरथला जिले में बेलर के माध्यम से तीन लाख टन पराली एकत्रित करने का लक्ष्य है, जिसका उपयोग बाद में आवश्यकतानुसार बॉयलर में किया जा सकेगा। ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा पराली के भंडारण के लिए सार्वजनिक स्थानों की पहचान पहले ही कर ली गयी है।

उन्होंने बताया कि पिछले सीजन के दौरान कपूरथला जिले में पराली जलाने के मामले लगभग 1,000 से घटकर 300 रह गये थे और आगामी सीजन के दौरान इन्हें और कम करने का लक्ष्य है।

# पंजाब ने 15 हज़ार से अधिक सीआरएम मशीनों को दी मंज़ूरी: खुड्डियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने शुक्रवार को बताया कि राज्य के किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन (सी.आर.एम.) मशीनर उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार ने प्रदेशभर के किसानों के लिए 15,613 सी.आर.एम. मशीनों को मंज़ूरी प्रदान कर दी है। सी.आर.एम. योजना के बारे में जानकारी साझा करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने, पराली जलाने से पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को कम करने और पराली के उचित एवं प्रभावी प्रबंधन के लिए 500 करोड़ रुपये की कार्य योजना तैयार की है। उन्होंने बताया कि राज्य के किसानों ने सब्सिडी प्राप्त करने के लिए 42,476 सी.आर.एम. मशीनों के लिए आवेदन किए हैं। इस सूची में सुपर सीडर की मांग सबसे अधिक रही और इसके लिए 14,493 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके बाद ज़ीरो टिल ड्रिल के लिए 3,771 आवेदन, आर.एम.बी. प्लाऊ के लिए 4,265 आवेदन, मल्चर के लिए 3,844 आवेदन और रेक के लिए 2,015 आवेदन आए हैं। इन मशीनों की क्रमवार सबसे अधिक मांग रही है। श्री खुड्डियां ने कहा कि मंज़ूर की गई 15,613 सी.आर.एम. मशीनों में से लगभग 9,000 मशीनें किसानों द्वारा खरीदी भी जा चुकी हैं। कृषि मंत्री ने किसानों से धान की पराली न जलाने की अपील की ताकि इसके कारण पर्यावरण, वायु गुणवत्ता और मिट्टी की उर्वरक क्षमता पर पड़ने वाले घातक प्रभावों से बचा जा सके। उन्होंने पंजाब के कृषि भविष्य और जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए सरकार द्वारा प्रोत्साहित टिकाऊ पद्धतियों, जिनमें खेत में ही पराली का निपटारा (इन-सीटू) शामिल है, को अपनाने के लिए किसानों को प्रेरित किया। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. बसंत गर्ग ने कहा कि पिछले वर्ष राज्य में 10,909 पराली जलाने की घटनाएँ दर्ज की गईं।

# आईजीआई एयरपोर्ट पर फर्जी वीजा रैकेट का भंडाफोड़, पंजाब से एजेंट गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने एक बड़े फर्जी वीजा रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में एक महिला यात्री को फर्जी वीजा के साथ पकड़ा गया। जिसके बाद पूछताछ में सामने आई सूचना पर पुलिस ने पंजाब के कपूरथला से एक एजेंट को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान सरवान सिंह उर्फ कोहली (52) और अमरजीत कौर (22) के रूप में हुई है। दोनों कपूरथला पंजाब के रहने वाले है। फिलहाल पुलिस इस पूरे गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

आईजीआई के पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने शुक्रवार को बताया कि कपूरथला निवासी अमरजीत कौर लंदन जाने के लिए आईजीआई एयरपोर्ट पहुंची थी। जांच के दौरान उसके पासपोर्ट पर लगा यूके वीजा फर्जी पाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि उसका भाई लंदन में रहता है और बेहतर रोजगार के लालच में वह भी वहां जाना चाहती थी। ''इंटरनेशनल इंग्लिश लैंग्वेज टेस्टिंग सिस्टम'' (आईईएलटीएस) की परीक्षा में असफल होने के बाद वह फर्जी वीजा एजेंटों के संपर्क में आई थी। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि महिला ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि करीब 4-5 महीने पहले उसकी मुलाकात सरवान सिंह उर्फ कोहली से हुई थी। उसने जालंधर में एक ऑफिस में ले जाकर 22 लाख रुपये में यूके वीजा और यात्रा की व्यवस्था कराने का वादा किया। पांच लाख रुपये एडवांस लिए गए थे। करीब एक हफ्ता पहले फर्जी वीजा उसके पासपोर्ट पर लगवाया गया। शुरुआती इनपुट के आधार पर आईजीआई एयरपोर्ट थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार त्यागीकी देखरेख में पुलिस टीम ने छापेमारी कर सरवान सिंह को कपूरथला से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने फर्जी दस्तावेजों के जरिए विदेश भेजने का धंधा स्वीकार किया। पुलिस उसके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है। पुलिसउपायुक्त ने बताया कि सिर्फ सितंबर माह में ही 23 व्यक्तियों को फर्जी वीजा, पासपोर्ट एक्ट, धोखाधड़ी और जालसाजी के मामलों में पकड़ा गया है। वहीं, 25 से अधिक लोगों के खिलाफ दलाली और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में कार्रवाई की गई है। पुलिसउपायुक्त का कहना है कि इस तरह के रैकेट के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और यात्रियों से अपील है कि विदेश यात्रा के लिए केवल वैध माध्यमों का ही सहारा लें।




## आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता फैलाई जाएगी, 7 दिनों तक चलेगा अभियान

**कपूरथला।** पंजाब में कपूरथला के उपायुक्त अमित कुमार पांचाल ने शुक्रवार को जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बीमारियों की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और नगर परिषदों को बाढ़ प्रभावित गांवों में प्रतिदिन फॉगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि घर-घर जाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। इसके अलावा, बाऊपुर स्थित गुरुद्वारा साहिब जैसे सार्वजनिक स्थानों पर एक स्थायी चिकित्सा शिविर लगाया गया है। उपायुक्त ने यह भी आदेश दिया कि आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को बाढ़ के बाद फैलने वाली बीमारियों जैसे त्वचा रोग, पेट संबंधी रोग, डेंगू आदि से बचाव के बारे में जागरूक करें और आवश्यक दवायें भी उपलब्ध करायें। उन्होंने जल आपूर्ति विभाग को प्रभावित गांवों में पेयजल के नमूने लेने और टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित करने के आदेश दिये।

## पंजाब : बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए तीन एंबुलेंस रवाना

मोहाली। पंजाब के मोहाली से शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) नेता व राज्य के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और मोहाली के विधायक कुलवंत सिंह ने बाढ़ प्रभावित इलाकों के लिए तीन एंबुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एंबुलेंसें उन क्षेत्रों में भेजी जाएंगी, जहां बाढ़ के कारण स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं और लोग इलाज के लिए परेशान हैं। इस अवसर पर विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में बीमार और जरूरतमंद लोगों तक समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि इन एंबुलेंसों के जरिए मरीजों को नजदीकी अस्पतालों तक ले जाया जाएगा और उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा विधानसभा का विशेष सत्र बुलाना एक सराहनीय कदम है।

# प्रशांत किशोर ने अमित शाह के बिहार दौरे पर कसा तंज कहा- उनको बताना चाहिए बिहार का पलायन कब रुकेगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दरभंगा। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने अपने बिहार बदलाव यात्रा के क्रम में सारण के अमनौर विधानसभा में सभा को संबोधित किया। कटसा के बावन बीघा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए गृह मंत्री अमित शाह के बिहार दौरे पर निशाना साधा।

प्रशांत किशोर ने कहा कि यह बिहार के लोगों की ताकत है कि मोदी जी, अमित शाह या राहुल गांधी सभी को जमीन पर आना होगा लेकिन सबको बताना पड़ेगा कि बिहार से पलायन कब रुकेगा, बिहार में फैक्ट्री कब लगेगी? गुजरात में फैक्ट्री लग रही है, यह बोल कर बिहार में वोट नहीं ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि यहां के मढ़ौरा की चीनी मिल तभी शुरू हो सकेगी, जब आप इसके लिए वोट करेंगे। चीनी मिल बंद है और आप वोट देकर मोदी को जिताए जा रहे हैं। उन्होंने भाजपा सांसद संजय जायसवाल पर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि संजय जायसवाल जितना फड़फड़ाना चाहते हैं, फड़फड़ा लें। कल पटना में प्रेस कांफ्रेंस कर चौथा किश्त जारी करेंगे, तब सभी लोग धराशायी होकर गिर जायेंगे। इससे पहले प्रशांत किशोर ने अमनौर की जनसभा में जनता से बड़ा वादा करते हुए कहा कि जन सुराज की व्यवस्था बनी तो दिसंबर 2025 से 60 साल से अधिक उम्र के हर पुरुष और महिला को 2000 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। साथ ही जब तक सरकारी विद्यालयों में सुधार नहीं हो जाएगा, तब तक आप अपने 15 साल से कम उम्र के बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाएं और उनकी फीस सरकार भरेगी ताकि गरीब का बच्चा भी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ सके। इसके अलावा प्रशांत किशोर ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि इस साल बिहार की बदहाली की आखिरी दिवाली और छठ होगी। छठ के बाद सारण के युवाओं को 10-12 हजार रुपये की मजदूरी करने के लिए अपना घर-परिवार छोड़कर नहीं जाना पड़ेगा। बिहार भर के ऐसे 50 लाख युवाओं को वापस बुलाकर उन्हें यहीं 10-12 हजार रुपये का रोजगार दे दिया जाएगा।



# सिख भावनाओं को ध्यान में रख श्रद्धालुओं के जत्थे को पाकिस्तान जाने की अनुमति केन्द्र सरकार: जत्थेदार

कैनविज टाइम्स संवाददाता


अमृतसर। श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गरगज्ज ने शुक्रवार को कहा कि आगामी नवंबर में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर भारत से पाकिस्तान जाने वाले सिख तीर्थयात्रियों के जत्थे को न भेजने के फैसले पर पुनर्विचार करे। जत्थेदार गरगज्ज ने राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए आज एक वेबसाइट 'सरकार-ए-खालसा' जारी की। इस अवसर पर पत्रकारों से कहा कि अगर दोनों देशों के बीच क्रिकेट मैच खेलने से आपसी संबंध सुधरते हैं तो मैं नहीं मानता की मैच खेलना कोई बुरी बात है। उन्होंने कहा कि खेल भावना की तरह करोड़ों सिख भावनाओं की कदर करते हुए सिख श्रद्धालुओं के जत्थे को पाकिस्तान जाने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर सरकारें वास्तव में क्षेत्र में शांति और प्रगति चाहती हैं, तो यह जरुरी है कि भारत एवं पाकिस्तान अपने संबंधों में सुधार करें। जत्थेदार ने कहा कि सभी सिख संस्थायें श्री करतारपुर साहिब गलियारा को खोलने की मांग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को सिखों की मांग पर गौर करना चाहिए और पाकिस्तान की सरकार से सुरक्षा प्रबंधों के लिए बात करनी चाहिए। जत्थे की सुरक्षा पाकिस्तान सरकार को करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें पता चला है कि अभी भी दोनों देशों के नागरिक इधर-उधर आ जा रहे हैं, तो फिर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की ओर से भेजे जाने वाले जत्थे को क्यों नहीं जाने दिया जा रहा।

# उत्तराखंड : मलबे में दबा 18 घंटे बाद जिंदा निकला युवक, अब तक सात शव बरामद, दो अभी लापता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। उत्तराखंड के चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र में दैवीय आपदा के बाद राहत और बचाव कार्य के दूसरे दिन एक चमत्कारिक घटना सामने आई। मलबे में दबा एक व्यक्ति लगभग 18 घंटे बाद जीवित निकला, लेकिन उसकी पत्नी और उसके दो बेटों के शव मिले हैं। यहां लापता दस लोगों में अब तक सात लोगों के शव बरामद हो चुके हैं। अभी लापता दो लोगों की खोज के लिए अभियान चलाया जा रहा है। नंदानगर के कुंतरी लगा फाली, सैंती और धुर्मा में गुरूवार की तड़के तीन बजे आसमान से बरसी आफत के साथ आए मलबे में दबकर दस लोग लापता हो गए थे। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ तथा स्थानीय लोगों ने कड़ी मेहनत कर सात लोगों शव के बरामद कर लिए है। इसी मलबे से एक व्यक्ति जीवित निकला है। इस व्यक्ति की पहचान कुंवर सिंह के रूप में हुई है। बरामद सात शवों में कुंवर सिंह की पत्नी कांता देवी और दो पुत्र विकास और विशाल शामिल हैं। अन्य लापता जिन चार लोगों के आज शव बरामद हुए है। उनमें नरेन्द्र सिंह, जगदम्बा प्रसाद और उनकी पत्नी भागा देवी, देवेश्वरी देवी शामिल हैं। सरपाणी के कुंवर सिंह को मलबे से जीवित निकालने के बाद इलाज के लिए हायर सेंटर भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार धुर्मा के गुमान सिंह और ममता देवी अभी भी लापता हैं। जिनकी खोजबीन जारी है।






चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय  कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान  स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063